सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
16.12.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net पौष, कृष्ण पक्ष, अष्टमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 153



12 लंब में किायारा आडवाणी के साथ काम करेंगे मोहित रैना

## न्यूज डायरी

### 18 आइएएस बदले, एक के जिम्मे कई विभाग

**रांची।** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 18 अधिकारियों का स्थानांतरण–पदस्थापन किया है। प्रधान सचिव ग्रामीण कार्य विभाग अजय कुमार सिंह को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ प्रधान सचिव पंचायती राज विभाग का भी अतिरिक्त प्रभार दिया है। वह प्रधान सचिव वित्त विभाग के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगे।

### खूंटी में पीएलएफआइ के दो उग्रवादी गिरफ्तार

**खूंटी।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआइ के जोनल कमांडर सुखराम गुड़िया दस्ते के दो सक्रिय उग्रवादियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जाराकेल जंगल से हथियारों के साथ इनकी गिरफ्तारी हुई।

### इडी के दूसरे समन पर भी नहीं पहुंचे डीएसपी पीके मिश्र

**रांची।** ईडी के दूसरे समन पर भी डीएसपी पीके मिश्रा पूछताछ के लिए गुरुवार को पेश नहीं हुए। बरहरवा टोल प्लाजा कांड में डीएसपी से इडी कई बिंदुओं पर पूछताछ करने वाली थी। पहले डीएसपी को 12 को रांची जोनल ऑफिस में आने को कहा गया था। दुवार फिर 15 को उपस्थित होने को कहा था।

### गढ़वा में बच्चे को मार कर खा गया तेंदुआ

**गढ़वा।** भंडरिया के रोदो गांव में तेंदुए ने एक बच्चे को मार कर खा लिया। रोदो गांव निवासी रामनाथ तुरी का पांच वर्षीय पुत्र बिस्कुट लेने दुकान गया था। इस बीच तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। गुरुवार को घटनास्थल से कुछ दूर बच्चे का कपड़ा पड़ा हुआ था।

गोड्डा में खतियानी जोहार यात्रा - भाजपा और केंद्र पर बरसे सीएम हेमंत

# पूर्ववर्ती सरकार ने लाठी भांजी हमने लोगों को हक दिलाया

- सरकार का लक्ष्य वर्षों से शोषित लोगों को मुक्ति दिलाना
- बिजली काटने और बकाया नहीं देने पर केंद्र पर भड़के

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/गोड्डा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई में चल रही जोहार खतियान यात्रा गुरूवार को गोड्डा पहुंची। सीएम ने इस खतियान यात्रा को मिल रहे अभूतपूर्व प्यार एवं सफलता को ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों को एक अलग पहचान देने तथा बरसों से चल रहे शोषण से मुक्ति दिलाने को आभार यात्रा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गत वर्षों में उनकी



सरकार ने अनेक योजनाएं शुरू की है। चाहे पारा शिक्षकों के लिए काम हो या फिर अपने सरकारी कर्मियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम का मामला, सभी को पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने लोगों को महज लाठी चलाने का काम किया। वहीं सीएम ने बिजली काटने और बकाया राशि नहीं देने पर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। केंध पर सौतेला व्यवहार का आरोप लगाया। सीएम ने कहा, उनकी सरकार ने नियुक्ति नियमावली बनाकर सभी रिक्त पदों को भरने का काम शुरू किया है। जेपीएससी के माध्यम से गरीब लोगों के परिवार को भी वीडियो-सीओ बनने का अवसर मिला है।

**केंद्र पर प्रहार :** केंद्र पर हमला करते हुए सीएम ने कहा कि गैर भाजपा शासित राज्यों के साथ सौतेला व्यवहार हो रहा है। बिजली का बकाया भाजपा शासित राज्यों में अधिक होने के बाद भी उनकी बिजली नहीं कटती है, लेकिन, झारखंड की बिजली काट दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने राज्य का 136000 करोड रुपये का बकाया जब केंद्र से मांगा तो उन्होंने हम लोगों पर जांच एजेंसियां लगा दी। उन्होंने वन अधिकार कानून को संशोधन करने पर भी कड़ा एतराज जताते हुए कहा कि इससे आदिवासियों की जंगल पर अधिकार को समाप्त हो जायेगा।

**सरकार लोगों को अधिकार दिला रही है :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार गांव के हर लोगों तक पहुंचकर उनके अधिकार को दिलाने का कार्य कर रही है। पंचायत तक पहुंचकर अधिकारी उनके अधिकारों को दे रहे हैं। सरकार कुपोषण दूर करने के लिए पशुधन योजना के माध्यम से घर.घर में पुरानी व्यवस्था के तहत माल मवेशी रखने का प्रयास शुरू किया है। गांव को मजबूत बनाने से ही राज्य मजबूत बनेगा। (शेष पेज 11 पर)

हाइस्कूल शिक्षक नियुक्ति मामला

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा, तीन माह के भीतर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करें

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** हाइस्कूल शिक्षक नियुक्ति मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला सुनाते हुए झारखंड सरकार को तीन महीने के भीतर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का आदेश दिया है। गुरुवार को लगातार दूसरे दिन जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस सीटी रवि कुमार की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पूर्व में हो चूकी नियुक्ति को सुरक्षित मानते हुए सरकार को इस केस में याचिका दाखिल करने वाले पेटिशनर को भी नियुक्त करने का आदेश दिया। इसके अलावे शेष बचे पदों के लिए इस परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों का स्टेट लेवल मेरिट लिस्ट तैयार कर नियुक्त करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई की जानकारी देते हुए अधिवक्ता ललित कुमार सिंह ने कहा कि न्यायालय के इस फैसले से नियुक्ति प्रक्रिया में आ रही सभी अड़चनें अब दूर हो गई हैं। इससे पहले बुधवार को राज्य सरकार की ओर से जानेमाने अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पक्ष रखते हुए 2 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गये आदेश के अनुरूप नियुक्ति शुरू होने की बात कहा था।

**कानूनी लड़ाई में उलझा है नियुक्ति मामला :** हाई स्कूल शिक्षक नियुक्ति परीक्षा 2016 मामले में लंबे समय से कानूनी लड़ाई चल रही है।

(शेष पेज 11 पर)

## हाइकोर्ट ने नक्शा स्वीकृति पर रोक जारी रखी, 22 को अगली सुनवाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में रांची नगर निगम से नक्शा स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान और डॉ राजेश कुमार के नक्शा विचलन केस में दायर याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। यह सुनवाई हाई कोर्ट के न्यायाधीश एस चंद्रशेखर और न्यायाधीश रत्नाकर भेंगरा की अदालत में हुई। जहां कोर्ट ने रांची नगर निगम से नक्शा स्वीकृति पर रोक जारी रखी है। सुनवाई के दौरान बताया गया कि रांची नगर निगम में 21 दिसंबर को शाम साढ़े 5 बजे आरआरडीए के अधिवक्ता के अलावा मामले में एमिकस क्यूरी और कई अन्य अधिवक्ता इस डेमोंसट्रेशन का अवलोकन करेंगे। राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि नक्शा स्वीकृति मामले की जांच को लेकर बनी 3 सदस्यीय कमेटी की जांच जारी है। (शेष पेज 11 पर)

## शिक्षा मंत्री को फिर मिली जान से मारने की धमकी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो को दो दिन बाद फिर से जान से मारने की धमकी मिली है। इस बार भी पत्र भेजकर धमकी दी गयी है। मंत्री के डोरंडा थाना क्षेत्र स्थित आवास में स्पीड पोस्ट से पत्र भेजा गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद डोरंडा थाना पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। डोरंडा थाना

### मंत्री के रांची आवास में आये पत्र की जांच में जुटी पुलिस

प्रभारी ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है । इसकी सत्यापन की जा रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। दो दिन पूर्व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के बोकारो स्थित आवास पर धमकी भरा पत्र भेजा गया था।

(शेष पेज 11 पर)

बिहार में जहरीली शराब से 40 मौत एसआइटी गठित,150 से अधिक गिरफ्तार

## नीतीश बोले- जो पियेगा, वो मरेगा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**पटना।** बिहार के छपरा में जहरीली शराब से अब तक 40 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। 30 से अधिर मरीजों का इलाज चल रहा है, जिनकी हालत गंभीर है। मौतें और बढ़ सकती हैं। मशरक के थानेदार रितेश मिश्रा समेत दो लोगों को सस्पेंड किया गया है। जांच के लिए एसआइटी गठित की गयी है। अबतक 150 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। छापामारी जारी है। उधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि जहरीली शराब से शुरू से लोग मरते हैं। सबको अलर्ट रहना चाहिए, क्योंकि जब शराब बंदी है तो खराब शराब मिलेगी ही। जो शराब पियेगा वो मरेगा। थाने के पास सबसे ज्यादा शराब बिकी, सप्लायर खुद वही शराब पीकर मरा। बिहार शराब कांड का मामला संसद में भी उठा और जोरदार हंगामा हुआ। बिहार विधानसभा में इस मामले को लोकर गुरुवार को भी भारी शोरगुल हुआ। सारण के जिलाधिकारी राजेश मीणा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मौत की जानकारी दी। जहरीली शराब प्रकरण में अब तक दो प्राथमिकी दर्ज की गयी है। (शेष पेज 11 पर)



# बाबा खाटू श्याम की कथा को एकाग्रचित्त होकर सुनना फलदायी : पप्पू शर्मा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर तुलसी भवन में तीन दिवसीय संगीतमय श्री खाटू श्याम जी की कथा (शीश के दानी की अमर कहानी) के प्रथम दिन गुरूवार को व्यास पीठ से कथा व्यास श्याम रत्न खाटू वाले पप्पू शर्मा ने बाबा खाटू श्याम के जन्म बारे बताया। उन्होंने श्रद्धालुओं को बताया कि भारत के सबसे प्रसिद्ध कृष्ण मंदिरों में से एक खाटू श्याम का मंदिर मुख्य रूप से बर्बरीक नामक महाभारत के दानव को समर्पित है। इसीलिए खाटू श्याम की जीवन कथा की शुरूआत महाभारत से शुरू होती है। मंगलाचरण से कथा का शुभारंभ हुआ। खाटू नरेश की महिमा का वर्णन करते हुए बाबा के जीवन चरित्र का वर्णन किया उनके विशेष श्रृंगार का उल्लेख किया। कथा व्यास पप्पू शर्मा ने कहा कि श्री श्याम बाबा की कथा को यदि नियम पूर्वक सुना जाए तो मोक्ष तक की प्राप्ति हो सकती है। कथा श्रवण के भी नियम होते हैं मन को एकाग्र करके अपने चित्त को प्रभु के चरणों में लगाकर अगर कथा का श्रवण किया जाए तो सच्चे अर्थों में इसके फल की प्राप्ति होती है। कथा के दौरान उनके भजन लडडू गोपाल मेरा लडडू गोपाल..., अवतार लो अवतार लो..., बाजे रे बाजे ढोल बाजे रे..., मेरे बाबा की खाटू नगरी है..., कब आएगा मेरा सांवरिया... आदि भजनों पर श्याम प्रेमियों ने झूमते हुए अपनी आस्था जतायी एवं खुशी मनाई। इससे पहले सुबह 05.30 बजे मंगला आरती हुई। उसके बाद 06 बजे बाबा का श्रृंगार किया गया। सुबह 08.30 बजे से जजमान पूजा हुई। पहले दिन नौ (09) जजमनों ने पूजा की और बजरंग पंडिम ने पूजा करायी। ज्योत प्रज्जवलन सुबह हुआ, जो दिन भर प्रज्जवलित रहा। भक्त दिन भर ज्योत लेने ओर बाबा का दर्शन करने के लिए आते रहे। संध्या 08 बजे छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। शयन आरती के बाद गुरूवार का कार्यक्रम संपन्न हुआ। फूलों से सजा बाबा का दरबार आकर्षण का केंद्र रहा। आज के इस धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से संस्थापक अध्यक्ष कविता धूत, अध्यक्ष रिंकू अग्रवाल, सचिव पायल सोंथालिया, कोषाध्यक्ष पायल गर्ग, कृतिका गोयल, नितेश धूत, विष्णु गोयल, प्रमोद देबूका, संतोष अग्रवाल आदि का योगदान रहा।



### बिष्टुपुर तुलसी भवन में कथा का प्रथम दिन



## एक नजर में

### लौहपुरुष की स्मृति में पटेल महापरिवार के शिविर में 72 यूनिट रक्तदान




खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** सरदार वल्लभभाई पटेल जी के 72 वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को गोविंदपुर पटेल भवन में आयोजित शिविर में 76 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर सरदार पटेल जी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किया।

संस्था के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष शैलेंद्र सिन्हा, महासचिव संजीव सिन्हा ने कार्यक्रम का संचालन किया। मौके पर पूर्व मंत्री एवं आजसू के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस, प्रो रविशंकर मौर्य, जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह, भाजपा नेता धर्मेंद्र प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह, विमल बैठा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामाश्रय प्रसाद, जिला पार्षद डॉ परितोष सिंह, बलवीर मंडल मुख्य रूप से शामिल हुए।

इसे सफल बनाने में विश्राम प्रसाद, बैजनाथ कुमार, मुकेश कुमार सिंह, सत्येंद्र चौधरी, विश्वनाथ प्रसाद, अनिल कुमार सिंह, राजकुमार राय, बी के सिंह, संतोष कुमार, प्रवीण कुमार, राजेश कुमार एवं पटेल महापरिवार के सक्रिय साथियों का सहयोग रहा। पटेल महापरिवार की ओर यह छठा रक्तदान शिविर था।

### टाटा स्टील फाउंडेशन के जॉब फेयर में नौकरी के लिए पहुंचे 553 दक्ष नौजवान

# टाटा स्टील फाउंडेशन और सीआइआइ के एमसीसी ने लगाया जॉब फेयर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील फाउंडेशन सीआईआई मॉडल करियर सेंटर ने आज बर्मामाइंस में जॉब फेयर का आयोजन किया।

विनिर्माण और सेवा क्षेत्र की कुल 14 कंपनियों ने विशेष रूप से स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, इंटरमीडिएट और मैट्रिक स्तर के लिए 1000 नौकरी की पेशकश के साथ भाग लिया। इस बार, एमसीसी ने उम्मीदवारों को प्रवेश, पंजीकरण और साक्षात्कार प्रक्रिया को त्वरित बनाने के लिए क्यूआर आधारित आईटी समाधान पेश किया। प्रवेश द्वार पर लाइव स्थिति, नियोक्ता काउंटर साक्षात्कार गणना और निकास प्रक्रिया को ट्रैक करने के लिए विकसित आईटी ऐप का उपयोग करके कुल 513 उम्मीदवारों की भागीदारी दर्ज की गई। उम्मीदवारों ने खुद को पंजीकृत करने के लिए टाटा स्टील फाउंडेशन स्किल डेवलपमेंट इनिशिएटिव शॉर्ट-टर्म और लॉन्ग प्रोग्राम के विभिन्न काउंटरों का दौरा किया। कंपनियां व्यावहारिक साक्षात्कार के अंतिम दौर के आयोजन के बाद 15 दिनों के भीतर अंतिम रूप से चयनित या शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों की सूची मॉडल करियर सेंटर के साथ साझा करेंगी। टीएसएफ ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के साथ साझेदारी में जमशेदपुर में मॉडल करियर सेंटर (एमसीसी) की स्थापना की है, जिसका उद्देश्य नौकरी चाहने वालों को सही करियर विकल्प चुनने और बेहतर प्लेसमेंट के अवसर प्रदान करने में सहायता करना है। जॉब फेयर में संयुक्त श्रमायुक्त राजेश प्रसाद मुख्य अतिथि एवं सम्मानित अतिथि के रुप में कौशल विकास केंद्र के प्रमुख कैप्टन अमिताभ और टाटा स्टील के एचआर विभाग के प्रमुख अधिकारी एस पाणिग्राहि उपस्थित थे। विशेष रूप से, एमसीसी ने नौकरी चाहने वालों के आला समूह को एक मंच प्रदान किया है जो या तो अनजान हैं या अन्य जॉब पोर्टल्स तक नहीं पहुँच सकते हैं। जबकि एमसीसी की सेवाएं सभी नौकरी चाहने वालों के लिए खुली हैं, ध्यान समाज के सामाजिक और आर्थिक रूप से हाशिए वाले वर्गों के युवाओं तक पहुंचने पर होगा। दूसरी ओर, एमसीसी कौशल अंतर को कम करने के लिए सही प्रतिभा पूल को काम पर रखने के लिए उद्योगों को सहायता प्रदान करता है।





जॉब फेयर का निरीक्षण करते अतिथिगण, नौकरी के लिए कतारबद्ध युवा।

### सरदार पटेल की बिष्टुपुर प्रतिमा पर पूर्व कोल्हान आयुक्त ने किया माल्यार्पण

**जमशेदपुर।** भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 72 वीं पुण्यतिथि पर उनकी बिस्टुपुर स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई उन्हें याद कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम पूर्व कोल्हान आयुक्त मोहन लाल राय एवं सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार के गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। श्री मोहन लाल राय ने कहा कि सरदार पटेल की महानतम देन थी 562 छोटी -बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके भारतीय एकता का निर्माण करना। संजीव कुमार ने कहा कि उनके दृढ़ इच्छाशक्ति, त्याग एवं देश के प्रति समर्पण की भाव की वजह से उन्हें लौह पुरुष की संज्ञा दी गई। उन्होंने देश को एक सूत्र में बंधा। इस श्रद्धांजलि सभा में ललित कुमार सिंह, ओमप्रकाश, चंद्र मोहन चौधरी, अशोक मंडल, जितेन्द्र कुमार सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, न्यूटन कुमार, प्रशांत पोद्दार, सोनू ठाकुर, कृष्णा यादव, विराज,राजकुमार, अरुण कुमार सिंह, शैलेश कुमार सिंह,उमाशंकर सिंह एवं अन्य लोग शामिल हुए।

### चुना शाह बाबा दरगाह के परिसर विधायक मंगल कालिंदी ने करवायी सफाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** हर गुरुवार विधायक मंगल कालिंदी जमशेदपुर स्थित बिस्टुपुर चुना शाह बाबा दरबार जाते हैं इसी कड़ी में आज वहां जाने के क्रम में विधायक मंगल कालिंदी को मजार समिति के लोगों से जानकारी मिली कि परिसर में मिट्टी का अंबार लगा हुआ है। समिति ने मिट्टी की सफाई कराने का आग्रह किया। जिस पर विधायक ने संज्ञान में लेते हुए मजार में दर्शन करने के बाद उक्त स्थल पहुंचे और मौके पर ही जेएनएसी के अधिकारियों को फोन कर सफाई कराने का आदेश दिया। थोड़े ही देर में जेएनएसी के अधिकारियों द्वारा जेसीबी से मिट्टी के अंबार को साफ कराया गया। मौके पर साथ में जितेंद्र सिंह, मिथुन चक्रवर्ती, मोहम्मद आरिफ, अब्दुल कादिर, सूरज गौड़, सिमरन भाटिया, रजत प्रसाद, नितिन हांसदा एवं चुना शाह बाबा दरबार के सदस्य उपस्थित थे।

### समाजसेवी रानी गुप्ता को ब्रह्माकुमारी ने किया सम्मानित

**जमशेदपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर, अनदेखा भारत -साइकिल यात्रा जो पिछले 6 दिनों से जमशेदपुर के विभिन्न क्षेत्रों में मेरा देश मेरी शान का संदेश लिए भ्रमण कर रही है जिसे अध्यात्मिक संस्था ब्रह्माकुमारीज जमशेदपुर द्वारा आयोजित किया गया है। 13 मार्च को यह भव्य यात्रा सभी साइकिल यात्रियों के साथ बाराद्वारी के कोने कोने में अनेक स्कूल, कॉलेज , विभिन्न संस्थाएं, फ्रूट मार्केट, विभिन्न क्लब मे कार्यक्रम करके लोगों में देशभक्ति की भावनाओं को और सशक्त किया गया। कोल्हान प्रमुख ब्रह्माकुमारी अंजू दीदी के नेतृत्व में, एवं बाराद्वारी ब्रह्माकुमारीज संचालिका ब्रह्माकुमारी सुधा दीदी द्वारा पूरे बाराद्वारी में यह यात्रा धूमधाम से भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। संस्था की ओर से यात्रा का स्वागत करने के लिए रानी गुप्ता को सम्मानित किया गया।

### छोटागोविंदपुर सरदार वल्लभ भाई पटेल स्कूल में मनाया गया शहादत दिवस



प्रतिमा पर माल्यापर्ण करते पार्षद डा पारितोष और रामाश्रय प्रसाद।

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** सरदार बल्लभ भाई पटेल की 72वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल स्कूल (छोटा गोविंदपुर) में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि डॉक्टर परितोष सिंह जिला पार्षद एवं सम्मानित अतिथि दीपक अग्रवाल (डायरेक्टर दास कंपनी) थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के संस्थापक रामाश्रय प्रसाद ने किया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं अन्य सम्मानित अतिथियों के द्वारा सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ परितोष सिंह ने कहा कि सरदार पटेल देश के एक सच्चे निष्ठावान स्वतंत्रता सेनानी के रूप में देश को आजाद कराने का काम किया। आजादी के बाद प्रथम देश के उप प्रधानमंत्री बने उन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए 560 राजे रजवाड़ों को देश के मानचित्र में मिलाकर बहुत बड़ा काम किया ।उन्होंने स्कूल के सभी बच्चे बच्चियों को कहा हमें हमें सरदार पटेल के जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए। सम्मानित अतिथि दीपक अग्रवाल ने श्रद्धांजलि देते हुए बच्चों को कहा कि आप सरदार पटेल की तरह बने।

### नवनियुक्त प्रदेश महासचिव राकेश तिवारी का अभिनंदन

खबर मन्त्र संवाददाता


**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कोल्हान के प्रवक्ता राकेश तिवारी को प्रदेश कांग्रेस का सचिव बनाए जाने पर आज ब्राह्मण समाज के लोगों ने परहित सेवा संघ के संयोजक पंडित जितेंद्र पांडे के नेतृत्व में सोनारी स्थित उनके आवास पर जाकर अभिनंदन एवं सम्मानित किया। ब्राह्मण समाज के लोगों ने कहा कि राकेश तिवारी समाज के और कांग्रेस पार्टी के धरोहर हैं। करोना काल में मंदिरों का पट जब बंद हो गया था तब यहीं आकर जरूरतमंद ब्राह्मणों के बीच महीनों तक अनाज का वितरण करते रहे। हम इनको बहुत आशीर्वाद मंगलकामनाएं देते हैं।



### कबीर मेमोरियल उर्दू हाई स्कूल ने दिवंगत शिक्षक को श्रद्धांजलि दी

खबर मन्त्र संवाददाता


**जमशेदपुर।** कबीर मेमोरियल उर्दू उच्च विद्यालय, मानगो के सेवानिवृत सहायक शिक्षक सय्यद मोहिउद्दीन अहमद मदनी के निधन पर विद्यालय में सोक सभा आयोजित की गई। सभी शिक्षक एवं छात्र/छात्राओं ने दोआएं की, उन्हें अल्लाह जन्नत में जगह अता करे, प्रधानाध्यापक रिजवान अहमद ने कहा कि श्री सय्यद मोहिउद्दीन अहमद मदनी एक कर्मठ शिक्षक एवं समाज सेवक थे। सभी शिक्षक/ शिक्षिकाओं ने भी उन के कार्य शैली की सराहना की। प्रबंध समिति ने उन्हें जिम्मेदार और ईमानदार शिक्षक रूप में याद किया और उन की मगफिरत के लिए दुआएं की।



### 70 वर्ष की उम्र में हर दिन 20 किलोमीटर की दौड़

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सरायकेला-खरसावां जिला अन्तर्गत गम्हरिया स्टेशन रोड के निवासी अचिंतो प्रमाणिक 70 वर्ष के हैं किन्तु वे इस उम्र में भी बिल्कुल फीट हैं। वे हर दिन 20 किमी की दौड़ लगाते हैं। अचिंतो दा ने हाल में जेआरडी टाटा स्पोर्टस कंपलेक्स में संपन्न झारखंड स्टेट मास्टर्स एथलेटिक्स में इन्होने 100, 400 और 1500 मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक जीता हैं। अचिंतो प्रमाणिक ने बताया कि गोवा, हैदराबाद, बेंगलुरु सहित कई प्रतियोगिताओं में वो भाग ले चुके हैं। प्रति किलोमीटर पांच मिनट की गति से दौड़ लगाने वाले अचिंतो गत 16 अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित वेदांता हाफ मैराथन में चौथे स्थान पर और कोलकाता इंटरनेशनल मैराथन के 65 से अधिक आयु वर्ग में एक बार स्वर्ण और एक बार रजत पदक जीत चुके हैं।



### रोजाना खेतों का धान चट कर रहे हैं हाथियों का झुंड, ग्रामीण परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता

**जादूगोड़ा।** बीते मंगलवार को जादूगोड़ा में हाथी की मौत व बाद में वन विभाग की चौकसी के बाद उम्मीद जगी थी की अब किसानो की खेतो में लहलहाती खड़ी फसल पर हाथियों के उत्पात से राहत मिलेगी। उनकी साल भर की मेहनत की फसल बबार्दी से बच जायेगा ।लेकिन हुआ उल्टा। एक ओर वन विभाग ग्रामीणों को सुरक्षा में जुटे होने का दावा ठोक रही है व हाथियों का झुंड तू डाल_ डाल मैं पात_ पात की कहानी को चरितार्थ कर रही है। रोजाना हाथियों का झुंड वन विभाग को चकमा देकर पहाड़ी से तय रास्ते से उतरती है व रात भर खेत चर कर लौट जाती है व वन विभाग को भनक तक नही लगती।



### वार्ड सदस्य सह उप-मुखिया संघ की कमेटी का हुआ विस्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर प्रखंड के वार्ड सदस्य सह उप मुखिया संघ की एक बैठक संघ के अध्यक्ष राकेश चौबे के अध्यक्षता में करनडीह स्थित जमशेदपुर प्रखंड परिसर स्थित पूर्वी कीताडीह पंचायत भवन में संपन्न हुई। इस बैठक में जमशेदपुर प्रखंड से वार्ड सदस्य एवं उप मुखिया उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से मुखिया की तर्ज पर वार्ड सदस्य सह उप मुखिया को भी प्रशिक्षण देने, बकाया मानदेय का भुगतान करने एवं सम्मानजनक मानदेय देने, शिलापट्ट में नाम अंकित करने, विकास कार्यों के अंतिम भुगतान मे हस्ताक्षर अनिवार्य करने की हक अधिकार को लेकर मांग की गई।

### मृतक के परिजनों से मिले विधायक सविता महतो, बांधाया ढांढस

**चांडिल।** नीमडीह के हुटु गांव में बुधवार सुबह झुंड से बिछड़े एक जंगली हाथी ने 87 वर्षीय श्याम गोप को कुचलकर दिया था जिससे श्याम का घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। विधायक सविता महतो ने घटना की सूचना मिलने पर गुरुवार को मृतक के परिजनों से मिले और उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया। विधायक ने परिजनों को निजी स्तर से आर्थिक सहयोग भी किया एवं टार्च और पटाखे भी दिए।

### मदरसा जियाईया दारुल किरात का 22वां उर्स 18 दिसंबर को

# मदरसा जियाईया दारुल किरात में नबीना अशरफ रजा को भी दिया जायेगा सम्मान




उर्स के बारे में जानकारी देते आयोजक गण।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जियाइयां दारुल किरात मदरसा में वार्षिक उर्स मुजाविद आजम हिंद व जशन ए हिफ्ज व किरात प्रोग्राम जो के 18 दिसंबर को सुबह के 9 बजे गरीब नवाज कॉलोनी रोड नंबर 3 में आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी एक संवाददाता सम्मेलन में कारी असलम रब्बानी फाउंडर चेयरमैन मदरसा, अलहाज हाजी रजी नौशाद,समाजसेवी मुख्तार आलम खान और मदरसा के सचिव जनाब सोहैल खान साहब ने संयुक्त रुप से दी। उन्होंने बताया कि उर्स 18 दिसंबर को सुबह के 9 बजे से शुरू हो जाएगा और 2:40 में कुल शरीफ और लंगर बांट का प्रोग्राम को समाप्त किया जायेगा ।समारोह में 17 बच्चों की दस्तार बंदी की जाएगी। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कोलकाता से अल्लामा मौलाना प्रोफेसर सज्जाद आलम मिस्बाही कोलकाता यूनिवर्सिटी,अल्लामा रोशन जमील, अल्लामा मुफ्ती ताजुद्दीन मिस्बाही, अल्लामा मुफ्ती खालिद हुसैन मिस्बाही,मौलाना कमरुद्दीन मिस्बाही, मौलाना शाहबाज मिस्बाही, कारी इम्तियाज आलम, कारी इस्माइल संबलपुर, शायर ए इस्लाम सरफराज उल्फत, बुलबुले बाग ए मदीना आसिफ राजा सैफी के अलावा मशहूर मुकर्रिर और नात खान शामिल होंगे। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुफ्ती सफायत नूरी मिस्बाही, कारी अमजद जियाइया, कारी शागिर अहमद जियाइया और कारी इमरान जियाइया खास तौर से उपस्थित थे।

### नेत्रहीन नबीना मोहम्मद ने पूरी की किरात हिफ्ज का कोर्स



बिना आंखों के नबीना मोहम्मद अशरफ रजा बड़बिल के रहने वाले है इनके पिता मोहम्मद असलम खान एक ड्राइवर हैं। मोहम्मद अशरफ राजा पिछले 5 साल से मदरसा जियाईया दारुल किरात में पढ़ रहे है। इन्होंने कुरान शरीफ हिफ्ज करने के बाद किरात हिफ्ज का कोर्स किया। फिर किरात ए सुबह का कोर्स इस साल पूरा किया। खुशी की बात है के नबीना होने पर हिंदुस्तान में कुछ लोग ही इस तरह के कोर्स कर पाते है। कारी असलम रब्बानी खुद इनको तिलावत की तालीम देते थे। उसी का नतीजा है के आज अशरफ राजा इस मुकाम पर पहुंचे है।

### भोजपुरिया क्रिकेट लीग में पहले राउंड का खेल समाप्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** भोजपुरिया लीग के पहले राउंड का खेल समाप्त हो गया है। आज कुल 5 मैच हुआ जिसमे आर के स्पोर्टिंग, स्ट्राइकर 11, ॐ साई, लिवर पुल, और आखिरी मैच वीर 11 ने जीत हासिल किया। आज के मैच में बतौर अतिथि सत्येंद्र कुमार, वीर सिंह, अभिनव सिंह उपस्थित रहे जिन्होंने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि सभी को खेल भावना के अनुसार खेलना चाहिए। इससे पूर्व दस टीमों में 5 टीमें बाहर हो गई जिसमे पुलिस टीम, बजरंग वारियर्स, प्रिंस 11, बि बि स्पोर्टिंग, आर एन 11 की टीम हारकर बाहर हो गई, कल से दूसरे राउंड का मैच शुरू होगा जिसमे लॉटरी पद्धति द्वारा एक दूसरे टीमों के साथ मैच खेला जाएगा अब तक टोटल 16 टीम बची है जिनके बीच मैच खेला जायेगा हार दिन मैच का रोमांच बढ़ते जा रहा है। टुर्नामेंट सफल आयोजन में मुख्य रूप से हैपी सिंह, विकास कुमार, बिट्टू, रौशन, धीरज समेत अन्य लोग अपनी सराहनीय भूमिका निभा रहे हैं।

# विधायक डॉ शशिभूषण ने किया हाई स्कूल भवन का शिलान्यास, कहा- सभी बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना प्राथमिकता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नीलांबर-पितांबरपुर प्रखंड में पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता ने हाईस्कूल भवन का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक डा मेहता ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक बच्चे को उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध कराना लक्ष्य और प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मैं भी इस विद्यालय का छात्र रह चुका हूं। विद्यालय के विकास का अवसर मिलना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड में हाईस्कूल निर्माण से क्षेत्र के बच्चों को अच्छी शिक्षा सुलभता से उपलब्ध होगी। कहा कि उन्हें उच्च शिक्षा के लिए कहीं दूर नही जाना पड़ेगा। अब





बच्चे मैट्रिक तक की पढ़ाई अपने प्रखंड में ही कर पाएंगे। हाईस्कूल नही होने के कारण बहुत से बच्चों की पढ़ाई छूट जाती थी खासकर छात्राएं पढ़ाई से वंचित रह जाती थी लेकिन अब ऐसा नही होगा। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास है कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के हर पंचायत में हाईस्कूल की स्थापना हो। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, विधायक प्रतिनिधि एवं मुखिया मनदीप मेहता, देवराज कुमार, ओम प्रकाश दुबे, समाजसेवी वीरेंद्र मेहता, दिलीप मेहता, रोशन सिंह, कार्तिक सिंह, भागेश्वर राम, सुधीर तिवारी, भोलानाथ साव, राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य अमरेश कुमार सिंह, सहायक शिक्षक अजय कुमार, विजय प्रकाश, दिलीप प्रसाद, विजय रविदास, विभा कुमारी, ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पर्यटकों की सूचना के लिए जगह-जगह लगेंगे साइनेज

# बेतला नेशनल पार्क के रास्ते में पर्यटन सुविधाओं का होगा संवर्द्धन : आयुक्त

### पलामू एवं लातेहार जिले के विभिन्न विभाग अपने-अपने संबंधित क्षेत्र में करेंगे कार्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने बेतला फॉरेस्ट (पलामू टाइगर रिजर्व) के प्रवेश स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के निमित्त बैठक कर पलामू प्रमंडल के पलामू एवं लातेहार जिले के पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। इस दौरान उन्होंने पर्यटकों की जानकारी एवं सुविधा के लिए पर्यटन स्थल के संबंधित रास्तों में आकर्षक साइनेज लगवाने एवं पर्यटक सुविधा का विस्तार करने, स्थानीय संस्कृति की शोकेसिंग करने आदि सार्थक कदम उठाने का निदेश दिया, ताकि यहां आने वाले पर्यटक क्षेत्र की खूबसूरती को जान-समझ सकें और उन्हें पर्यटन स्थल तक पहुंचने में आसानी हो। आयुक्त ने पलामू एवं गढ़वा जिले से बेतला नेशनल पार्क जाने वाले संबंधित मार्गों पर जगह-जगह पर्यटन स्थल बेतला से जुड़ी जानकारी , वहां पाये जाने वाले वन्य जीवों एवं जैविक विविधताओं से संबंधित सूचना , किलोमीटर अंकित करने, स्लोगन आदि से संबंधित साइनेज लगवाना सुनिश्चित करें, ताकि यहां आनेवाले पर्यटकों को आनंद की अनुभूति हो। साइनेज से पर्यटकों को पर्यटन स्थल एवं वहां की सुविधाओं से संबंधित जानकारी भी मिलेगी। इससे पर्यटन स्थल की आनंदमयी यात्रा भी होगी। उन्होंने कहा कि पर्यटक सुविधा का विस्तार और स्थानीय संस्कृति की शो-केशिंग से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा साथ- ही- साथ पर्यटन का संवर्द्धन भी हो सकेगा। बैठक में पलामू किला के संवर्धन के लिए ऑक्रिलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया से भी अनुरोध किया जाएगा। उन्होंने बेतला फॉरेस्ट के समीपस्थ पर्यटन स्थलों को विकसित करने को लेकर पलामू एवं लातेहार जिले के पदाधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए अपने अपने क्षेत्र में पर्यटन को आकर्षक बनाने का निदेश दिया। इसके लिए सप्ताह में छुट्टी के दिनों में स्थानीय तौर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की जा सकती हैं। उन्होंने साइनेज लगाने के लिए एक निश्चित दूरी का निर्धारण कर लगवाने की बातें कहीं। साथ ही केतकी संगम स्थल पर फॉरेस्ट गेस्ट हाउस का एक प्रस्ताव तैयार करने की बातें कही, जिससे केचटकी संगम स्थल का पूरा दृश्य पर्यटकों को आकर्षित कर सके। उन्होंने पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पर्यटन स्थलों पर ई-रिक्शा का प्रयोग की बातें कहीं इससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सकेगा आयुक्त ने पर्यटन केंद्रों के संवर्धन के लिए अलग-अलग संबंधित विभागों को अपने अपने क्षेत्र के लिए काम करने की बातें कही। बैठक में प्रमंडलीय जनसंपर्क इकाई के उपनिदेशक आनंद, उपनिदेशक कल्याण मतियस विजय टोप्पो, पलामू जिला के खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, लातेहार जिला के खेल पदाधिकारी शिवेन्द्र कुमार, लातेहार जिले के जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कंडुलना आदि उपस्थित थे।

## दुर्व्यवहार से क्षुब्ध प्रखंड सह अंचल कर्मियों ने दिया धरना

**पाटन पलामू।** प्रखंड प्रमुख व पंचायत समिति सदस्यों द्व्वारा बुधवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कर्मियों समेत बीडीओ के साथ दुर्व्यवहार से क्षुब्ध कर्मियों ने गुरूवार को प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना दिया। कर्मियों का कहना है कि प्रमुख व पंसस प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर दिया। जिससे कर्मी बंदी जैसा रहे। तालाबंदी के विरोध में आयोजित धरना में कर्मियों ने कहा कि यह घटना निंदनीय है।

## कब्रिस्तान चहारदीवारी निर्माण का शिलान्यास

**पांकी/तरहसी।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने गुरुवार को पांकी प्रखंड के बहेरा एवं तरहसी पंचायत के उदयपुरा में कल्याण विभाग की ओर से आवंटित कब्रिस्तान चहारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात नारियल फोड़कर किया। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, संजय चंद्रवंशी, अजीत गुप्ता, सुरेंद्र यादव, अध्यक्ष अल्ताफ अंसारी, सचिव छोटू अंसारी, लियाकत अंसारी, इस्लाम अंसारी, जहांगीर मियां, गुलशन अंसारी, अत्तावर मियां सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### धान क्रय केंद्र खुलने से किसानों को होगी सहुलियत

# चैनपुर में धान क्रय केंद्र का शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर पलामू।** चैनपुर सहकारिता विभाग कार्यालय के प्रांगण में धान क्रय केंद्र का शुभारंभ डीएसओ शब्बीर अहमद, जिला सहकारिता पदाधिकारी अश्विनी ओझा, जिप सदस्य प्रमोद कुमार सिंह, रामलव प्रसाद, फैजाएल अहमद, प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष रंजन दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी शब्बीर अहमद ने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसानों कि आय बढ़ाकर लाभ पहुंचाना है। ऐसे में गड़बड़ी करने वाले पैक्स अध्यक्षों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि सुखाड़ की स्थिति में पलामू में धान अधिप्राप्ति एक चुनौती है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष धान खरीद में सभी किसानों को पैसा मिल गया है लेकिन करीब 200 किसानों का मिलना अभी बाकी है। उन्होंने बताया कि धान बेचने के बाद किसानों को 24 से 48 घंटे के अंदर 50 प्रतिशत पैसा दे दिया जाएगा। बाकी मिलर के उठाव के बाद पेमेंट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुखाड़ को लेकर करीब दो लाख से ज्यादा आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि वैसे किसान एक तरफ सुखाड़ का लाभ उठाना चाहते हैं तथा दूसरी तरफ धान की बिक्री करते हैं तो ऐसे फर्जी किसानों को भी बख्शा नहीं जाएगा। जिला सहकारिता पदाधिकारी अश्विनी ओझा ने कहा कि अभी पलामू में सुखाड़ की स्थिति है।

# सनातन धर्म संस्कृति गोरक्षा को लेकर जन जागरण चलाया जायेगा : राघवानंद जी महाराज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सनातन धर्म संस्कृति एवं गौ रक्षा को लेकर पलामू जिले में जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। इसके माध्यम से लोगों में सनातन धर्म के प्रति एवं गौ रक्षा को लेकर कई कार्यक्रम किए जाएंगे। उक्त बातें परिसदन भवन में वृंदावन से पधारे राघवानंद जी महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि मानव जाति कर्तव्यनिष्ठ प्राणी है। सनातन धर्म संस्कृति जाति धर्म पर नहीं बटी है बल्कि इसे बांटने का काम किया जा रहा है। जो देश और समाज के हित में उचित नहीं है। रणधीर जी महाराज ने कहा कि देश आजादी के बाद भी आज हम कई क्षेत्रों में आजाद महसूस नहीं कर रहे हैं। लोग सनातन धर्म संस्कृति को त्याग कर पाश्चात्य संस्कृति को अपना रहे हैं। जो आने वाले पीढ़ी के लिए शुभ संकेत नहीं है। उन्होंने कहा कि गौ रक्षा करना एवं सेवा करना मेरा कर्तव्य है। सनातन धर्म के मूल में गौ माता ही हैं। पलामू जिला एक जागृत जिला है।

### जंगल से भटके दर्जनों हाथियों ने हुसैनाबाद में मचाया उत्पात

# हाथियों के कुचलने से दो लोगों की मौत, ग्रामीणों में दहशत

**गौतम पटेल**

**हुसैनाबाद पलामू।** थाना क्षेत्र में गुरुवार की सुबह से ही ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों के कुचलने से एक ग्रामीण व एक शहरी क्षेत्र के कुल दो लोगों की मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलने पर प्रशासन व वन विभाग की टीम हाथियों को खदेड़ने के लिए प्रयास कर रही है। जानकारी के अनुसार हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के बनियाडीह बराही पंचायत में ग्रामीणों ने सुबह 6 बजे हाथियों के झुंड को आते हुए देखा। इस दौरान कामत गांव के किशुनपुर टोला में खेत में घूम रहे किसान वंशी मेहता उम्र 50 वर्ष को अपना निशाना बनाया,जिसके बाद उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गया। इसके पूर्व परिजन उसे आननफानन में अनुमंडलीय अस्पताल ले गये जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी सुबह से ही पूरे हुसैनाबाद में आग की तरह फैल गया । ग्रामीणों ने इसकी सूचना प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को दिया, लेकिन हाथियों का झुंड तेज रफ़्तार में शहर की ओर जा घुसीं और शहर के वार्ड नम्बर एक प्रखण्ड परिसर होते हुए हरही नदी के रास्ते सभी हाथियों का झुंड शहर के वार्ड नम्बर 13 के हनुमान विगहा के रविदास टोला पर एक अरहर के खेत मे घुस गया। इस दौरान हाथियों के झूंड ने मनोज राम उम्र 45 वर्ष को कुचलकर मार डाला। फिलहाल दोनो मृतक को पुलिस अपने कब्जे लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भेज दिया है।



हाथी ना काल आइल हई गे मईया....

## मृतक के घर में चीख और चीत्कार से माहौल गमगीन

**हुसैनाबाद पलामू।** गुरुवार के दिन हुसैनाबाद में जंगली हाथियों ने दो अलग अलग स्थानों पर ऐसा कहर ढाया कि देखने और सुनने वालों का कलेजा दहल गया। इधर शहर के वार्ड नम्बर 13 में हाथियों के हमले में मृतक मनोज राम के पत्नी शिला देवी और घर में माँ, बहन, बच्चो का रो रो कर बुरा हाल हो गया हैं। उसकी पत्नी बार बार बेहोश हो जा रही थी। वह सिर्फ एक भी बात बोल रही थी हमारे पति सुबह में खेत में घूमने गए थे अरहर में दिखाई नहीं दिया। वहीं उनकी बेटी और शिला ने बार बार सिर्फ एक ही बात बोल रही थी ई हाथी ना काल आइल हई गे मईया...... और बेहोश हो जा रही थी।

### मृतक के आश्रितों को 25-25 हजार नकद

जंगली हाथियों के उत्पात से हुई दोनो मृतक मनोज राम और वंशी मेहता के आश्रितों को वन विभाग की ओर से क्षतिपूर्ती राशि का पहली किस्त में 25-25 हजार रुपया नगद श्राद्ध क्रिया करने के लिए दिया गया। सहायक वनसंरक्षक रामसूरत प्रसाद ने कहा कि सरकार से प्रत्येक मृतक के आश्रित को 375 देने का प्रवधान हैं जो श्राद्ध करने के लिए 25-25 हजार नगद भुगतान दिया गया हैं। शेष राशि परिजनों को प्रक्रिया के तहत मिलेगी।

### वन विभाग ने की घरों में रहने की अपील

क्षेत्र में इतनी बड़ी जंगली हाथियों का झुण्ड शहर तक प्रवेश कर गया और आसपास में देखने के लिए हजारों लोग घटना स्थल तरफ जा रहे हैं। इसे लेकर प्रशासन के लोग भी परेशान है हालांकि वन विभाग के द्वारा पूरे एरिया को कब्जे लेकर आम लोगों को लाउडस्पीकर से अपने अपने घर मे सुरक्षित रहने की अपील किया जा रहा हैं।

## टीम चैलेंजर परिवार ने डीसी समेत कई पदाधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर।** टीम चैलेंजर परिवार ने पलामू के पदाधिकारियों को ज्ञापन सौंप कर शहर में बढ़ते सड़क दुर्घटना के रोकथाम हेतु उचित कदम उठाया। चैलेंजर परिवार ने उपायुक्त ए दोड्डे,पुलिस अधिक्षक चंदन कुमार सिन्हा,जिला परिवहन पदाधिकारी,मोटर यान निरीक्षक ,टैफिक प्रभारी शहर थाना और एनएच एआई के कार्यपालक अभियंता पलामू को ज्ञापन सौंप कर दुर्घटना को नियंत्रित करने हेतु उचित कदम उठाने की मांग की। उपायुक्त ने चैलेंजर परिवार के सुझाव व मांगों पर आश्वस्त किया कि सड़क दुर्घटना रोकने के लिए बेहतर कदम उठाये जायेंगे। एसपी चंदन सिन्हा ने त्वरित करवाई करते हुए ट्रैफिक प्रभारी को कॉल करके रांची रोड स्थित भगवती हॉस्पिटल, डीएनटी पेट्रोल पंप व हवाई अड्डे पास बैरिकेडिंग लगवाकर एक अच्छे अफसर की भूमिका निभाई।

### सांसद ने केंद्रीय रेलमंत्री से मुलाकात कर की रेलवे से जुड़ी विषयों पर चर्चा

# झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन के पुन: परिचालन की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित संसद भवन में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे से जुड़ी विषयों पर चर्चा की। सांसद श्री राम ने कहा कि रेलवे बोर्ड द्वारा ठंड में कोहरे का बहाना बनाकर वर्षों से 12873/12874 हटिया-आनंद विहार अप/डाउन झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस का परिचालन रद्द कर दिया जाता है। ऐसा लगता है कि ठंढ के मौसम में उपरोक्त एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन रद्द करने की एक परंपरा सी बन गयी है। इस वर्ष भी रेलवे ने कोहरे का बहाना बनाकर 1 दिसम्बर 2022 से 28 फरवरी 2023 तक उक्त ट्रेन का परिचालन रद्द करने का निर्णय लिया है। पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर जोन के सीपीटीएम की ओर से विगत 11 नवंबर को इस आशय से संबंधित एक अधिसूचना निर्गत कर दी गयी है। विदित है कि उक्त ट्रेन से सर्वाधिक लाभ पलामू संसदीय क्षेत्र के दोनों जिलें क्रमशः पलामू एवं गढवा के लोगों को मिलता है। देश की राजधानी से कनेक्ट होने और दिल्ली में उच्चतर चिकित्सा संस्थान में इलाज हेतु आने जाने के लिए झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस सर्वोत्तम साधन है। इसके अतिरिक्त लातेहार जिला और पड़ोसी राज्य यूपी के सोनभद्र जिले के लोगों की दिल्ली तक की यात्रा के लिए उक्त ट्रेन काफी उपयोगी है। पलामू, गढ़वा, लातेहार (झारखंड) एवं सोनभद्र (उत्तर प्रदेश) आकांक्षी जिलों की सूची में शामिल हैं। उपरोक्त जिले के विद्यार्थियों, व्यवसायियों एवं मरीजों के आवागमन के साधन को बढ़ाने के बजाय तीन माह के लिए कम करना उचित नहीं है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को पुराने और बेतुके निर्णय की परंपरा को समाप्त करने के लिए ही जाना जाता है। परंतु कोहरे का बहाना बनाकर झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन का तीन महीने तक परिचालन रद्द करने की परंपरा नहीं टूट रही और इस बार भी परिचालन रद्द करने का परंपरागत निर्णय जारी कर दिया गया है। उक्त आदेश को रद्द करते हुए झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन का पुनः परिचालन करने की मांग किया। इसके साथ-साथ रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12453/ 12454 अप/डाउन का नगर उंटारी रेलवे स्टेशन पर ठहराव का भी मांग किया।

# बीइइओ ने गुरु गोष्ठी में की कई शिक्षा योजनाओं की समीक्षा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** राजकीयकृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रशाल में मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन गुरुवार को किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हरेंद्र कुमार तिवारी ने की और संचालन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी ने किया। मासिक गुरु गोष्ठी में प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी विद्यालय के प्रभारी शिक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान विद्यालयों का रंग रोगन, ई कल्याण छात्रवृत्ति, यूनिफार्म, सावित्रीबाई फुले योजना, मुख्यमंत्री समान छात्रवृत्ति योजना समेत कई विषयों पर समीक्षा की गई। मौके पर बीईओ श्री तिवारी ने कहा कि 20 दिसंबर 2022 तक जिन विद्यालयों के प्रभारी शिक्षकों के द्वारा अधूरे कार्यों को नहीं किया गया तो कार्य के प्रति लापरवाही के आरोप में उनका वेतन तथा मानदेय पर रोक लगा दिया जाएगा। वही बीपीओ मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि यू डैस फॉर्म 2 से 3 दिनों के अंदर कंप्लीट करें अन्यथा कार्रवाई होगी। मौके पर डाटा ऑपरेटर संजीत कुमार, प्रणव पाठक, सहायक शिक्षक मृत्युंजय पाठक, रामफल उरांव, गोविंद प्रसाद, मालती देवी, सहायक अध्यापक कैशर राजा अहमद,सेठा यादव यशवंत यादव समेत काफी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

# परशुराम सेना युवा वाहिनी ने कराया मामला दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** धार्मिक व जातिय भावना भड़काने के खिलाफ राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी ने साईबर सेल में शिकायत दर्ज कराया है। गुरुवार को राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के सदस्यों ने साईबर सेल में पहूँचकर असगर अली व राजा रवि के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। इस संबंध में सेना के सदस्यों का कहना था कि की इस तरह के पोस्ट से सामाजिक विद्वेष फैलाने की साजिश चल रही है। सेना के प्रमंडलीय महासचिव राजीव रंजन पांडेय(बबल)के नेतृत्व में साईबर सेल में मामले को दर्ज कराने के बाद सेना सदस्यों ने कहा कि एक वर्ष पूर्व भी अलीशान अली को इस तरह का पोस्ट करने के बाद मौखिक तौर पर समझाने का प्रयास किया गया था लेकिन अलीशान अली के द्वारा इस तरह की हरकत लगातार करते रहने के कारण मुकदमा दर्ज कराया गया है।

### 21 दिसंबर को विस के समक्ष महाधरना देंगे कर्मचारी

# जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होंगी आंदोलन जारी रहेगा : अरुणधर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा की बैठक सत्यम होटल में की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अरुणधर दुबे ने कहा कि सरकार हम सभी वितरहित शिक्षण संस्थान के कर्मचारियों के साथ दोहरा नीति अपना रही है।

जबकि हम सभी वितरहीत इंटरमीडिएट कॉलेज, मदरसा, संस्कृत उच्च विद्यालय, महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी सरकारी कर्मचारियों की तरह सामान्य रूप से काम करते हैं।

## पूर्व मुखिया पुत्र अमित ने दी प्रभावित परिवार को सहायता

**मनातू पलामू।** मनातू प्रखंड के बंशी ग्राम में शॉर्ट सर्किट से मकान जलने की जानकारी मिलने पर बंशी मुखिया उदय सिंह के पुत्र अमित सिंह प्रभावित परिवार के घर जाकर उनका हाल जाना। साथ ही उन्होंने प्रभावित परिवार संतोष प्रसाद की पत्नी बबीता देवी को नगद 10हजार रूपये और अन्य कई सामग्री उपलब्ध कराये। साथ ही मुखिया प्रमिला देवी ने तत्काल शेड का स्वीकृति भी किया। मुखिया पुत्र अमित सिंह ने कहा कि बबिता देवी का मकान में शॉट शर्किट से आग से पूरा मकान जल कर खाक हो गया था।

### सरदार पटेल की 72वीं पुण्यतिथि पर एसडीएम ने दिलायी एकता की शपथ

# सरदार पटेल देश के सर्वमान्य नेता थे : संजय सिंह यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के पटेल चौक स्थित देश के प्रथम गृहमंत्री व भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 72वी पुण्यतिथि तिथि के अवसर पर कई कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का आयोजन पटेल विचार मंच के तत्वावधान में किया गया। सबसे पहले सुबह 7 बजे आयोजन समिति और सरस्वती विद्या मंदिर,तथा एनसीसी कैडेट्स के द्वारा एकता दौड़ का आयोजन किया गया। इसके बाद सरदार लौह पुरूष के आदमकद प्रतिमा पर प्रशासनिक और राजनीतिक सामाजिक लोगों ने माल्यार्पण किया। मौके पर पूर्व विधायक संजय सिंह यादव ने कहा कि सरदार पटेल इस देश स्वतंत्रता संग्राम महानायक थे। वे देश के सर्वमान्य नेता थे। उनकी दृढ़ इच्छा शक्ति के कारण ही आज हमलोग एक विशाल भारत देश के नागरिक कहलाते हैं। वहीं अनुमण्डल पदाधिकारी ने उपस्थित सभी स्कूली बच्चों एवं उपस्थित लोगों को भारत की एकता और अखंडता व सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाया। इसके बाद पटेल की जीवनी पर विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता अनुज चौधरी तथा संचालन पत्रकार गौतम पटेल ने किया।

मौके पर कई वक्ताओं ने उनके जीवन चरित्र का वर्णन किया तथा समाज मे एकता और अखण्डता बनाने पर बल दिया। कार्यक्रम धन्यवाद सह समापन अवधेश तिवारी ने किया। मौके पर हुसैनाबाद उतरी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य राजू मेहता, हुसैनाबाद आरक्षी निरीक्षक दीपक कुमार, महिला एवं बाल सरंक्षण थाना के एसआई चंद्रदीप प्रसाद,नगर उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी,पूर्व नगर अध्यक्ष उषा देवी,रामेश्वर राम उर्फ छठन ,मंच के सचिव सूर्यनाथ पासवान,वार्ड पार्षद उमरावती देवी, उमा देवी,डॉ ऐजाज आलम, डॉ मलय प्रसाद, मनोज शर्मा, अजय प्रसाद गुप्ता, प्रदीप पटेल, धीरेंद्र पटेल, शशिकांत पटेल, बिनय चौधरी, मंदीप चौधरी, इम्तेयाज आलम, सुधीर पटेल, राजीव ठाकुर, तेतरी कुवँर, अजित चौधरी समेत सैकड़ो लोग एवं स्कूली बच्चे शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## मांडर : कुआं से अधेड़ का शव बरामद

**मांडर।** थाना क्षेत्र के करगे गांव में पचास वर्षीय जलेश्वर साहू का शव उसके घर से कुछ दूर स्थित एक कुएं से बरामद किया गया। घटना गुरुवार सुबह की है। परिजनों के अनुसार जलेश्वर का बुधवार शाम से कुछ पता नहीं चल पा रहा था जिसे लेकर परिजन काफी परेशान थे। गुरुवार सुबह किसी ने शव के कुएं में होने की बात बताई जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। थाना प्रभारी विनय यादव के अनुसार पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने संभावना जताई कि अंधेरे में कुआं में गिरने से जलेश्वर की मौत हुई होगी।

## असहायों के बीच कंबल का वितरण

**ठाकुरगांव।** भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कमलेश राम ने गुरुवार को कांके प्रखंड के सुदूरवर्ती चिरुआ गांव में असहायों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर भाजपा नेता ने 75 बुजुर्गों के बीच कंबल वितरण किया साथ ही 60 बच्चों को गर्म कपड़ा दिया। इस अवसर पर कमलेश राम ने कहा कि ठंड के समय मे असहायों के बीच कंबल वितरण करने से उन्हें काफी सुविधा होती है। साथ ही उन्होंने कहा कि जल्द ही अन्य गांवों में भी कंबल वितरण किया जायेगा। मौके पर मंडल अध्यक्ष गोपाल महतोएरणविजय शाहदेवएबिजय मिनोचाएममता मिनोचाएहीरालाल महतो, लखन उरांव मौजूद थे।

## सब्जी उत्पादन एवं नर्सरी प्रबंधन प्रशिक्षण 19 से

**सिल्ली।** रुडसेट संस्थान सिल्ल मे आगामी 19 दिसंबर दिन सोमवार से 10 दिवसीय सब्जी उत्पादन एवं नर्सरी प्रबंधन प्रशिक्षण प्रारम्भ होने वाला है। इसकी जानकारी देते हुए संस्थान के जगदीश चन्द्र महतो ने कहा है कि इच्छुक बेरोजगार युवक एवं युवतियां जिनका उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच है वे संस्थान कार्यालय में 18 दिसम्बर तक अपना नामांकन सुनिश्चित करा सकते हैं। प्रशिक्षण पूर्णत नि:शुल्क होगा एंव प्रशिक्षण के दौरान भोजन, ड्रेस तथा आवास व्यवस्था नि:शुल्क रहेगा।

## असहायों के बीच कंबल का वितरण

**ठाकुरगांव।** भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कमलेश राम ने गुरुवार को कांके प्रखंड के सुदूरवर्ती चिरुआ गांव में असहायों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर भाजपा नेता ने 75 बुजुर्गों के बीच कंबल वितरण किया साथ ही 60 बच्चों को गर्म कपड़ा दिया। इस अवसर पर कमलेश राम ने कहा कि ठंड के समय मे असहायों के बीच कंबल वितरण करने से उन्हें काफी सुविधा होती है। साथ ही उन्होंने कहा कि जल्द ही अन्य गांवों में भी कंबल वितरण किया जायेगा। मौके पर मंडल अध्यक्ष गोपाल महतोएरणविजय शाहदेवएबिजय मिनोचाएममता मिनोचाएहीरालाल महतोएलखन उरांव मौजूद थे।

## लांदुपडीह में 22 लोगों में मोतियाबिंद के लक्षण पाये गये

**सोनाहातू।** प्रखंड के पूर्वी जोन के लांदुपडीह हाई स्कूल परिसर में भगवान महावीर आई केयर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ;जैन समाजद्ध और गूंज परिवार के तत्वावधान में मोतियाबिंद जांच और सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ अमित रंजन, डॉ अरशद राजा, डॉ दुबराज महतो, की टीम ने 57 लोगों के आँखों का जांच किया जिसमें 22 लोगों में मोतियाबिंद के लक्षण पाये गये। इसके अलावा डॉ राहुल राज की टीम ने 38 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर दवा दिये।

## गूंज महोत्सव सहायतार्थ जारी किया गया कूपन

**सिल्ली।** गूंज महोत्सव के आयोजन के लिए गूंज परिवार के सदस्यों द्वारा गूंज महोत्सव सहयोग कूपन जारी किया गया। या कूपन 50 तथा 100 रुपए की है। गूंज परिवार के सदस्य पूर्व जिला परिषद सदस्य गौतम कृष्णा साहू ने बताया कि आगामी 18 से 20 दिसंबर तक चलने वाले गूंज महोत्सव का सफल आयोजन के लिए यह महोत्सव सहयोग कूपन जारी किया गया है।

# सिल्ली: गूंज महोत्सव में खेल, शिक्षा और कला प्रेमियों का लगेगा जमघट, मिलेगा सम्मान

### स्वयंसेवकों संग विधायक सुदेश महतो ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली स्टेडियम परिसर में आगामी 18, 19 व 20 दिसंबर को आयोजित तीन दिवसीय गूंज महोत्सव को सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को स्वयंसेवकों की एक बैठक गूंज के संरक्षक सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता हुई। बैठक में महिला समिति सदस्य, बुद्धिजीवी मंच के सदस्य एवं आजसू कार्यकर्ता शामिल हुए। महोत्सव की रूपरेखा एवं सफल आयोजन को लेकर सुदेश कुमार महतो ने स्वंयसेवकों को कई दिशा निर्देश दिए। वहीं उन्होंने उद्घाटन समारोह के भव्य आयोजन के सम्बन्ध में कहा कि 18 दिसम्बर को महोत्सव के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेश वैश होंगे। मुरी टुंगरी से 5000 छऊ कलाकारों का रोड शो, स्टेडियम परिसर में सामूहिक छऊ नृत्य एवं स्थानीय विद्यालय के 1500 छात्र छात्राओं का का सामुहिक नृत्य प्रस्तुति की तैयारी है। उन्होने स्थानीय पुलिस एवं स्वयं सेवकों को स्टेडियम परिसर, रांची पुरुलिया मुख्य पथ पर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने एवं भारी वाहनों को सिल्ली मुरी में प्रवेश पर रोक लगाने को लेकर समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र का सवार्गीण विकास ही गूंज महोत्सव का उद्देश्य है। महोत्सव एक सास्कृतिक मंच ही नहीं बल्कि विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने एवं भावी योजनाओं की कार्य योजना बनाना है। इस बार महोत्सव लोक कल्याणकारी योजनो के साथ ही सिक्षा और स्वास्थ्य पर आधारित होगा। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिये जनहित में योजनाएं धरातल पर उतरेंगी। सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के सभी सरकारी हाईस्कूलों में स्मार्ट क्लास की शुरूआत की जायेगी। संचालन गूंज के अध्यक्ष सुनील सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन बीडीओ पावन आशीष लकड़ा ने किया।



### मौके पर थे मौजूद

मौके पर गूंज के संयोजक जयपाल सिंह, पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक, पंचायत प्रतिनिधि सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप,मुरी ओपी प्रभारी बबलु कुमार, सिल्ली पोलेटेकनिक, सिल्ली कालेज, उच्च विद्यालय एवं सामुदायिक अस्पताल के प्रतिनिधि समेत गूंज परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

### पुस्तकालय की होगी व्यवस्था

विद्यार्थियों के लिये पुस्कालय की व्यवस्था की शुरूआत की जायेगी। यह सभी स्तर के विद्यार्थियों के लिये 24 घंटे खुला रहेगा। यहां बैठकर पढ़ने की सुविधा होगी। क्लस्टर स्तर पर लाइब्रेरी तक विद्यार्थियों को मुफ्त लाने ले जाने की सुविधा भी होगी। युवा दिवस के दिन इंजीनिरिंग के लिये भी कोचिंग सिल्ली में शुरू की जायेगी। रांची में पढ़ाई कर रहे छात्र छात्राओं के लिए स्टूडेंट सेवा एक्सप्रेस की शुरूआत होग। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी गूंज परिवार की ओर से महत्वपूर्ण सुविधाये दी जायेगी। विधानसभा के सभी प्रखण्डों में सभी प्रकार के पेथोलोज जांच के लिये नाममात्र के शुल्क भुगतान पर अत्याधुनिक प्रयोगशाला स्थापित किये जाने की तैयारी है। महोत्सव का पहला दिन महिलाओं के दूसरा दिन किसानों को एवं अंतिम दिन युवाओं को समर्पित होगा। इस मौके पर जिप उपाध्यक्ष वीणा चैधरी, सोनाहातु बीडीओ सुचीत्रा मिंज, सीओ धर्मेंद्र कुमार दुबे ने भी स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए प्रशासनिक सहयोग की बात कही।

# लाली के बारेंडा जंगल से सड़ीगली लाश बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** गुरुवार को पुलिस ने थाना क्षेत्र के लाली पंचायत के बारेडन्डा जंगल के रदेरगुरू पहाड से एक सडागला शव बरामद किया। जिसकी षिनाख्त टुंगरीटोली के रहनेवाले सुरेन मुण्डा 45 वर्स के रूप में की गयी। थानेदार सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि षव काफी सडा गला हुआ था,उसे जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भिजवा दिया गया। इधर स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि मृतक नषे का आदि था और पिछले दस दिनों से गायब था पर वह हमेषा सप्ताह दस दिनों तक गायब रहने के बाद वह वापस लौट आता था। इसलिए सभी समझ रहे थे कि वह वापस लौट आएगा। गुरूवार को उसका षव जंगल के पहाड के नीचे देखने पर ग्रामीणो ने इसकी सूचना नामकुम पुलिस को दी। आषंका जतायी जा रही है कि अत्याधिक षराब पीने के कारण वह पहाड से गिर गया होगा जिससे उसकी मौत हो गयी होगी। ग्रामीणों ने बताया कि अन्तिम बार सुरेन को राहे के कोचेटोली के तीन युवको के साथ खाते पीते देखा गया था,पुलिस मामले की छानबीन में जुट चुकी हैं।

### दस वर्ष पहले की थी पिता की हत्या

ग्रामीणों के अनुसार सुरेन्द्र खुब शराब का सेवन किया करता था। वह नशे का आदि था,दस वर्ष पूर्व उसने नशे में ही अपने पिता बुधराम मुण्डा की टांगी से मारकर हत्या कर दी थी पर घर में केवल बूढी मां के बच जाने और उसके जिविकोपार्जन को लेकर इस बात को लोगों ने छुपा लिया था। जिससे वह जेल जाने से बच गया था।

# चक्रवर्ती राम अध्यक्ष और विशाल बने सचिव

### झारखंड पुलिस एसोसिएशन जगुआर शाखा का चुनाव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन अध्यक्ष के निर्देश पर गुरुवार को जगुआर शाखा एसटीएफ का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हो गया। पुलिस निरीक्षक चक्रवर्ती कुमार राम निर्विरोध अध्यक्ष, सहायक अवर निरीक्षक उदय शंकर उपाध्यक्ष, अवर निरीक्षक विशाल पांडेय सचिव, अवर निरीक्षक अभिजीत गौतम संयुक्त सचिव और सहायक अवर निरीक्षक घनश्याम कुमार कोषाध्यक्ष चुने गये।

मतदान प्रक्रिया में शामिल पदाधिकारी और जवान काफी उत्साहित थे। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। ताजपोशी की रश्में भी पूरी की गयी।



### बनाये गये थे पर्यवेक्षक

चुनाव के लिये जगुआर शाखा के दुबराज हेंब्रमए ललित उरांवए कन्हाई प्रसाद गुप्ता और रमाकांत उपाध्याय बतौर पर्यवेक्षक की मौजूदगी में निर्वाचन प्रक्रियाएं पूरी की गयी। परिणाम की अधिकारिक घोषणा के बाद एसोसिएशन के पदाधिकारियों को शपथ भी दिलायी गयी।

### इन्हें दी गयी सूचना

श्री रमाकांत ने पत्रकारों को बताया कि चुनाव की सूचना पुलिस महानिरीक्षक अभियान, पुलिस अधीक्षक जगुआर, नवनिर्वाचित पदाधिकारी और एसोसिएशन के जगुआर शाखा को दे दी गयी है। उन्होंने बताया कि नये पदधारियों का गर्मजोशी और पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया।

# झामुमो की लहना पंचायत कमेटी का गठन: अनुप गोप अध्यक्ष और संजय प्रसाद बने सचिव

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड इकाई की बैठक गुरुवार को लहना में हुयी। अध्यक्ष बेलाल अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान मोर्चा को ग्राम स्तर पर मजबूत बनाने पर चर्चा की गयी। उन्होंने संगठन में महिलाओं की भागीदारी पर विशेष जोर दिया। इसके उपरांतए पंचायत कमेटी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से अनुप गोप अध्यक्षए निकेत कुमार व प्रीतम खलखो उपाध्यक्ष, संजय प्रसाद सचिव, सनोज ऊरांव कोषाध्यक्ष, राजू उरांव संगठन सचिव तथा किशोर केरकेट्टा व अंकित उरांव सह सचिव चुने गये। कार्यकारिणी सदस्यों में राम ऊरांव, सनी उरॉव, संजय तिर्की व नरेश राम शामिल हैं।

## एक नजर में

### सरना स्थल घेराबंदी को लेकर शिलान्यास



**इटकी।** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने गुरुवार को प्रखंड के पलमा गांव में सरना स्थल घेराबंदी व सुंदरीकरण और कुंदी में मुस्लिम कब्रिस्तान की घेराबंदी कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। पलमा में सरना स्थल की घेराबंदी व सुंदरीकरण कार्य प्राक्कलन राशि दस लाख रुपये व कुंदी कब्रिस्तान घेराबंदी प्राकलन राशि 11 लाख 50 हजार रुपये की लागत से कराई जाएगी। कार्यों का निर्माण विधायक कोष से होगा। इस मौके पर विधायक ने कुंदी के मदरसा जामिया अजीजिया भवन का निरीक्षण किया। जहां मदरसा भवन की मांग की गई। मौके पर मुखिया रमेश महलीए अबुमाजए अबरार इमामए बलराम गोपएराजन किस्पोट्टा, नकुल सिंह, विष्णु महली, मौलाना मुनीर, हाफिज जुबैर, मास्टर अलीहसन, अब्बास अंसारी, रहमान, खुर्शीद, अजय, मोहित, ताहिर व अहमद सहित अन्य शामिल थे।

### वार्षिक महोत्सव यज्ञ को लेकर महिलाओं की बैठक



**ओरमांझी।** दुर्गा महादेव मंदिर के परिसर ओरमांझी में गुरूवार को पूजा समिति ओरमांझी के अध्यक्ष सत्यनाराण तिवारी की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। बैठक में समिति द्वारा प्रथम वार्षिक महोत्सव यज्ञ को लेकर आसपास के ग्रामीण महिलाओं के साथ विशेष बैठक किया गया। जिसमें यज्ञ वार्षिक महोत्सव को सफल बनाने को लेकर विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। एक फरवरी को शुरू होने वाले आयोजन में ग्यारह सौ महिलाओं का भव्य कलश यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। साथ ही इसकी सफल आयोजन के लिए महिला समितियों को कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी दी गई। बैठक संरक्षक सह पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, सचिव श्याम किशोर महतो, कोषाध्यक्ष दुर्गा शंकर साहू, उपाध्यक्ष अजय सिंह, उपाध्यक्ष शंकर गुप्ता, उपाध्यक्ष अमोद कुमार साहू,, भीम मुंडा, पंचमी देवी, रेखा देवी, मुन्नी देवी, जमुना देवी, मीना साहू, किरण देवी, ममता देवी, दीपा चौरसिया, अनीता देवी, रीना देवी, उर्मिला देवी, बसंती देवी, रूपा देवी, सुमित्रा देवी, मंजू देवी, मोनी देवी, सोनी देवी उपस्थित थे। इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ प्रदीप कुमार ने दी।

### विधायक ने किया उपस्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास



**ओरमांझी।** क्षेत्र के चाडू गांव उपस्वास्थ्य केंद्र का निर्माण व हाई स्कूल पांचा में दो कमरे का भवन निर्माण होगा। गुरूवार को खिजरी विधायक राजेष कच्छप ने दोनो योजनाओं का का शिलान्यास किया और कहा चाडू में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन काफी जर्जर हो गई थी। वहीं हाई स्कूल पांचा में भवन की कमी के कारण छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में काफी कठिनाइयां हो रही थी। पिछले कई वर्ष से क्षेत्र के लोगों द्वारा इसकी मांग की जा रही थी। उन्होंने कहा शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधा मिलने में लोगों को परेषानी न हो, इसे ध्यान में रखते हुए आज दोना योजनाओं का षिलान्यास किया गया है। उन्होने अभिकर्ता को निर्माण में गुणवत्ता का पालन करने को कहा है। मौके पर कमिश्नर मुंडा, सरिता देवी, पूर्व उपप्रमुख मुंतजीर अहमद रजा, तुलसी खरवार, रवि साहू, सुरेश प्रसाद साहू, अशोक गुप्ता आदि मौजूद थे।

# तारूप लैंप्स में खुला धान अधिप्राप्ति केंद्र, कृषकों का निबंधन कार्य शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** राज्य सरकार किसानों को उनके उत्पादन का समर्थन मूल्य देने के लिये प्रतिबद्ध है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और जीवन स्तर में भी सुधार होगा। चालू वित्तीय वर्ष में कृषकों से 20.50 सौ रुपये प्रति क्विंटल धान की खरीदारी की जायेगी। इसमें भुगतान प्रक्रिया को सरल बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं। उक्त बातें प्रमुख संगीता तिर्की और सांसद प्रतिनिधि अमरनाथ चौधरी ने कही। वह गुरुवार को तारूप लैम्प्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन करने के बाद आयोजित समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कृषकों को बिचौलियों से खबरदार किया। सचिव सुभाष प्रियदर्शी ने रजिस्ट्रेशन की जानकारी दी। इसके साथ ही केंद्र में धान की खरीदारी शुरू हो गयी है। लैम्प्स के सदस्य कृषक मोरपंत चौधरी पहला ग्राहक बने। इससे पूर्व अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। संचालन अशोक ठाकुर ने किया।

### कार्यक्रम में थे शामिला

सहकारिता प्रसार पदाधिकारी देवेंद्र पांडेयए मुखिया अहिल्या कच्छप, सरपंच सलगी उरांव, उप मुखिया बंधु महतो, भाजपा नेता नसीब लाल महतोए लैम्प्स अध्यक्ष अमीन मुंडा, बंधन महतो, संजय महतो, कलावती देवी, रेखा देवी, सुनिला देवी, यशोदा देवी, कृषक और महिला समूह की दर्जनों बहनें आदि।

### जोन्हा लैंपस में खुला धान क्रय केंद्र

**अनगड़ा।** प्रखण्ड क्षेत्र अर्न्तगत जोन्हा लैम्पस में गुरुवार को धान अधिप्राप्ति केन्द्र का उदघाटन प्रमुख दीपा उरांव एंव लैम्स अध्यक्ष सह जोन्हा मुखिया कृष्णा मुण्डा ने संयुक्त रूप से किया। धान अधिप्राप्ति केन्द्र का उदघाटन होने पर क्षेत्र के किसानों ने हर्ष व्यक्त किया स किसानों का कहना है कि इस क्षेत्र में धान अधिप्राप्ति केन्द्र की अति आवश्यकता थी जो आज पूरा हुआ इससे सभी किसान लभांवित होंगे स मालूम हो कि जोन्हा लैम्स लिमिटेड में धान अधिप्राप्ति केन्द्र के चालु हो जाने से जोन्हा के चारो तरफ से लगभग 10 किलो मीटर के किसान को धान विक्री करने में सुविधा होगी स उद्घाटन के मौके पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्रामप्रधान रिझुवा मुन्डा म भिषमशाही समाजसेवी जयराम महली लैम्पस के सचिव लालचन्द उरांव कार्यकारणी सदस्य गोविंद साहु जितेन्द्र प्रसाद ठाकुर हरदयाल मुण्डा जगदीश मुण्डा सहित ग्रामीण सोमरा उरांव एतवा मुण्डा सुरेंद्र मुण्डा सुकरा उरांव लालमोहन मुण्डा बिरसा मुंडा राजेश कुमार साहु लालचंद मुण्डा वैजनाथ भोगता इत्यादि उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने तमाड़ प्रखंड क्षेत्र का किया भ्रमण

खबर मन्त्र संवाददाता



**तमाड़।** रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा तमाड़ प्रखण्ड क्षेत्र भ्रमण किया गया। सर्वप्रथम एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयए सलगाडीह तमाड़ का भ्रमण किया गया। तत्पश्चात उनके द्वारा विद्यालय परिसर में अवस्थित कक्षाओं .प्रयोगशालाए पुस्तकालय आदि का निरीक्षण किया गया। उपायुक्त महोदय द्वारा भोजनालय रसोईघर का भी निरीक्षण किया गया। उक्त क्रम में उनके द्वारा विद्यालय में शैक्षणिक माहौल को और उन्नत बनाने का सुझाव दिया गया। भ्रमण के दौरान एसडीएम अजय सावए डीएसपी अजय कुमारए जिला परिषद सदस्य दिलीप सेठए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतोए अंचल अधिकारी विमल सोरेनए विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षक गण उपस्थित थे। उपायुक्त महोदयए राँची द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानए सलगाडीह का भ्रमण करते हुए वहाँ अवस्थित विभिन्न कक्षाओं एवं कार्यशालाओं का निरीक्षण किया गया एवं संतोष जाहिर किया गया।

# ओरमांझी: दो वाहन की टक्कर, हाथापाई

### फलाई ओवर के निर्माण से रुकेगी वाहन दुर्घटनाएं

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के शास्त्री चौक ओरमांझी स्थित दो वाहन की टक्कर के बाद वाहन चालक आपस में भीड़ गए। दोनों में हाथापाई होने लगी। तभी चैक पर ही खड़ी ओरमांझी पेट्रोलिंग पुलिस व स्थानीय प्रबृद्ध लोगों द्वारा दोनो को समझा-बुझा कर माला शांत कराया गया। एनएच-20 फोरलेन ओरमांझी स्थित क्षेत्र के प्रमुख चैराहा शास्त्री चौक पर रांची-रामगढ़ आने-जाने वाले वाहनों के अलावा रांची बोड़या व धनबाद-बोकारो की चारो ओर से प्रत्येक दिन छोटी-बड़ी हजारो की संख्या में वाहन गुजरते हैं। गुरूवार सुबह 10 बजे के करीब रामगढ़ से रांची जा रहे एक बाइक सवार जैसे ही चौराहे पर पहुंचा। रांची से बोकारो की ओर जाने के लिए एक वेगनआर कार मुड़ गई। तभी दोनो वाहनों में टक्कर हो गई। बाइक सवार बाइक सहित सड़क पर गिर गया। ओरमांझी चौराहे पर वाहन दुर्घटना या एक-दूसरे वाहनों के बीच टक्कर आम बात हो गई है। कई शिक्षण संस्थान होने के कारण भी उक्त स्थान पर काफी भिड़ रहती है, और दुर्घटनाएं की संभावनाए भी बनी रहती है। ओरमांझी चौराहे पर फ्लाईओवर निर्माण होने से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। वैसे फ्लाईओवर निर्माण कार्य शुरू भी हो गया है। फ्लाईओवर दीवार पर बनने का स्थानीय दुकानदारों में नाराजगी थी। पर केंद्रीय पथ निर्माण मंत्री नितिन गडकरी से राज्य के कई सांसदों के मिलने के बाद अब पिलर पर फ्लाईओवर निर्माण होना सुनिष्चित हो गया है। अब बिना अवरोध जल्द ही ओरमांझी में फ्लाइओवर निर्माण से समस्या दूर होने की संभावना है।

# चेक डैम के निर्माण से किसानों को होगा लाभ

### मांडर विधायक ने किया चेक डैम निर्माण कार्य का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



**लापुंग/बेड़ो।** मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने गुरुवार को लापुंग प्रखंड के बोकरन्दा पंचायत में भंगी नदी तथा बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के हरहंजी खुरहा टोली गांव के घघारी नाला में जल संसाधन विभाग झारखंड सरकार के लघु सिंचाई प्रमंडल रांची के तहत बनने वाली दो अलग अलग चेक डैम के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। बेड़ो प्रखंड के खुरहा टोली में समाजसेवी राजकमल गोप तथा विधायक प्रतिनिधि देवेन्द्र वर्मा के प्रयासों से बन रहे चेकडैम की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय के साथ मिलकर पूजा अर्चना व नारियल फोड़ कर संयुक्त रूप से शिलान्यास किया। इस मौके पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि लघु सिंचाई योजना के तहत चैक डैम निर्माण कार्य के पूरे होने पर ग्रामीणों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी । चेकडैम निर्माण से क्षेत्र में पानी की कमी दूर होगी। किसानों को खेती खेती करने में सुविधा मिलेगी। इससे किसानों की आय में बढोत्तरी होगी। उन्होंने ने कहा कि बहुत दिनों से यहां के ग्रामीणों की मांग थी कि यहां एक चेक डैम का निर्माण कराया जाये। ग्रामीणों के इसी मांग पर यहां चेक डैम का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने कहा इस नाला से सालों भर पानी का बहाव होता रहता है।

### सैकड़ों एकड़ खेतों की होगी सिंचाई

चेक डैम के निर्माण हो जाने पर किसानों को लाभ होगा। दोनों और सैकड़ों एकड़ जमीन पर खेती भी की जा सकेगी। इसके साथ ही गर्मी के दिनों में जहां ग्रामीण नहाने का उपयोग करेंगे। वहीं गर्मी के दिनों में पशु पक्षियों को पानी मिल सकेगा। इस मौके पर समाजसेवी राजकमल गोपए विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र वर्माए समाजसेवी मनोज कुमार साहुए करमा उरांवए मुखिया लक्ष्मी कोयाए सुनील कच्छपए नकुल सिंहए अनिल साहुए कंचन साहुए बुधराम लोहराए सोमरा लोहराए महाकाल लोहराए पहान ठेमका मुंडा व बुधवा मुंडा सहित कई लोग मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर लापुंग प्रखंड के बोकरन्दा में भंगी नदी में ढाई करोड़ की लागत से दो चेक डैमों के निर्माण की आधारशिला रखते हुए मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि इसकी गुणवत्ता में किसी तरह का समझौता नहीं होनी चाहिए।

# सीसीएल कर्मी और कोयला कारोबारी पर अंधाधुंध फायरिंग

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** कोयलांचल क्षेत्र के बहेरा गांव में बुधवार की रात बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों ने सीसीएल कर्मी व कोयला कारोबारी मोहम्मद असलम के घर पर अंधाधुन फायरिंग की। जिसके बाद से पूरे पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में दहशत का माहौल पसरा हुआ है। आपको बताते चलें कि मोहम्मद असलम सीसीएल कर्मी है जो सीएचपी सीपीपी परियोजना में कार्यरत है इसके अलावा वह बड़े कोयला कारोबारी भी है।

घटना बुधवार रात की है तीन बाइक में करीब 5 से 6 लोग सवार थे। अपराधियों ने 6 से 7 राउंड फायरिंग की अपराधी मोहम्मद असलम को ढूंढ रहे थे और फायरिंग करने के बाद टाटा पावर का काम बंद करने की धमकी भी दे रहे थे।

फायरिंग की घटना के बाद मोहम्मद असलम काफी डर चुके हैं। घटना की सूचना पाकर पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस को घटनास्थल पर खोखा बरामद हुआ है वही पूरी घटना सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

# चीन को जबाव

देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद को बताया कि चीन के सैनिकों ने नौ दिसंबर को तवांग सेक्टर में यांग्त्से क्षेत्र में यथास्थिति बदलने का एकतरफा प्रयास किया जिसका भारत के जवानों ने दृढ़ता से जवाब दिया और उन्हें लौटने के लिए मजबूर किया। कोरोना और आंतरिक विवाद से परेशान चीन भारत की ओर अपनी आवाम का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रहा है। रक्षा मंत्री ने बताया कि इस झड़प में किसी भी सैनिक की मृत्यु नहीं हुई है और न ही कोई गंभीर रूप से घायल हुआ है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को चीनी पक्ष के साथ कूटनीतिक स्तर पर भी उठाया गया है और इस तरह की कार्रवाई के लिये मना किया गया है। अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प के मुद्दे पर पहले लोकसभा एवं बाद में राज्यसभा में दिये बयान में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह बात कही। इसी बात को लेकर लोकसभा में भी कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों ने सदन से वाकआउट भी किया। राजनाथ सिंह ने अपने बयान में साफ कर दिया कि नौ दिसंबर 2022 को चीनी सैनिकों ने तवांग सेक्टर के यांग्त्से क्षेत्र में वास्तवित नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर अतिक्रमण कर यथास्थिति को एकतरफा तरीके से बदलने का प्रयास किया। भारतीय सैन्य कमांडरों के समय पर हस्तक्षेप करने के कारण चीनी सैनिक अपने स्थान पर वापस चले गए। इस घटना के पश्चात क्षेत्र के स्थानीय कमांडर ने 11 दिसम्बर 2022 को अपने चीनी समकक्ष के साथ स्थापित व्यवस्था के तहत एक फ्लैग मीटिंग की और इस घटना पर चर्चा की। चीनी पक्ष को इस तरह की कार्रवाई के लिये मना किया गया है और सीमा पर शांति बनाये रखने के लिये कहा गया है। वैसे सामरिक मामलों पर सरकारऔर विपक्ष को पूरे संवेदनशीलता और विश्वसनीयता से संवाद करना चाहिए।

# भूपेन्द्र की ताजपोशी

शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल अपनी टीम के साथ एक्शन में नजर आये। एक ओर मंत्रालयों का बंटवारा हुआ। मुख्यमंत्री के पास गृह व राजस्व विभाग हैं। अपनी टीम के साथ पहली कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिये गये। चुनाव जीतने के बाद पटेल ने यूनिफॉर्म सिविल कोड का उल्लेख किया था। कहा था कि इस बाबत सरकार कमेटी बना चुकी है। उन्होंने कहा है कि सरकार कमेटी की सिफारिशों पर काम करेगी। सरकार को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि यह एक ऊजार्वान टीम है और गुजरात की प्रगति को नई ऊंचाइयों पर ले जायेगी। निस्संदेह, भाजपा की इस प्रचंड जीत में प्रधानमंत्री की बड़ी भूमिका रही है। उनके नेतृत्व में जमकर रैलियां और रोड शो आयोजित हुए थे, जिसके चलते पार्टी रिकॉर्ड जीत हासिल कर पायी। सही मायनों में पार्टी की इस रिकॉर्ड कामयाबी में नरेंद्र मोदी के साथ ही अमित शाह, गुजरात भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल तथा भूपेंद्र पटेल की साझी रणनीति ने बड़ी भूमिका निभायी। भूपेंद्र पटेल एक सौम्य राजनेता की छवि रखते हैं लेकिन लक्ष्य के प्रति खासे दृढ़ रहते हैं। यही वजह है कि लो प्रोफाइल में रहने वाले भूपेंद्र पटेल जब विजय रुपाणी को हटाने के बाद पहली बार मुख्यमंत्री बने तो किसी को उम्मीद नहीं थी कि वे पहली पारी में ही सफल हो पायेंगे। लेकिन उन्होंने दूसरी पारी की भी शुरूआत शानदार तरीके से कर दी है। निश्चय ही लंबे समय से सत्ता में काबिज रहने वाली पार्टी के लिये ऐसी कामयाबी हासिल करना बड़ी उपलब्धि ही कही जायेगी। वह भी मोरबी हादसे, महंगाई और बेरोजगारी जैसे बड़े मुद्दों के रहते हुए हासिल करना। हालांकि, इस कामयाबी की बड़ी वजह गुजरात की जनता का नरेंद्र मोदी से भावनात्मक लगाव भी रहा है।

# यूसीसी की दरकार बहस का हो प्रतिकार






**कमलेश पाण्डेय**

> सच कहूं तो इनके 'संसर्ग' से विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका, खबरपालिका और समाजपालिका का एक हिस्सा भी प्रभावित हो चुका है, क्योंकि विदेशों में बैठे इनके 'संरक्षक' भारत सरकार या राज्य सरकारों को अपने प्रभाव में लेने के लिए रणनीतिक रूप से इनका सदुपयोग-दुरुपयोग करते हैं।

जिस देश के उच्च सदन यानी राज्यसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने या करवाने के सवाल पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में नोकझोंक हो, वहां पर लोकतंत्र के भविष्य पर निश्चित रूप से कुछ भी कहना बेमानी होगी। यदि सभी देशवासियों के वोट की कीमत एक समान है तो फिर अन्य कानूनी समानताएं क्यों नहीं लागू की जा सकती हैं। आप सहमत हों या नहीं हों, लेकिन देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने के लिए नेशनल इंस्पेक्शन ऐंड इन्वेस्टिगेशन कमीशन बनाया जाना बदलते वक्त की मांग है और सरकार को इस पर गम्भीरता पूर्वक विचार करना चाहिए।

आपने देखा-सुना होगा कि सुप्रीम कोर्ट के समक्ष यह विषय लाया गया है कि मुस्लिम लड़कियों के लिए विवाह की उम्र अलग क्यों हो? क्या इससे अन्य कानून प्रभावित नहीं होंगे? वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को आदेश दिया है कि वह आदिवासी महिलाओं को सम्पत्ति से महरूम रखने वाले हिन्दू उत्तराधिकार कानून, 1956 में संशोधन करे, ताकि उन्हें पिता की संपत्ति में हिस्सा मिल सके। बता दें कि हिन्दू उत्तराधिकार कानून आदिवासियों पर लागू नहीं होता है।

मसलन, उपर्युक्त दोनों सवाल तो महज बानगी भर हैं, जो यह जाहिर करते हैं कि आजादी के 75 साल बाद भी हमारे देश में सबके एक समान कानूनी हित सुनिश्चित नहीं किये जा सके। कभी यह कानून बनाने वाली इकाइयों की लापरवाही समझी गई तो कभी ऐसे मसलों पर काफी विलंब से न्यायिक दिशा-निर्देश प्राप्त हुए, जिसके बाद कानून बनने में भी अपेक्षाकृत देरी ही हुई। लेकिन विषमता भरे कानूनों से जुड़े आज भी कुछ ऐसे सवाल हैं, जो या तो किसी से समक्ष उठाए नहीं गए हैं, या फिर उनपर संसद से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक 'खामोश' हैं। सवाल है कि आखिर ऐसा क्यों, किसके लिए और कब तक? मेरी राय में समान नागरिक संहिता पर अमल सुनिश्चित किया जाना ही उन सभी उलझे हुए सवालों का एक सर्वमान्य जवाब हो सकता है, यदि संविधान के सभी प्रमुख स्तंभ कोई किंतु-परंतु न करें तो। आखिरकार उन्हें यह समझना चाहिए कि किसी भी लोकतंत्र की आत्मा स्वतंत्रता, समानता और बन्धुत्व के सिद्धांत में वास करती है। लेकिन जब किसी राजनीतिक दल अथवा उनके समूहों द्वारा अल्पमत से बहुमत की प्राप्ति के लिए इन्हीं सर्वमान्य लोकतांत्रिक सिद्धांतों का गला घोंटा जाता है, या फिर उससे तरह-तरह के समझौते किए जाते हैं तो लोकतांत्रिक बात बिगड़ने लगती है।

दुनिया का सबसे बड़ा और सर्वाधिक सफल लोकतंत्र समझा जाने वाला भारत इसका एक दिलचस्प उदाहरण करार दिया जा सकता है। जहां पर एक समान नागरिक संहिता के बजाय जाति, धर्म, लिंग, भाषा या क्षेत्र आदि के आधार पर अलग-अलग कानून बने हुए हैं। खास बात यह कि सम्बंधित पक्ष ऐसे कानूनों के पक्ष में तर्क-कुतर्क देते हैं। इससे प्रबुद्ध वर्ग की अंतरात्मा समेत पूरे लोकतंत्र की आत्मा कलुषित होती है। देखा जाए तो यहां पर ऐसे ऐसे विभिन्न दबाव समूह सत्ता पर हावी होने की कोशिश करने लगे हैं, जिनका लोकतंत्र से दूर-दूर तक का कोई वास्ता नहीं है, बल्कि वे विशेष सामाजिक-धार्मिक समूहों से जुड़े गुट तंत्र के महज पालक, पोषक और प्रोत्साहक प्रतीत होते हैं। इसलिए उनके अगर-मगर के सिद्धांतों से कहीं न कहीं नागरिकों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता, समानता और बन्धुत्व का सिद्धांत भी प्रभावित होता है।

सच कहूं तो इनके 'संसर्ग' से विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका, खबरपालिका और समाजपालिका का एक हिस्सा भी प्रभावित हो चुका है, क्योंकि विदेशों में बैठे इनके 'संरक्षक' भारत सरकार या राज्य सरकारों को अपने प्रभाव में लेने के लिए रणनीतिक रूप से इनका सदुपयोग-दुरुपयोग करते हैं। कहना न होगा कि यदि ऐसे दबाव समूह की हर बात मान ली जाए तो देर सबेर लोकतंत्र की मूल भावना ही नष्ट हो जाएगी। ऐसे दबाव समूहों के चलते ही भारतीय संविधान पारस्परिक विरोधाभासों से भर गया। यही नहीं, स्वतंत्र भारत में भी इन्हें सन्तुष्ट करने के लिए कुछ संवैधानिक संशोधन किए गए या फिर कुछ नए कानून बनाए गए, जिससे भारतीयों के बीच पारस्परिक वैमनस्यता बढ़ी।

सच कहा जाए तो गुलाम भारत की तरह ही आजाद भारत में भी वर्ष 1967 से ऐसे दबाव समूह देश व उसके विभिन्न सूबों की सियासत में दखल देने लगे, जिनकी पराकाष्ठा वर्ष 1977 तक दिखाई देने लगी थी। और फिर वर्ष 1989 तक स्थिति इतनी जटिल हो गई कि समस्त राष्ट्र ही दिशाविहीन हो गया। उसके बाद से ही ऐसे दबाव समूहों की अधिनायकवादी प्रवृत्ति सत्ता पर हावी होने लगी, जिससे उस वंशवादी लोकतंत्र और वंशवादी दलतंत्र को फलने-फूलने का मौका मिला, जिसमें राजतंत्र के तमाम दुर्गुण महसूस किये गए, जो अब भी जारी है। सवाल है कि जिस देश में हरेक नागरिक को रोटी, कपड़ा और मकान के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान की गारंटी आजादी के 75 साल बाद भी नहीं दी जा सकी है, वहां पर ऐसे ऊल-जुलूल सवालों पर क्यों न्यायपालिका और सिविल प्रशासन का समय और धन जाया किया जाए। मीडिया क्यों इन पर बहस को बढ़ावा दे और सियासतदानों द्वारा उनपर क्षुद्र राजनीति की जाए। दुर्भाग्यवश ऐसा हो रहा है। इससे सिविल और न्यायिक प्रशासन पर कार्यभार भी बढ़ रहा है और पारस्परिक विरोधाभास भी।

आज कोई भी यह बात मानने को तैयार ही नहीं है कि वैश्वीकरण और भूमंडलीकरण के बाद लागू हुई नई आर्थिक नीतियों के परिप्रेक्ष्य में आम आदमी की प्राथमिकताएं बदल चुकी हैं। अब लोग-बाग रोटी, कपड़ा और मकान; शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान से आगे की बात सोचने लगे हैं। उन्हें यह आभास हो चुका है कि समकालीन दौर तकनीकी युग है।

औद्योगिक क्रांति के बाद सूचना क्रांति ने सबकुछ बदलकर रख दिया है। उस पर आधारित डिजिटल तकनीक अब सबकी आवश्यकता बन चुकी है, क्योंकि इसने सभ्यता-संस्कृति के हर रंग-ढंग को गहरे तक प्रभावित किया है। इसलिए हमें शासित करने वालों को यह सोचना होगा कि समकालीन लोकतंत्र को कबीलाई जातीय सोच या फिर मध्ययुगीन धार्मिक सोच के सहारे जैसे-तैसे हांका तो जा सकता है, लेकिन आम लोगों का व्यापक भला नहीं किया जा सकता। लोगों को वोट के बदले फ्री में उपहार देने से बेहतर होगा कि हर हाथ को काम दिया जाए। इसमें बाधक साबित हो रहे दकियानूसी कानूनों को बदला जाए। एक राष्ट्र, एक कर प्रणाली यानी जीएसटी की पैरोकारी की गई, उसी प्रकार से समान नागरिक संहिता को लागू करके यहां पर एक अरसे से जड़ जमा चुकी पारस्परिक वैमनस्यता को दूर किया जाए।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## खास बात

# सस्ती बिजली

**कुमार गौरव**

**सरकारी** बयान के अनुसार, इस स्थिति में राज्य सरकार ने पारंपरिक ऊर्जा प्रणाली, ताप और पन बिजली पर निर्भरता कम करने की दिशा में तेजी से आगे कदम बढ़ाया है। इसकी मुख्य वजह ताप और पनबिजली के जरिये बिजली उत्पादन में आने वाले भारी-भरकम खर्च से बचना और प्रदूषण के बढ़ते स्तर को कम करना है। इससे उद्योग जगत के साथ साथ प्रदेशवासियों को भी सस्ती बिजली मिल सकेगी। बयान के अनुसार, यहां एक बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को 1,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में सबसे अहम भूमिका बिजली की होगी। सरकार की नीतियों को देखते हुए विदेश के साथ देश के विभिन्न राज्यों के निवेशक यहां पर बड़े पैमाने पर निवेश करने के लिए आ रहे हैं। ऐसे में औद्योगिक गतिविधियों को चलाने के लिए बिजली की मांग काफी बढ़ जाएगी। सौर ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए राज्य सरकार नई उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति-2022 भी लेकर आई है, जिसके तहत सौर ऊर्जा को बढ़ाने के लिए कई तरह की रियायतें दी गई हैं। राज्य सरकार सौर ऊर्जा के उत्पादन को बढ़ाने के लिए प्रदेश में 18 सौर शहरों (सोलर सिटी) का निर्माण करेगी, जिसमें पहले चरण में नोएडा और अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। योगी आदित्यनाथ ने बैठक में कहा कि इन सोलर सिटी से प्रदेश में कुल बिजली उत्पादन का 10 प्रतिशत बिजली उत्पादन सौर से किया जाएगा। साथ ही इसे साल दर साल बढ़ाया जाए ताकि निवेशकों के साथ प्रदेशवासियों को सस्ती बिजली उपलब्ध कराई जा सके। सौर ऊर्जा का उत्पादन बढ़ाने के लिए बुंदेलखंड क्षेत्र में सौर पार्क का निर्माण तेजी से चल रहा है। वहां एक सौर पार्क बनाया जा रहा है, जिससे रोजाना 4,000 मेगावॉट बिजली का उत्पादन होगा। विभिन्न जिलों में सौर ऊर्जा की आपूर्ति के लिए हरित गलियारे बनाए जाएंगे। सौर पार्क के पहले चरण में ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि एवं आपूर्ति के लिए बने बिजली फीडर से सौर ऊर्जा की आपूर्ति की जाएगी। सिंचाई के लिए इस्तेमाल होने वाले पंप पूरी तरह से सौर ऊर्जा से संचालित होंगे।

# शिव- शक्ति

## धर्म-प्रवाह

**आनंद वत्स**


**मां दुर्गा** की उत्पत्ति के संदर्भ में शिव पुराण के अनुसार आदि देव शिव ने लीला शक्ति से अपने आकार यानी मूर्ति की कल्पना की, उसके पश्चात उन्होंने अपने ही विग्रह से एक स्वरूप मूर्त शक्ति की रचना की, जो परा शक्ति की प्रधान, प्रकृति, माया, बुद्धि तत्व की जननी तथा विकार रहित थी। शिव की यही शक्ति अंबिका कहलायी जिसे पार्वती, शिवा, उमा, शैल, तनुजा, शक्ति आदि नामों से पुकारा गया।

मार्कण्डेय पुराण के देवी महात्म्य के अध्याय-2 के अनुसार महिषासुर वध के लिए देवी प्रकट हुईं। सबसे पहले भगवान विष्णु के मुखमंडल से एक प्रकाश पुंज प्रकट हुआ। इसी प्रकार ब्रह्मा एवं शिव आदि देवताओं के शरीर से एक तीव्र तेज निकला, जो मिलकर एकाकार हो गया। उसके पश्चात वह एकाकार रूप एक नारी रूप में परिवर्तित हो गया। उस नारी स्वरूप को शिव के तेज से मुख, यमराज के तेज से बाल, विष्णु के तेज से भुजाएं, चंद्रमा के तेज से वक्ष, इंद्र के तेज से कटि प्रदेश, वरुण के तेज से जंघाएं, पृथ्वी के तेज से नितम्ब, ब्रह्मा के तेज से चरण, सूर्य के तेज से उंगलियां, कुबेर के तेज से नासिका, प्रजापति के तेज से दांत, अग्नि के तेज से तीनों नेत्र और वायु के तेज से कान उत्पन्न हुए। दुर्गा को असुरों के साथ होने वाले महासंग्राम में विजयश्री प्राप्ति हेतु भगवान शिव ने त्रिशूल, विष्णु ने चक्र, वरुण देव ने शंख, पवन देव ने धनुष बाण और तरकश हैं। देवराज इंद्र ने ऐरावत हाथी के गले से उतारकर घंटा, यमराज ने काल दण्ड और तलवार व ढाल, विश्वकर्मा ने फरसा दिया।

> सदन में उपस्थिति 92% थी, कुल प्रश्न 617, 16 विशेष उल्लेख, 116 बार सदन में बोलने का मौका मिला, चार निजी सदस्य विधेयक पेश किये, चीन और दक्षिण अफ्रीका में पार्टी का प्रतिनिधित्व किया और भाजपा की ओर से राज्यसभा में सचेतक के रूप में भी कार्य किया।
>
> **– महेश पोद्दार पूर्व सांसद**

## रोचक ट्वीट

> **मनुष्य** जीवन दुर्लभ है, जिसकी संसिद्धि स्वस्थ्य तन मन द्वारा ही संभव है। आरोग्यता जीवन धन है। वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास की महत्ता के प्रकाशन हेतु।
>
> **–स्वामी अवधेशानंद गिरी**





> काशीतमिलसंगमम कार्यक्रम के अंतर्गत बैडमिंटन एवं अन्य खेल स्पधाओं की साक्षी बनी।
> भाषा,संस्कृति,कला में ही नहीं - क्रीड़ा के क्षेत्र में भी तमिलनाडु का इतिहास समृद्ध है, वर्तमान-भविष्य उज्वल है।
>
> **– अन्नपूर्णा देवी**

# फिरायालाल वाला अलबर्ट एक्का चौक



**सुनील बादल**

## संस्मरण

3 दिसंबर 1971 को 20 गोलियां लगने के बाद भी अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपने प्राणों की बाजी लगाकर दुश्मन पाकिस्तान के बंकर को नष्ट करनेवाले बिहार झारखंड के एकमात्र परमवीर अलबर्ट एक्का की मूर्ति राजधानी रांची के महात्मा गांधी सड़क के चौराहे पर लगी है पर इस चौराहे को राजनीतिक झंडों से विकृत करने वाले नेताओं, सरकारों और मीडिया ने भी चार दशकों बाद चौराहे को फिरायालाल चौक के रूप में ही याद रखा है,जो शहीदों का अपमान लगता है।


इसी प्रकार रिम्स बने डेढ़ दशक हो गए पर आरएमसीएच का बोर्ड सड़क पर अभी भी मुंह चिढ़ा रहा है .कांके रोड सीएम आवास के पास जस्टिस एलपी एन शाहदेव अभी भी हॉट लिप्स चौक के रूप में याद किया जाता है,महात्मा गांधी रोड की तरह इसपर स्थापित लाला लाजपत राय चौक शायद ही कोई बता सके .सुजाता चौक सभी जानते हैं,महाराजा अग्रसेन चौक अभी भी लालपुर चौक ही है।

अलबर्ट एक्का को श्रद्धांजलि देते गुमला के उनके जन्मस्थान जारी को 19 मार्च 2010 को अलबर्ट एक्का प्रखंड बनाया गया जिसके पांच पंचायतों में 60 गांव हैं। 30 हजार 926 आबादी वाले कुछ गांवों में सोलर से बिजली जलती है। पर ग्रामीण विद्युतीकरण अधिकांश गांवों में बिजली नहीं पहुंचा पाई है. टेन प्लस टू स्कूल में महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक नहीं। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा जैसे विभाग पूर्व के डुमरी से संचालित हो रही हैं, लोग 70 किमी दूर गुमला या छत्तीसगढ़ के जशपुर में जाकर इलाज कराते हैं. अस्पताल भी अधूरा है. परमवीर चक्र विजेता शहीद अलबर्ट एक्का के नाम से बने गुमला के जारी प्रखंड को 12 साल हो गए पर प्रखंड, अंचल, थाना तथा बीआरसी को छोड़कर अधिकांश विभाग आज भी डुमरी प्रखंड से संचालित हो रहे हैं. सबसे घनी जनजातीय आबादी वाला गुमला जिला का यह क्षेत्र परमवीर अल्बर्ट एक्का के नाम पर बहादुर सैनिकों की भर्ती का बड़ा केंद्र हो सकता था और लोगों का प्रेरणा स्रोत भी लेकिन दिखावटी राजनीति और सरकारों की उपेक्षा के कारण सिर्फ सजावटी विकास का प्रतीक बनकर रह गया है अल्बर्ट एक्का प्रखंड.

पंजाब को वीर भूमि कहा जाता है और वहां शहीदों को सम्मान देने के लिए मंदिरों, गुरुद्वारों जैसे प्रमुख स्थलों में शहीदों के नाम की पट्टिकाएं लगाई जाती हैं और लोग बहुत श्रद्धा से उन्हें याद करते हैं जबकि झारखंड, बिहार जैसे राज्यों में मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों में अपनी नाम पट्टिका लगाने की होड़ मची रहती है जिसमें नेता सबसे आगे रहते हैं। उसके लिए लड़ाई हो जाती है।

जिस समाज में शहीदों का सम्मान न होता हो शहीदों की शहादत को प्रेरणा न माना जाता हो और उनकी विधवाओं या आश्रितों को मिलने वाले मुआवजे या अन्य लाभ के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते हो वहां नौकरी की इच्छा करने वाले सैनिक तो शायद बहुत मिल जाएंगे लेकिन अपने प्राणों की बाजी लगाकर देश के लिए अपना बलिदान देने वाला अल्बर्ट एक्का शायद दुर्लभ हो सकता है. यह अलग बात है कि झारखंड भी वीरों की भूमि है और अपने आत्मसम्मान, स्वाभिमान और देश की रक्षा के लिए कुबार्नी देने वालों का बहुत बड़ा इतिहास है लेकिन सवाल समाज, सरकारों और मीडिया से भी जो इन शहीदों के प्रतीकों को आज भी पुराने व्यावसायिक नामों से याद करते हैं और इसीलिए नई पीढ़ी के बच्चे पूछते हैं कौन अल्बर्ट एक्का फिरायालाल चौक वाला है।

## कॉर्टून वर्ल्ड



धन और न्याय का हिस्सा

## लेटर टू एडिटर

### शिक्षा के साथ संस्कार

**रिश्तों** में विश्वास बहुत जरूरी है। रिश्तों को मधुर बनाने में कोशिश दोनों ओर से होनी चाहिए। अतः रिश्तों में नम्रता, गंभीरता व सहनशीलता जरूरी है। रिश्तों को निभाना नहीं, जीना होता है। समझदारी व आत्म-संयम द्वारा ही हल किया जा सकता है। अतः माता-पिता को बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार देना चाहिए। संतान के जीवन का निर्माण करना, माता-पिता का उत्तरदायित्व है।

**–गजानन पाण्डेय, रांची**

### मूल्यों का ह्रास

**हाल** ही के दिनों में आत्मीय कहे जाने वाले रिश्तों में बेरहमी से हुई हत्या ने हर संवेदनशील व्यक्ति को व्यथित किया है। इनके पीछे आत्मीय रिश्तों की गरिमा को न समझना और भावना शून्य होना प्रमुख कारण है। संयुक्त परिवारों का टूटना, मूल्यों का ह्रास होना भी ऐसी वीभत्स घटनाओं को जन्म देता है। आध्यात्मिकता से परे जाना, ईश्वर में विश्वास न होना और गलत कार्यों के परिणाम से भयरहित होना। **–रवि सिंह, रातू**

# बांग्लादेश में हसीना का विरोध

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

## देशांतर



**बांग्लादेश** में भी शेख हसीना सरकार के खिलाफ उसी तरह प्रदर्शन होने शुरू हो गए हैं, जैसे कि श्रीलंका और म्यांमार की सरकारों के विरुद्ध हुए। म्यांमार की फौज ने वहां तो डंडे के जोर पर जनता को ठंडा कर दिया है लेकिन श्रीलंका की सरकार को चुनाव में मात खानी पड़ी है। ह्यबांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टीह्न ने दावा किया है कि उसके प्रदर्शनों में दस लाख लोग जमा हुए हैं और उन्होंने हसीना से इस्तीफा मांगा है। उनका कहना है कि 2024 में चुनाव होने तक ढाका में कोई कार्यवाहक सरकार नियुक्त की जाए।

बीएनपी के सातों सांसदों ने अपने इस्तीफों की घोषणा कर दी। उन्होंने मांग की है कि चुनाव तुरंत करवाएं जाएं। शेख हसीना ने हर बार धांधली करके चुनाव जीता है। बीएनपी को बांग्लादेश के कट्टरपंथी मुस्लिम मौलानाओं और जमाते-इस्लामी का भी भरपूर समर्थन है। बांग्लादेश की बीएनपी की नेता बेगम खालिदा जिया ने घोषणा की है कि शेख हसीना सरकार के राज में महंगाई आसमान छू रही है, लोग बेरोजगार हो रहे हैं, विदेश व्यापार घट गया है और सरकार भारत के इशारों पर नाचने लगी है। वह बांग्लादेशी मुसलमानों के हितों का बिल्कुल भी ध्यान नहीं करती है।

रोहिंग्या मुसलमानों पर म्यांमारी अत्याचार और भारतीय अन्याय पर हसीना सरकार की चुप्पी बहुत ही निंदनीय है। इन सब आरोपों के बावजूद खालिदा जिया की इस रैली के मुकाबले हसीना द्वारा आयोजित चिटगांव और कॉक्स बाजार की रैलियों में कई गुना लोग शामिल हुए थे। 10 दिसंबर को मानव अधिकार दिवस पर आयोजित इस बीएनपी रैली का उद्देश्य यह भी था कि उसे अमेरिका और यूरोपीय देशों का सहयोग भी मिलेगा लेकिन इन देशों के कई नेताओं और अखबारों ने खालिदा की पार्टी और जमात पर उनके शासन काल में भ्रष्टाचार और आतंकवाद फैलाने के आरोप लगाए थे। इन दोनों पार्टियों को बांग्लादेश की जनता पाकिस्तानपरस्त समझती है। 1971 में पाकिस्तानी फौज के द्वारा की गई हत्याओं, अत्याचार और बलात्कार को बांग्ला जनता अभी भी पूरे दर्द के साथ याद करती है। भारत के प्रति आम बांग्लादेशी जनता में अभी भी आभार का भाव है। भारत ने बहुत-से टापू ढाका को दे दिए थे, यह भी भारत की उदारता है। प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भारत सरकार ने बांग्लादेशियों की सहायता उसी उत्साह से की है, जैसी वह अपने नागरिकों की करता है।

हसीना सरकार ने भी भारत के उत्तर-पूर्वी प्रांतों को समुद्र तक पहुंचने की थल-मार्ग सुविधा दे रखी है। जबकि खालिदा-सरकार के जमाने में असम और मणिपुर के आतंकवादियों को ढाका ने भरपूर मदद की थी। खालिदा और जमात के कारनामों से बांग्लादेश के हिंदू बहुत डरे हुए हैं लेकिन ऐसा नहीं लगता कि नेपाल और श्रीलंका की तरह बांग्लादेश में भी सरकार बदलने की परिस्थितियां तैयार हो गई हैं। (लेखक, भारतीय विदेश नीति परिषद के अध्यक्ष हैं।)

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# अधिवक्ता हित में सदैव तत्पर रहूंगा : मनीष

## सदर विधायक ने अधिवक्ताओं के लिए आधुनिक सभागार की रखी आधारशिला

खबर मन्त्र संवाददाता



मौके पर सदर विधायक व अन्य।

**हजारीबाग।** बार एसोसिएशन भवन के ऊपरी तल्ले यानी तीन मंजिला में आकर्षक आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एक शेड निर्माण कार्य का हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने गुरुवार को नीव रखा। विधायक मनीष जायसवाल ने इसके निर्माण के लिए अपने विधायक निधि से करीब 34 लाख रुपए का फंड दिया है। जिस फंड से जिला परिषद के माध्यम से निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास हुआ।

विधायक मनीष जायसवाल ने नारियल फोड़कर और शिलापट्ट का अनावरण कर इसका शिलान्यास किया। मौके पर सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं को सभा करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था जिस कारण संघ द्वारा उनसे आग्रह किया गया है कि एक भवन का निर्माण कराया जाये। इसे लेकर विधायक निधि की राशि 2021- 22 के अंतर्गत एसोसिएशन भवन के ऊपरी तले पर आधुनिक सभागार का निर्माण किया जाएगा ताकि अधिवक्ताओं को सभा या कार्यक्रम करने में सहूलियत हो। विधायक मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि भविष्य में भी अधिवक्ता हित में वे सदैव तत्पर रहेंगे। बार एसोसिएशन हजारीबाग के अध्यक्ष राजकुमार (राजू) ने अधिवक्ता संघ की ओर से विधायक मनीष जायसवाल के इस दरियादिली सोच को सलाम किया और उनके प्रति आभार प्रकट करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि विधायक मनीष जायसवाल हम अधिवक्ताओं के दर्द को हमेशा अपना समझते हुए हमेशा हमारे साथ खड़े रहे। हजारीबाग में 4 विशेष न्यायालयों को स्थापित करने में विधायक मनीष जायसवाल की सराहनीय भूमिका रही इसके लिए अधिवक्ता संघ विधायक मनीष जायसवाल का हमेशा एहसानमंद रहेगा। मौके पर बार एसोसिएशन हजारीबाग के अध्यक्ष राजकुमार (राजू), सचिव सुमन कुमार सिंह, उपाध्यक्ष भैया संजय, संघ से जुड़े अधिवक्ता रमेश सिंह, ज्वाइंट सेक्रेट्री प्रमोद कुमार सिंह, विजय सिंह, प्रदीप कुमार सिन्हा, युवा अधिवक्ता सह कार्यकारिणी सदस्य इंद्र कुमार पंडित, कोषाध्यक्ष भरत कुमार, जॉइंट लाइब्रेरियन कालेश्वर कुमार कुशवाहा, संवेदक बाल किशन कुमार विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजुद रहे।

### स्पीड न्यूज

### उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जेएसलपीएस दारू को मिला पुरस्कार

**दारू।** जेएसएलपीएस संस्था दारू के द्वारा सभी क्षेत्रों में लगातार उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। इस बार जेएसलपीएस की दारू इकाई को डिजिटल माध्यम से खेती के लिए किसानों को जागरूक और प्रशिक्षित करने के लिए प्रोजेक्ट एटलस के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है ।इस बारे में बीपीएम सुनील कुमार राणा ने बताया कि किसान डायरी के नाम से एक एप्प है जिसके माध्यम से हमलोग किसानों के साथ जुड़ने और उनके उत्पाद से संबंधित जानकारी प्राप्त करते है साथ ही आधुनिक तरीके से बेहतर ढंग से खेती कैसे हो इसकी जानकारी दी जाती है। किसानों को अधिक उपज करने के तरीके भी बताया जाता है। बीपीएम ने बताया कि जिला में यह पुरस्कार सिर्फ दारू प्रखंड को मिला है जिसके लिए जेएसएलपीएस की पूरी टीम की कड़ी मेहनत और परिश्रम है जिसके लिए पूरी टीम बधाई का पात्र है।


### विनोद यादव ने कहा बूथ प्रबंधन सर्वोपरि

**बरही।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव जवाहरलाल महथा के साथ हजारीबाग जिला कांग्रेस महासचिव विनोद कुमार यादव ने जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में महत्वपूर्ण बैठक करते हुए जिला महासचिव विनोद कुमार यादव ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव बरही विधानसभा में कांग्रेस पार्टी का बेहतर प्रदर्शन करेगा ।इसके लिए 7उन्होंने बूथ प्रबन्धन को सर्वोपरि बताया ।उन्होंने बताया कि बूथ प्रबन्धन पर गहन मंथन किया जायेगा। श्री यादव ने आगे कहा है कि बहुत जल्द ही पूरे बरही विधानसभा के प्रत्येक बूथ पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ अलग-अलग बैठक किया जाएगा।

## बरही की दो खिलाड़ियों का राज्यस्तरीय महिला क्रिकेट के अंडर-14 में चयन

खबर मन्त्र संवाददाता





**बरही।** प्रखंड मैदान में संचालित बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन की दो महिला क्रिकेटरो ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट टीम में अपनी जगह बनाने में सफल हुई है। यह जानकारी देते हुए बरही बीएसए के संरक्षक अब्दुल मनान वारसी ने बताया कि बीएसए की विकेट कीपर, बैटर 14 वर्षीय वर्षा कुमारी पिता वीरेंद्र कुमार बरही निवासी का झारखंड महिला टीम के अंडर-14 टीम के अंतिम 15 में चयन किया गया है।

वहीं, 14 वर्षीय रितिका कुमारी पिता गणपत राणा बरही निवासी को अंतिम 15 के स्टेंडबाय खिलाड़ी में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त दोनो खिलाडियों ने अपने बेहतर खेल के बल पर स्टेट टीम में अपनी जगह बनाई है, दोनो के खेल के प्रति जुझारूपन को देखते हुए बीएसए बरही की टीम ने इनके अंदर छुपी प्रतिभा को निखारने का कार्य किया हैं। जिसके परिणाम स्वरूप दोनो खिलाड़ियों ने स्टेट टीम में शामिल होकर बीएसए को गौरव प्रदान किया है। हजारीबाग जिला से कुल तीन खिलाड़ियों को स्टेट टीम में शामिल किया गया है, दो खिलाड़ी बरही से और एक हजारीबाग निवासी विशाखा कुमारी पिता सीताराम यादव का भी अंतिम 15 के स्टेंडबाय के रूप में शामिल किया गया है ।बरही की बच्चियों को प्रशिक्षण देने में संतोष शर्मा का अहम योगदान रहा है। उक्त तीनों खिलाडियों के स्टेट टीम में चयन होने पर एचडीसीए के अध्यक्ष मनीष जायसवाल, सचिव संजय सिंह, बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने बधाई दी है। उक्त जानकारी बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी ने दिया।

## खेरौन और कटिऔन के दर्जनों भाजपाई कांग्रेस में शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता



कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए लोग।

**बरही।** प्रखंड के केदारूत पंचायत अंतर्गत भाजपा का गढ़ कहे जाने वाले खेरौन और कटिऔन गांव के दर्जनों की संख्या में भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं ने कमल का दामन छोड़ पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष पवन सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। निवेदन समिति के सभापति सह विधायक बरही विधानसभा उमाशंकर अकेला यादव ने चौपारण स्थित अपने निजी आवास पर भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल होने वाले कार्यकताओं को माला पहनाकर पूरी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। साथ ही सभी को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई।

प्रखंड कांग्रेस कार्यालय प्रभारी खेरौन निवासी नरेश सिंह ने बताया है की लोकसभा चुनाव के इतिहास में खेरौन और कटिऔन बुथ से भाजपा लगातार रिकॉर्ड मतों से जीतती चली आई है ऐसे में भाजपा के इन दिग्गज सुरमांओं का कांग्रेस पार्टी में शामिल होना भाजपा के रणनीतिकारों के लिए कांग्रेस पार्टी के द्वारा दिया गया करारा जवाब है। भाजपा छोड़ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में खेरौन गांव से वरिष्ठ समाजसेवी भोला सिंह उर्फ बड़ा बाबू, किसान नेता श्रवण सिंह, देवेंद्र सिंह, अशोक सिंह उर्फ गुरुजी, अवध सिंह, रंजीत सिंह, बीरबल सिंह उर्फ वीरू, अवधेश सिंह, तपेश्वर सिंह उर्फ तापो, आनंद सिंह, गोपाल साव विजय सिंह, कटिऔन गांव से केदारूत पंचायत समिति सदस्य विकास कुमार सिंह, बसंत सिंह (गायक), संजय सिंह शामिल है। उक्त जानकारी कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह ने दी है।

### खबर एक नजर में

### टाटीझरिया की खैरा पंचायत में धान क्रय केंद्र का हुआ उद्घाटन

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड के खैरा पंचायत के धान क्रय केंद्र का उद्घाटन प्रमुख संतोष मंडल,जिप सदस्य रामप्रसाद,खैरा पंचायत की मुखिया कुमारी माधुरी, महेश अग्रवाल, उपेंद्र कुमार पाण्डेय,दशरथ नारायण सिंह,सोबरन महतो,अध्यक्ष राजेश रंजन के द्वारा किया गया। प्रमुख संतोष मंडल ने कहा कि सरकार किसानों को अधिक मुनाफा देने के उद्देश्य पैक्सों के माध्यम से धान खरीद कर रही है। पैक्स अध्यक्ष राजेश रंजन ने कहा कि धान बेचने वाले किसान जिनका रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है वह जमीन का रसीद आधार कार्ड बैंक पासबुक की छाया प्रति एवं दो फोटो और प्रपत्र साथ भरकर अंचल कार्यालय में जमा करें रजिस्ट्रेशन के बाद उनके मोबाइल में मैसेज आएगा। निबंधन के बाद ही किसान धान बेच सकते हैं।

### चुरचू में प्लान इंडिया का शुभारंभ

**चरही।** चुरचू प्रखंड के बहेरा पंचायत उत्क्रमित मध्य विद्यालय फुसरी में मुखिया देवकी महतो के द्वारा प्लान इंडिया को विधिवत शुभारंभ किया। श्री महतो ने कहा कि इस एनजीओ के खुलने से बहेरा पंचायत के बालिकाओं को लाभ होगा संगठन के कॉर्डिनेटर हरीश हाशमी ने लोगों को आश्वस्त किया है कि प्लान इंडिया एक राष्ट्रीय स्तर पर पंजीकृत गैर-लाभकारी संगठन है। इसका उद्देश्य है कि बच्चों के अधिकारों और लड़कियों के समानता को आगे बढ़ाना है।

### हजरत चांद मखदूम शाह बाबा के उर्स पर चादरपोशी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर के कुरसे स्थित हजरत चांद मखदूम शाह बाबा के मजार पर उनका 32वां सालाना उर्स मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व पतरातू प्रखंड उपप्रमुख अनिल सिंह, पूर्व महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष बबीता सिंह आदि अतिथियों ने उनके मजार पर चादरपोशी कर की। साथ ही क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली और अमन चैन की दुवाएं मांगी गई। सुबह 8 बजे से कुरानखानी शुरू हुई। जिसके बाद शाम पांच बजे तक मजार पर चादरपोशी की गई।

### पतरातू कुशवाहा समाज की चिकोर में हुई बैठक

**भदानीनगर (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड कुशवाहा समाज के वरिष्ठ लोगों की बैठक गुरूवार को चिकोर कुशवाहा धर्मशाला में हुई। जिसमें झारखंड कुशवाहा महासभा के विस्तार एवं संगठन को मजबूत बनाने को लेकर 17 दिसंबर शनिवार दोपहर 3 बजे से कुशवाहा धर्मशाला, चिकोर में होने वाली समाज की बैठक पर चर्चा की गई। बैठक के माध्यम से पतरातू प्रखंड के सभी कुशवाहा बंधुओं से उपस्थिति होने की अपील की गई है।

### कुजू में सूपन समाज ने कैंडल मार्च निकालकर हत्यारे को अविलंब फांसी देने की मांग की

**कुजू।** रांची में दलित समाज की लड़की पल्लवी के साथ दुष्कर्म के पश्चात चाकू से की गई उसकी निर्मम हत्या के विरोध में कुजू सूपन समाज के लोगों ने रोषपूर्ण कैंडल मार्च निकाला। क्षेत्र के नया मोड़ फोरलेन चौराहे से चलकर कैंडल मार्च कुजू चौक पहुंचा, जहां कैंडल मार्च सभा में तब्दील हो गया। जहां लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कैंडल मार्च में शामिल लोग पल्लवी हम शर्मिंदा हैं,तेरा कातिल जिंदा है। पल्लवी के हत्यारे को फांसी देना होगा--देना होगा आदि नारे लगा रहे थे। मौके पर समाज सेवी सह कांग्रेस प्रदेश सचिव धर्मराज राम ने कहा, हमलोग मांग करते हैं कि उसे न्यायालय फांसी की सजा दे, ताकि भविष्य में कोई इस तरह का घृणित कार्य न करे।

### सरदार पटेल ने देश की अखंडता के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया : पुन्नु राम नायक

**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के लारीकलां पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय छोटकी लारी में गुरुवार को देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री, भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 72वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर उनके व्यक्तित्व व कृतत्व पर प्रकाश डाला गया। दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरानसेवानिवृत्त प्राचार्य पुन्नु राम नायक ने कहा किसरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारत की तमाम रियासतों को जोड़कर एक अखंड भारत राष्ट्र का निर्माण कराया। बच्चों से सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। सरदार पटेल ने देश की एकता एवं अखंडता के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया।

### रामगढ़ में पांच विभागों के कार्यों की हुई समीक्षा

**रामगढ़।** उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा ने गुरूवार को अपने कार्यकाल कक्ष में भवन प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पथ निर्माण विभाग, आरईओ एवं पशुपालन विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान सर्वप्रथम श्री सिन्हा ने विभागवार संचालित योजनाओं का जायजा लिया एवं सभी कार्यपालक अभियंताओं एवं सहायक अभियंता में को लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कार्यपालक अभियंता आरईओ को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत संचालित योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का भी निर्देश दिया। पशुपालन विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने 2022-23 के दौरान मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत अब तक लोगों को दिए गए लाभ की जानकारी ली एवं ज्यादा से ज्यादा योग्य लोगों को योजना से अच्छादित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने जिला पशुपालन पदाधिकारी को मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत प्रखंडों में शिविर लगाकर लोगों को योजना का लाभ देने का भी निर्देश दिया।

### रामगढ़ में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**रामगढ़।** साहू भवन में गुरुवार को मेदांता के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ केके दास एवं डॉ सिद्धार्थ कुमार द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया । इस दौरान शिविर में आये लोगों के नाक, कान ,गला, बीपी ,शुगर समेत विभिन्न बीमारियों की नि:शुल्क जांच की गई। शिवर का उदघाटन यातायात थाना प्रभारी एचएन सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर साहू समाज के अध्यक्ष नंदकिशोर प्रसाद ने कहा कि साहू समाज इस तरह के जनहित का कार्य पूर्व में भी करता रहा है और भविष्य में भी करता रहेगा।

## सीसीएल कुजू महाप्रबंधक कार्यालय में हुई क्षेत्रीय कल्याण समिति की बैठक, लिये गये कई निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में शामिल कोयला अधिकारी व समिति सदस्य।

**कुजू।** क्षेत्रीय कल्याण समिति की बैठक गुरुवार को सीसीएल कुजू महाप्रबंधक कार्यालय के सभागार में हुई। बैठक में मुख्य रूप से मौजूद महाप्रबंधक चंद्रशेखर तिवारी ने बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में तोपा परियोजना अंतर्गत थ्री सेंटर क्वायरी में वर्षों से लगी आग के कारण उस मार्ग से गुजरने वाले आधे दर्जन से अधिक गांव के लोगों की कठिनाइयों तथा वैकल्पिक मार्ग पर चर्चा की गई।

इसके लिए स्थानीय ग्रामीणों के साथ अधिकारियों का दल द्वारा मार्ग चयन करने तथा मार्ग को आवागमन युक्त बनाने का निर्णय लिया गया। इसी परियोजना अंतर्गत श्रम कल्याण कोष द्वारा संचालित श्रमिक मध्य विद्यालय भवन की जर्जर अवस्था वह संभावित खतरे को लेकर सदस्यों ने इसकी मरम्मती कराने की मांग रखी। महाप्रबंधक द्वारा इस मुद्दे पर विद्यालय के कंपनी द्वारा खोले जाने संबंधी कागजात की मांग की गई। साथ में पूर्व में कराए गए विद्यालय भवन निर्माण से संबंधित कार यादव की मांग की गई। मौजूद सदस्यों ने स्पष्ट शब्दों में महाप्रबंधक को कहा कि यह प्रबंधन की टालमटोल की नीति है। विद्यालय भवन का निर्माण वर्ष 1975 76 में कंपनी द्वारा कराया गया। आज भी यह विद्यालय पूर्णरूपेण सीसीएल के श्रम कल्याण कोष द्वारा संचालित है। विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को सीसीएल मुख्यालय द्वारा अनुदान राशि दी जाती है। विद्यालय भवन मरम्मत ई सहित अन्य आवश्यक उपस्कर उपलब्ध कराना सीसीएल की नैतिक जिम्मेवरी बनती है। इसके बावजूद प्रबंधन विद्यालय से संबंधित कागजातों की मांग मांग पर अडिग रहा। प्रबंधन की इस नीति पर सदस्यों ने नाराजगी जाहिर की। बैठक में तोपा पिट कार्यालय में कोयला कामगारों के लिए शौचालय निर्माण कराने पर सहमति बनी। क्षेत्र के करमा परियोजना में मजदूरों के लिए बनाए गए आवासों में हो रही पानी की किल्लत पर चर्चा के पश्चात पेयजल संकट दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्णय लिया गया। करमा परियोजना में कोयला मजदूरों के मेंबरशिप में परियोजना प्रबंधन की मनमानी पर चर्चा हुई। सदस्यों ने महाप्रबंधक को अवगत कराया कि मेंबरशिप जमा करने के लिए यूनियन प्रतिनिधियों को जो निर्धारित तिथि तय की गई थी, परियोजना प्रबंधन द्वारा उसे अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए तिथि में परिवर्तन किया गया। महाप्रबंधक ने इस मुद्दे पर जांच का निर्देश दिया। क्षेत्र के आरा सारूबेरा में मजदूरों के इलाज की कोई व्यवस्था नहीं होने पर सदस्यों ने नाराजगी जाहिर की। महाप्रबंधक ने मजदूरों के इलाज की व्यवस्था परियोजना में कराने का आश्वासन दिया।

बैठक में प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक चंद्रशेखर तिवारी, एसओपी एमएफ हक, स्टाफ ऑफिसर परशुराम सिंहआदि उपस्थित थे। क्षेत्रीय कल्याण समिति सदस्यों में यूसीडब्ल्यू के जयनंदन महतो, सीसीएल सीकेएस के देवेंद्र सिंह, जनता मजदूर संघ के नंदकिशोर प्रसाद आदि मौजूद थे।

## सौंदा डी पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन के तहत विशेष ग्रामसभा आयोजित



ग्रामसभा में मौजूद जनप्रतिनिधि व पंचायतवासी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सौंदा डी पंचायत भवन में विभिन्न योजनाओं के चयन को ले गुरूवार को स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत विशेष ग्रामसभा का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता मुखिया उपेंद्र शर्मा व संचालन पंचायत सेवक नरेश हजाम ने किया। ग्रामसभा में 200 नाडेल, 150 सोखता, 100 भस्म यंत्र, 50 कचड़ा-गड्ढा, 25 बांस सुखा कबर आदि योजनाओं का सर्वसम्मति से चयन कर उपस्थित लोगों ने हाथ उठाकर इसे पास किया। मौके पर मुखिया उपेंद्र शर्मा ने साफ-सफाई पर विशेष जोर देते हुए कहा कि घर व पंचायत क्षेत्र को साफ-सुथरा रखना हमसबों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि सभी चयनित योजनाओं को पारदर्शिता के साथ धरातल पर उतारकर पंचायत का चहुंमुखी विकास किया जायेगा। इसमें सभी की सहभागिता जरूरी है। मौके पर पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय, उप मुखिया संजय भारती, वार्ड सदस्य अनजिना एक्का, किरण देवी, अमन तिवारी, सुबोध रजक, संजय कुमार, अरविंद ओझा, श्रवण राम सहित संतोष शर्मा, स्वयंसेवक संतोष रजक, असलम अंसारी, महिला समूह की नीलम कुमारी, रीना देवी, रीता कुमारी के अलावे 80 लोग मौजूद थे।

## खस्ताहाल स्थिति में है चरही का इकलौता उप स्वास्थ्य केंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता



खस्ताहाल उप स्वास्थ्य केंद्र।

**चरही।** चरही क्षेत्र के इकलौता सरकारी उप स्वास्थ्य केंद्र के कई क्वार्टर लगभग तीन-चार दशकों से जर्जर अवस्था में पड़ा हुआ है। जिसे सुध लेने वाला कोई नहीं है। कई ऐसे भी क्वार्टर हैं जो खंडहर में तब्दील हो चुके हैं।

इस उप स्वास्थ्य केंद्र में दो डॉक्टर और पांच एएनएम कार्यरत हैं। इन लोगों को रहने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है ।केंद्र में आवास नहीं रहने के कारण अपने घर रामगढ़,रांची और हजारीबाग से किराये के वाहन से आना-जाना करते हैं ।जो काफी कठिनाइयों का सामना प्रतिदिन करना पड़ रहा है ।एक समय में यह उप स्वास्थ्य केंद्र इलाज के मामले में काफी चर्चित रहा है। डॉक्टर से लेकर नर्स तक चरही केंद्र में दिन-रात केंद्र में रहकर मरीजों के इलाज में तत्पर रहा करते थे ।मरीजों का इलाज भी समय पर होता था। एक नर्स अंजू कुमारी जर्जर क्वार्टर मे रहकर पूरे अस्पताल को देख रही हैं। रात में कोई आसन्न प्रसवा पहुंचती है, तो इलाज करने में और भी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। अगर डॉक्टरों और नर्सों के लिए आवास का निर्माण हो जाये, तो महिला-पुरुष या फिर दुघर्टनाग्रस्त लोगों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

### हजारीबाग के बड़कागांव में खतियानी महाजुटान में गरजे जयराम महतो, कहा

## जमीन माय है, जकरा सम्मान खातिर जान दिये क तैयार हीय

खबर मन्त्र संवाददाता




खतियानी महाजुटान में बोलते जयराम महतो।

**बड़कागांव।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति गोंदलपुरा के तत्वधान में खतियानी महा जुटान का आयोजन फुटबॉल मैदान गोंदलपुरा में किया गया। मंच की अध्यक्षता पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला व संचालन कृष्णा राणा ने किया। इसका विधिवत उद्घाटन अतिथियों ने फीता काटकर किया।

कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि जयराम महतो ने खोरठा भाषा में अपने संबोधन में कहा कि जमीन हमइन के माय है, आर माय माटी से हमर पेट भरत है। जकरा सम्मान खातिर हम अपन जान दिए क तैयार हीय। आगे बताया कि हम भी भारत का विकास चाहते हैं लेकिन भूमि अधिग्रहण बिल 2013 के अनुरूप कंपनी जमीन के बदले जमीन, ग्रामीणों की 80% की सहमति, अधिकतम बाजार मूल्य के 4 गुना राशि का भुगतान, जमीन दाता एवं उनके परिजनों को नौकरी, सुनिश्चित करें या सरकार मेघालय और मिजोरम की तर्ज पर कोयला खनन का अधिकार ग्राम सभा को दें। भौतिक संसाधनों का अधिकार सिर्फ ग्रामसभा को है। इसलिए खानाबदोश व प्रदूषण तथा बीमारी के लिए क्षेत्र की 1 इंच भी जमीन नहीं देंगे और ना ही अदानी कंपनी को क्षेत्र को बर्बाद करने देंगे। आगे उन्होंने कहा कि पूर्वजों ने गढा, नाला, जंगल, झाड़ को अपना खून और पसीना बहा कर समतल किया और उपजाऊ बनाया जिस पर सिर्फ धान और गेहूं ही नहीं बल्कि गन्ना मकई मटर आलू टमाटर चना अरहर लहसुन प्याज समेत कई तरह के बहू फसली का उपजाऊ किया जा रहा है और अपनी जीविकोपार्जन के साथ-साथ परिवार का विकास किया जा रहा है जिसे हम कभी मिटने नहीं देंगे। ऐसे बहुत असली उपजाऊ जमीन को सरकार की गलत नीतियों और प्रशासन के सहयोग से अदानी कंपनी बर्बाद करना चाहती है जिसे कभी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं समाजसेवी विकास कुमार ने कहा कि भाषा और खतियान बचाने की जरूरत है आज हमारे खनिज संपदा नेताओं के गलत नीतियों के कारण अभिशाप बन गया है। पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला ने कहा कि प्रकृति और संस्कृति को बचाना हमारा फर्ज है जल जंगल जमीन हमारा है हम इसे खोने नहीं देंगे।

### सेना के पराक्रम को सैल्यूट : एचएन यादव



**बासल (रामगढ़)।** पिछले 9 दिसंबर को चीनी सेना जिनकी संख्या करीब 300 से ज्यादा थी एक बार फिर से अरुणाचल प्रदेश के सीमाओं मे घुसपैठ का प्रयास को विफल किए जाने पर कारगिल फाइटर सूबेदार (सेवानिवृत्त) एचएन यादव ने सेना के शौर्य और पराक्रम को सेल्यूट किया है। एचएन यादव ने कहा कि अपनी सेना की निडरता, निर्भीकता और बर्डर एरिया (एलएसी) में रूल अफ एंगेजमेंट को फलो करते देश ने लाइव देखा। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि हमारी सेना कितनी मजबूत और फौलादी है। उन्होंने बताया कि हमारी सेना की जितनी भी सराहना की जाये कम है।


## स्पीड न्यूज

### डीसी ने चेकडैम का किया निरीक्षण



लोहरदगा।उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने गुरूवार को सेन्हा प्रखंड का किया दौरा। इस दौरान उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय परिसर में बन रहे पुस्तकालय का निरीक्षण किया और अगले तीन दिनों के अंदर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।उपायुक्त द्वारा उगरा पंचायत के टेंगरिया में लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा द्वारा निर्मित चेकडैम का निरीक्षण किया गया और आवश्यक निर्देश अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा को दिये गये। इस मौके पर अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अशोक चोपड़ा, अंचल अधिकारी विजय कुमार, लघु सिंचाई प्रमण्डल अभियंता रामकुमार बेदिया समेत अन्य उपस्थित थे।

### लोहरदगा में धान खरीद केंद्र खुला



लोहरदगा। जिला में धान अधिप्राप्ति के लिए निंगनी लैम्पस में धान खरीद केंद्र के उद्घाटन विधायक लोहरदगा सह खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने फीता काटकर किया।इस अवसर पर निशित जयसवाल ने कहा कि लैम्पस के खुल जाने से किसानों में खुशी का माहौल है। धान अधिप्राप्ति होने से किसानों की धान का निर्धारित मूल्य मिलेगा एवं मुनाफा होगा लैम्पस के खुल जाने से अब किसानों को अपना उत्पादित धान बेचने में सहूलियत होगी। जिससे किसानों को काफी लाभ मिलेगी किसान अपनी फसल का सही मूल्य प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही कहा कि किसान अपनी धान केंद्र में रजिस्ट्रेशन करा के लैम्पस में ही दे और लाभ ले । अब किसान बिजोलिया मुक्त धान अधिप्राप्ति केंद्र पर ध्यान देंगे अपनी मेहनत का सही दाम लेंगे ।

इस मौके पर मुख्य रूप से जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अमित बेसरा, किस्को 20 सूत्री अध्यक्ष सामूल अंसारी, पेशरार 20 सूत्री अध्यक्ष रविंद्र सिंह, असलम अंसारी, लैम्पश अध्यक्ष , एजीएम , एवं सभी किसान धान अधिप्राप्ति के लिए उपस्थित थे ।

### छात्रों ने वनभोज का लिया आनंद



**लोहरदगा।** मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला महाविद्यालय लोहरदगा की छात्राएं शैक्षणिक परिभ्रमण के दौरान क्षेत्र के विकास, पर्यटन की संभावनाओं और प्रशासनिक व पुलिस के कामकाज से रूबरू हुईं। पेशरार थाना प्रभारी अख्तर अली और पेशरार के बीडीओ रमेश कुमार यादव ने अच्छा व्यक्तित्व और कैरियर बनाने के लिए छात्राओं का मार्गदर्शन किया। प्रिंसिपल प्रो स्नेह कुमार के नेतृत्व में कॉलेज के शिक्षक शिक्षकेतर कर्मी छात्राओं को लेकर शैक्षणिक परिभ्रमण पर पेशरार प्रखंड पहुंचे थे। साइंस और आर्ट फैकल्टी की छात्राओं ने पेशरार प्रखंड की वादियों में वनभोज का लुत्फ उठाया। यहां हुए विकास और पर्यटन के क्षेत्र की संभावनाओं से अवगत हुईं। छात्राओं ने पत्रकार की भूमिका में आकर अधिकारियों से सवाल पूछे। बीडीओ ने बताया कि पेशरार प्रखंड में बहुत तेजी से विकास हुआ है। अभी भी विकास और जनकल्याण की कई योजनाएं चल रही हैं। कई सड़क और पुल पुलिया का निर्माण हो रहा है। टूरिस्ट हब के रूप में यह प्रखंड विकसित हो रहा है। कॉलेज के शिक्षक ब्रजकिशोर बड़ाईक, गीता कुमारी, शशि कुमारी, रूबी कुमारी, नीति भारती मौके पर मौजूद थे।

### शोकाकुल परिवार से मिले आलोक साहू



लोहरदगा। चीरी पुल के समीप 2 दिन पहले ऑटो व मोटरसाइकिल में दुर्घटना हुई थी, जिसमें बराटपुर निवासी अमृत उरांव की मृत्यु हो गया था तथा उनका 7 वर्षीय पुत्र घायल हो गया था। गुरुवार को लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू कांग्रेसजनों के साथ सदर प्रखंड के बराटपुर गांव पहुंचकर स्वर्गीय अमृत उरांव के चाचा धनराज भगत पत्नी जुनिका उरांव सहित अन्य परिवारों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट करते हुए हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया। मौके पर आलोक कुमार साहू ने कहा कि आपदा विभाग से ?1 लाख साथ ही विधवा पेंशन एवं परिवारिक लाभ योजना के तहत ?20000 दिलाने का प्रयास करेंगे। ऑटो मालिक जिस कंपनी से इंश्योरेंस करवाएं हैं उस इंश्योरेंस कंपनी से मुआवजा राशि भी दिलवाया जाएगा। मौके पर से श्री साहू ने लोहरदगा प्रखंड विकास पदाधिकारी से वार्ता कर आपदा विभाग में शीघ्र रिपोर्ट करने एवं परिवारिक लाभ एवं विधवा पेंशन देने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की बात कहें। मौके पर शोक व्यक्त करने वालों में हिरही पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप खाखा, कांग्रेस नेता रफीक अंसारी, अविनाश उरांव, प्रकाश उरांव, चोन्हस तिर्की ,किरण खाखा, नेमहंती केरकेट्टा इत्यादि थे।

### होल्डिंग टैक्स वसूली में बंद हो धांधली: भगत

**लोहरदगा।** सामाजिक विचार मंच के संयोजक संदीप भगत ने नगर परिषद प्रशासन से मांग की है कि शहरी क्षेत्र में होल्डिंग टैक्स वसूली के नाम पर धांधली की जा रही है उसे अविलंब रोका जाए ।उन्होंने कहा है कि जिन व्यक्तियों का होल्डिंग टैक्स पिछले वर्ष तक का दिया हुआ है, जब वे चालू वित्तीय वर्ष का होल्डिंग टैक्स देने जा रहे हैं तो उनको कहा जाता है कि पिछले 4 साल 5 साल का आपका तीस हजार, चालीस हजार रूपया बकाया है ,उसे जमा करें। सामाजिक विचार मंच नगर परिषद प्रशासन से मांग करती है कि जब पिछले वित्तीय वर्ष का रसीद उपभोक्ता के पास है तो फिर घर बैठे हुए किसी कंपनी या किसी व्यक्ति के द्वारा पूर्व में 4 साल या 5 साल का बकाया बताते हुए कि आपका एरिया कम नापा गया था तो पिछले 4 साल 5 साल से जो टैक्स लिया जा रहा था।

### बाइक के साथ चोर गिरफ्तार



**लोहरदगा**।सदर थाना पुलिस ने बाइक चोर को चोरी के बाइक के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है ।जानकारी अनुसार 10 दिसंबर को रात्रि में लोहरदगा थाना अन्तर्गत ग्राम रेलवे साईडिंग अमृत पैलेश के पास से अभिषेक गुप्ता, पिता–रमेश गुप्ता छत्तरबगीचा निवासी का बुलेट मोटरसाईकिल नं0–खल्01एइ–0450 के चोरी हो जाने को लेकर लोहरदगा थाना काण्ड सं0–294/22,धारा–379 भा०द०वि० के तहत काण्ड दर्ज किया गया। सदर थाना पुलिस ने अनुसंधान के क्रम में चोरी हुई मोटरसाईकिल को अभियुक्त जाहिर अंसारी, पिता स्व० बसीर अंसारी, सा०– गौस नगर कुटम थाना एवं जिला लोहरदगा के घर से बरामद किया। तथा काण्ड में संलिप्त अभियुक्त जाहिर अंसारी को गिरफ्तार किया गया। इस घटना के उद्भेदन में थाना प्रभारी मन्टु कुमार, पु०अ०नि० कुलदीप कुमार राम, पु०अ०नि० पंकज कुमार शर्मा, पु०अ०नि० टीनू साव, एवं सशस्त्र बल लोहरदगा थाना का योगदान रहा।

### कबड्डी में कमल दल अव्वल

**लोहरदगा।** बाल विद्या वेश्म महादेव आश्रम में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद के दूसरे दिन कबड्डी एवं एथलेटिक्स प्रतिस्पर्धा आयोजित हुआ ,जिसमे क्रमशः कबड्डी में प्रथम कमल दल, द्वितीय सूर्यमुखी दल एवं तृतीय लिली दल रहा। खेल प्रतियोगिता प्रधानाध्यापिका रीता पाण्डेय, खेल शिक्षक रामस्वरूप प्रसाद, अर्जुन कुमार, सचिन उरांव , शनि उरांव एवं सभी शिक्षिकाओं के सहयोग से आयोजित की जा रही है। खेलकूद प्रतियोगिता का समापन 17 मार्च 2022 को शनिवार को संपन्न होगा। समापन दिवस पर मुख्य अतिथि एसडीओ अरविंद कुमार एवं मदन मोहन पांडेय विशिष्ट अतिथि के रूप में होंगे। समापन के मौके पर रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन होगा।

# मुक वधिर स्कूल के बच्चों को डीसी ने दिया गर्म वस्त्र

**▸▸ नरसेवा नारायण सेवा के तहत गुमला के उपायुक्त सुशांत गौरव कर रहे हैं मानवता की सेवा यूनिफार्म, जूता, मोजा, टोपी व अन्य सामग्री भी बांटी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** नर सेवा ही नारायण सेवा है। इसी भावना स ओतप्रोत जिले के उपायुक्त सुशांत गौरव हमेशा मानवता की सेवा के लिए आगे बढ़कर काम करते हैं। गुरूवार को उपायुक्त सुशांत गौरव ने सिलम स्थित मुक वधिर आवासीय विद्यालय के बच्चों के बीच गर्म वस्त्र, यूनिफार्म, जूता, मोजा, गर्म टोपी आदि वितरण कर अपनी सेवा भाव को प्रदर्शित किया है। बच्चे उपायुक्त से सामग्री पाकर काफी खुश थे। मुक वधिर आवासीय विद्यालय में दिव्यांग बच्चे अध्ययन करते हैं। जिनके माता-पिता गरीबी रेखा के श्रेणी में आते हैं। पूर्व में उपायुक्त ने विद्यालय की बच्चों की स्थिति देखी थी तो उन्हें स्वेटर सहित अन्य सामग्री प्रदान करने का वादा किया था। जिसे पूरा करते हुए उन्होंने कहा कि वे जल्द ही बच्चों के च्वाईस विजिट का भी पलान बना रहे हैं। ताकि वे अपने इच्छा के अनुरूप घूम सके। उपायुक्त ने कहा कि दिव्यांग बच्चे सामाज के अभिन्न अंग है। इनको वो सभी खुशियां मिलने चाहिए जो जरूरी है। उन्होंने कहा कि बेहतर शिक्षा प्राप्त कर बच्चे समाज के विकास में आगे चलकर योगदान करें। इस अवसर पर विद्यालय में पढ़ने वाले करीब 42 बच्चों के बीच स्वेटर सहित अन्य सामग्री व मिठाई का वितरण किया गया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, विद्यालय के प्रधानाध्यापक नंदकिशोर बाबू महान सहित कई लोग उपस्थित थे।



बच्ची को सामग्री देते उपायुक्त और जिला समाज कल्याण पदाधिकारी।

# बालू की बंदोबस्ती कहीं खनन कहीं और हो रहा

**सिसई प्रखंड के लरंगो नदी में बना इंटक वेल को भी बालू खनन से हो रहा नुकसान ग्रामीणों के विरोध के बाद भी नहीं थम रहा है खनन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखंड के लरंगो दक्षिणी कोयल नदी में बंदोबस्ती के बाद भी अवैध बालू का उत्खन्न बेरोटोक जारी है। नदी में बालू उठाव के लिए जिस घाट पर बंदोबस्ती की गई है उक्त स्थल से कहीं और जाकर बालू का अवैध उत्खन्न किया जा रहा है। आये दिन गांव के ग्रामीणों के द्वारा विरोध भी दर्ज कराया गया, लेकिन बालू माफियाओं के खिलाफ आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। बालू निकासी का बंदोबस्ती सिसई प्रखंड क्षेत्र के सीमान से किया गया है लेकिन ठीकेदार के द्वारा घाघरा प्रखंड क्षेत्र के सीमान से बालू की निकासी की जा रहा जो अवैध है। कोयल नदी के जिस सीमान से अवैध बालू का खनन किया जा रहा वहां पर घाघरा प्रखंड के लिए बना जलापूर्ति का कुंआ है। जबकि अवैध बालू निकासी से जलापूर्ति के लिए बना इंटक वेल को नुकसान हो रहा है। वहीं बालू माफिया इतने तेज दिमाग के हैं कि एक ही चलान से कई हाईवा बालू रांची भेज रहे हैं। मजेदार बात तो यह है कि कई वाहनों का नंबर पल्टे भी एक ही है। जिसे बालू के तस्करी का खेल जारी है। घाघरा व सिसई के ग्रामीणों ने कई बार इस मुद्दे को लेकर जिले के मुखिया को भी ज्ञापन सौंपा लेकिन समाधान अब तक नहीं हो पाया। वहीं माफिया तत्व इस तरह सक्रिय हैं कि बालू से सोना निकालकर राज्य की संपाद को लूट रहे हैं। जिसपर अंकुश लगाने की हिम्मत जिला खनन विभाग भी नहीं उठा पा रहा है क्योंकि खनन विभाग तो जिले में नाम मात्र के लिए कार्य कर रहा है। अगर विभाग इतना सक्रिय होता तो शायद जिले में बड़े पैमाने पर बालू हो, पत्थर हो या बाक्साईट अवैध उत्खन्न करने से कतराते।



ट्रैक्टर से नदी से निकाला जा रहा अवैध बालू ।

### जन्म-मृत्यु का निबंधन जरूर करायें : उपायुक्त



**गुमला।** जिला सांख्यिकी कार्यालय गुमला के द्वारा गुरूवार को नगर भवन में जन्म व मृत्यु पंजीकरण को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विधिवत उदघाटन उपायुक्त सुशांत गौरव ने किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि जन्म-मृत्यु निबंधन बहुत ही आवश्यक है। हर व्यक्ति को अपने परिवार के सदस्यों का जन्म व मृत्यु पंजीकरण कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण सह कार्यशाला का उद्देश्य यह है कि लोगों को आवेदन के उपरांत जल्द से जल्द जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र मुहैया कराया जाए। बहुत से लोग जान रहे हैं लेकिन पब्लिक को कैसे उपलब्ध कराना है यह समझ नहीं पा रहे हैं। प्रशिक्षण के बाद 48 घंटे के अंदर जन्म प्रमाण पत्र व मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना है ताकि लोगों को जरूरत के समय इन कागजों का उपयोग कर लाभ प्राप्त कर सकें। कार्यशाला में एसडीओ रवि जैन, एसडीओ बसिया संजय पीएम कुजूर, बीडीओ बसिया रविंद्र गुप्ता, अस्पताल उपाधीक्षक अनूपम किशोर, विभिन्न विभागों के कर्मी उपस्थित थे।

### कुडू में लड़की ने की आत्महत्या

कुडू ।थाना क्षेत्र के टिको तेतरटोली में पिछले आठ माह से लिव इन रिलेशनशिप में रह रही लड़की ने अपने दुपट्टे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस को गुरुवार सुबह सुचना मिली पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया है। स्व. बुद्धदेव उरांव की पुत्री पूर्णिमा कुमारी मर्जी से टिको तेतरटोली निवासी सुकेश उरांव के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही थी । पूर्णिमा कुमारी के पिता की मौत काफी पहले हो चुकी है. बुधवार को घर के सभी सदस्यों के साथ पूर्णिमा भी खेत में काम करने गई थी ।दोपहर बाद अकेले वापस लौट गई थी । देर शाम जब सभी वापस घर लौटे तो घर का दरवाजा खुला था तथा पूर्णिमा के कमरे का दरवाजा बंद था । परिवार वालों ने इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों के मौजूदगी में कमरें का दरवाजा खोला गया तब पता चला कि पूर्णिमा कुमारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। सअनि संजय कुमार ने शव को पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

# 30 किसानों को मिला मृदा कार्ड व ड्राम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशुनपुर ने गुरूवार को सुगाकांटा गांव में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए जीवामृत बनाने के लिए ड्राम एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानों को दिया। विकास भारती बिशुनपुर के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती के माध्यम से किसान अपनी टिकाऊ आय को बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं।

वहीं कृषि विज्ञान केंद्र इस जिले में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रशिक्षण एवं किसान गोष्ठी के माध्यम से किसानों को प्रशिक्षित कर रहा है। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक इंजीनियर यनो राई ने किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभ एवं इसकी महत्ता पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अगर हम प्राकृतिक खेती को अपनाते हैं

**प्राकृतिक खेती से आय को बढ़ा सकते हैं किसान : महेंद्र भगत**

तो आने वाले दिनों में रासायनिक उर्वरकों से हमारी निर्भरता घटेगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को जीवामृत बनाने की विधि को बताते हुए कहा कि 1 एकड़ क्षेत्र में 200 लीटर जीवामृत की आवश्यकता पड़ती है। जिसे बनाने के लिए 200 लीटर के प्लास्टिक ड्रम में 5 से 7 लीटर देसी गाय का मूत्र एवं सात से आठ किलोग्राम ताजा गोबर को 200 लीटर पानी में घोल देते है। आने वाले दिनों में प्राकृतिक खेती किसानों के लिए वरदान साबित होने वाली है। इस कार्यक्रम में 30 किसानों को जीवामृत ड्रम एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। इस अवसर पर मदन नगेसिया, नेहरू नगेसिया, यशोदा देवी, सुनीता देवी के साथ-साथ 50 किसान उपस्थित थे।

### बाबा भिखराम भगत की जयंती धूमधाम से मनेगी



घाघरा। राजी पड़हा के प्रथम दीवान बाबा भिखराम भगत की जयंती समारोह को मनाने को लेकर राजी कोटवार कैप्टन लोहरा उरांव की अध्यक्षता में गुरूवार को घाघरा प्रखंड में समाज के सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जयंती समारोह परम्परागत तरीके से धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि घाघरा प्रखण्ड क्षेत्र के पहानों के अध्यक्ष प्रेमचंद भगत होंगे। इस अवसर पर पडहा पुंप मासिक पत्रिका को फिर से प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कैप्टन श्री लोहरा उरांव ने कहा कि समारोह में क्षेत्र के कई सामाजिक अगुवा को सम्मानित किया जाएगा। हमारे सामाजिक अगुवा की वजह से हमारी भाषा-संस्कृति, रीति-रिवाज, पर्व-त्योहार, शादी-विवाह, जन्म से लेकर मरण तक के हर संस्कार को जीवित रखने में कामयाबी मिली है।

# रांची को जोड़ने वाली खरता-मेलानी सड़क बदहाल

**मृत्युंजय तिवारी**

कैरो। आजादी के 75वें वर्ष बीतने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्र का जनजीवन को देखा जाए तो किसी खास सुधार की स्थिति नजर नहीं दिखाई देती है। इसका एक उदाहरण प्रखंड मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर लोहरदगा जिला को रांची जिला से जोड़ने वाला खरता-मेलानी सड़क की बदहाल स्थिति है।इस सड़क का निर्माण तो छोड़िए जीर्णोद्धार का पहल अभी तक नही हो पाया है।

बदहाल सड़क का हाल ये है कि लोहरदगा जिला के कैरो प्रखंड अंतर्गत खरता से रांची जिला के मेलानी तक महज एक किलोमीटर का सड़क गाड़ी तो छोड़िए पैदल पार होने में करीब 30 मिनट का समय लग जाता है। दूसरी तरफ अगर इस सड़क को उपयोगिता की बात करें तो लोहरदगा जिला के लोहरदगा जिला के नागजुवा रेलवे स्टेसन से लेकर चाल्हो, सढ़ाबे, टाटी, खरता, हनहट, एड़ादोन, गजनी,



महवरी सहित दर्जनों गांव व रांची जिला से आने वाले चान्हो प्रखंड मुख्यालय सहित गनेशपुर, रघुनाथपुर, मुरतो, चुटीवो, कुलु, होंदपिडी सहित दर्जनों ऐसे गांव हैं जहाँ के राहगीरों के लिए यह सड़क लाइफलाइन हो सकती है। जिसका मुख्य कारण यह है कि लोहरदगा अंतर्गत कैरो प्रखंड के दर्जनों गांव के छात्र-छात्राओं, किसान, मरीज, सरकारी कर्मियों को अस्पताल, कॉलेज, रेल, बस का सफर के लिए हनहट मदरसा होकर रांची जाने में खरता से चान्हो तक 19 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है जबकि अगर खरता-मेलानी का सड़क बन जाये तो खरता से चान्हो मुख्य सड़क तक जाने में महज 7 से 8 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ेगा। अगर यह सड़क बन जाता है तो जहां एक तरफ स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्रों को सहूलियत होगी। वहीं दूसरी तरफ जिन सब्जी फसल उत्पादकों को बाजार तक जाने में अतिरिक्त 100 रुपया देना पड़ता है उनको मात्र 20 से 30 रुपया में बाजार पहुँच सकते हैं। इसी तरह किसी मरीज अथवा रेलवे यात्रा करने वाले भी सड़क की जर्जर स्थिति के कारण किसी और रास्ते का चयन करना पड़ता है। तत्कालीन उप विकास आयुक्त दानियल कंडुलना ने पैदल चलकर निरीक्षण किया और बनवाने का भरोसा ग्रामीणों को दिलाया था जिसके बाद तत्कालीन उपायुक्त एस बी बरवार ने भी जीर्णोद्धार का भरोषा दिलाया था किंतु दो जिला का क्षेत्र होने के कारण काम होने में परेशानी की बात कही थी। ग्रामीणों द्वारा क्षेत्र भ्रमण के क्रम में सांसद सुदर्शन भगत से भी मांग की थी कि यह क्षेत्र एक ही संसदीय क्षेत्र में आता है अतः आपके द्वारा निर्माण कराया जा सकता है, जिसपर उन्होंने भरोसा दिलाया था इसके बावजूद अबतक कोई पहल नहीं की।

**अधिकारियों की लापरवाही और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते सात की जगह 17 किलोमीटर चलने को मजबूर ग्रामीण**

## एक नजर में

### बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में सिसई डे बोर्डिंग की टीम ने लहराया परचम



**सिसई।** धानबाद के गोमो में आयोजित बालिका कबड्डी प्रतियोगिता के फाईनल मैच में डे बोर्डिंग सिसई की टीम ने रांची को हराकर विजय पताका लहराया है। जीत के साथ सिसई के टीम ने पूरे गुमला जिला का नाम रौशन किया। डे बोर्डिंग सिसई की टीम ने प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन किया। इस पर नवजीवन खेलकूद क्लब सिसई के द्वारा टीम को जीत का शुभकामना एवं बधाई दिया। बधाई देने वालो मे मुख्य रूप से दिपक अधिकारी,कैप्टन सोहराय उरांव,रोहित शर्मा,महावीर राम लोहरा,कार्तिक उरांव,प्रशिक्षक बीरबल लोहरा,कृष्णा कुमार साहू सुषमा नाग,जगदेव गोप,सीता उरांव,फुटबॉल आवासीय प्रशिक्षीका बिणा केरकेटा आदि शामिल हैं।

### नहाने के दौरान कुएं में गिरी वृद्ध महिला

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र के गिरजा टंगरा टोली की एक वृद्ध महिला नहाने के दौरान कुएं में गिर गई। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से कुएं से निकालकर पालकोट उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया। जहां डॉक्टरों ने स्थिति की गंभीर को देखते हुए वृद्ध महिला को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि गिरजा टंगरा टोली की 43 वर्षीय वृद्ध महिला घर से कुछ दूरी पर नहाने के लिए गई हुई थी। जहां पैर फिसलने से कुएं में जा गिरी। जहां स्थानीय लोगों की मदद से उसे निकाला गया।

### सड़क हादसे में बाइक सवार तीन छात्र घायल

गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के सिसई रोड करमडीपा के समीप स्कूल से छुट्टी होने के बाद बाइक घर से जा रहे तीन छात्र सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। घटना की जानकारी देते हुए धोधरा पाकर टोली निवासी घायल छात्र फगुआ किंडो ने बताया कि वे तीन दोस्त एसएस हाई स्कूल गुमला में पढ़ते हैं। स्कूल छुट्टी होने के उपरांत बाइक में सवार होकर घर वापस जा रहे थे। बाईक में अनमोल टोप्पो व अजीत लोहरा भी उसके साथ में थे। करमडीपा के समीप अचानक रोड में कुत्ते के दौड़ जाने से बाईक अनियंत्रित होकर गिर गया। जहां दोनों लड़कों के अलावा अनमोल टोप्पो को गंभीर चोट लगी है। वही डॉक्टर ने बताया कि अनमोल की स्थिति में सुधार नहीं होने पर रांची रिम्स रेफर किया जाएगा।

### पूर्व वार्ड पार्षद कृष्णा राम को दी गयी श्रद्धांजलि

**गुमला।** बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं नगर के पूर्व वार्ड पार्षद कृष्णा राम के असामयिक निधन पर श्री बड़ा दुर्गा मंदिर पूजा समिति ने गहरा शोक व्यक्त किया है। समिति के अध्यक्ष निर्मल कुमार गोयल की अध्यक्षता में हुई शोक सभा में समिति के सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि स्व. कृष्णा राम शहर के एक समर्पित समाजसेवी थे तथा सामाजिक कार्यो में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते थे। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। शोक व्यक्त करने वालों में राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, द्वारिका मिश्र ₹सुमन₹, विश्वनाथ पाण्डेय,ओम प्रकाश साहु, अशोक शर्मा, भूपन साहु, हरिशंकर त्रिपाठी, रुपेश भगत, अवधेश गोप,मिथुन कुमार, ओम प्रकाश साह,सूरज सिंह, बुल्लू पाठक,गोपाल वर्मा आदि हैं।

### लायंस क्लब का मोतियाबिंद कैंप 18 को

**गुमला।** लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा 18 दिसंबर दिन रविवार को लायंस अस्पताल बिंदेश होटल के पीछे निशुल्क लेंस प्रत्यारोपण सह मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया है। मरीज जांच हेतु ला. अशोक कुमार जायसवाल के मेन रोड गुमला स्थित प्रतिष्ठान में अपना पंजीयन करा सकते हैं। शिविर में रांची के नेत्र सर्जन डॉक्टर नवल व टीम के द्वारा मरीजों का जांच व ऑपरेशन किया जाएगा। यह शिविर बिल्कुल ही निशुल्क है, खाना चश्मा एवं दवा भी दिया जाएगा।

### धरना को ले जेएनडी ने किया चैनपुर का दौरा



**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल व अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा के संयुक्त बैनर तले रांची के राजभवन के समक्ष 20 दिसंबर 2022 को आयोजित विशाल धरना कार्यक्रम की तैयारी को लेकर झारखंड नवनिर्माण दल के नेताओं ने चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र का दौरा कर कार्यकताओं से कार्यक्रम में चलने की अपील की । मौके पर झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि सरकार की गलत नीति के कारण मजदूर व किसानों का चौतरफा शोषण हो रहा है जिसे बर्दाशत नहीं किया जाएगा । श्री सिंह ने 20 दिसंबर को चैनपुर , जारी व डुमरी प्रखंड क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में धरना कार्यक्रम में रांची चलने की अपील की । विदित हो कि धान खरीद में नगद भुगतान, ग्रामीण क्षेत्र में पुराना बिजली बिल को माफ करने , केसीसी लोन माफी का किसानों को प्रमाण–पत्र देने, किसानों की सहमति से व निगरानी में सिंचाई जैसी योजना चलाने तथा मजदूर हित की मांग को लेकर कार्यक्रम की तैयारी में पंचायत और ग्राम स्तर पर स्थानीय नेता व कार्यकर्ता जुटे हुए हैं । इस मौके पर फिलमोन कुजूर , भूषण सिंह, फबयानुस सारस , प्रकाश उरांव , बिनय सिंह , गोपाल लोहरा , इमानुएल उरांव , चितरूस उरांव , रामचंद्र बैगा , सुरेंद्र बैगा , मोहन तिर्की सहित कई लोग उपस्थित थे।

### डुगडुगी बजाकर मिशन बदलाव सदस्य ने सुपा के ग्रामीणों को दी शिक्षा की जानकारी




**गुमला।** मिशन बदलाव सदस्य बुशेश्वर उरांव के द्वारा गुरूवार को भरनो के सुपा गांव में शिक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। डमरू बजा कर गांव वालों को इकट्ठा करके उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आप सभी लोग जानते हैं शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। जहां शिक्षा हैं वहां विकास है। हम करोड़ो रूपया कमा लिए पर उस पैसा को खर्चा करने के लिए भी शिक्षा का होना बहुत जरूरी है। आज जैसे–जैसे शिक्षा का महत्त्व बढ़ता जा रहा है। गांव में शिक्षा का स्तर घटता जा रहा है। इसके बहुत सा कारण है सबसे मुख्य कारण है गार्जियन का अशिक्षित होना। इसी तरह बहुत से कारण है जिसके कारण शिक्षा का स्तर घटता जा रहा है। इसमें सुधार के लिए सभी शिक्षित लोगों को आगे आना होगा। आज मैं डमरू बजा कर ग्रामीणों को इकट्ठा किया और शिक्षा के विषय में बहुत ही बारिकी से समझाया और स्कूल छोड़ चुकी बहुत बच्चों में से कुल आठ(8) बच्चों को खुद स्कूल ले जा कर पुनः नामांकन करवाया। जिस दिन गांव शिक्षित हो जायेगा उस दिन देश अपने आप शिक्षित हो जायेगा और शिक्षित समाज से ही देश का विकास होगा।

# खरीफ विपणन मौसम धान अधिप्राप्ति को ले क्रय केंद्र का उपायुक्त ने किया शुभारंभ

सरकार द्वारा निर्धारित साधारण धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य 2040 प्रति क्विंटल एवं ग्रेड ए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2060 प्रति क्विंटल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार प्रखंड अंतर्गत जालिम खुर्द पंचायत स्थित जालिम खुर्द लैंप्स में खरीफ विपणन वित्तीय वर्ष 2022-23 के तहत धान अधिप्राप्ति को लेकर क्रय केंद्र का शुभारंभ किया गया। क्रय केंद्र का उद्घाटन उपायुक्त भोर सिंह यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी लातेहार, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मुखिया एवं पैक्स अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। इस मौके पर वर्ष 2022-2023 के लिए सरकार द्वारा निर्धारित साधारण धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य 2040 प्रति क्विंटल एवं ग्रेड ए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2060 प्रति क्विंटल की दर पर किसानों से धान क्रय करने का काम प्रारंभ किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा सभी को संबोधित करते हुए किसानों से पैक्स के माध्यम से ही धान की बिक्री करने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि सरकार का हमेशा प्रयास रहा है कि किसानों को उनके फसलों का उचित समर्थन मूल्य मिले। सरकार द्वारा निर्धारित उचित समर्थन मूल्य पर पैक्स द्वारा किसानों से धान खरीद की जाएगी। इस दौरान उन्होंने छोटे किसानों को भी पैक्स के धान अधिप्राप्ति केंद्र में ही धान की बिक्री करने की बात कही। उन्होनें कहा कि इसके लिए पैक्स के सदस्य को गांव-गांव जाकर किसानों को धान खरीद की जानकारी देने की आवश्यकता है, ताकि किसानों को सरकारी क्रय केन्द्र वाले पैक्स से समुचित लाभ मिल सके। सभी किसान पैक्स के धान अधिप्राप्ति केंद्र में ही धान की बिक्री करें। लैंपस के द्वारा खरीदे गये अनाज का मूल्य किसानों के बैंक खाते में सीधे हस्तांतरित किया जायेगा। उन्होंने धान अधिप्राप्ति के लिए अधिक से अधिक निबंधन कराने के लिए किसानों को जागरूक करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि धान की खरीदारी में बिचौलियागिरी नहीं हो यह सुनिश्चित करें। अगर धान अधिप्राप्ति में किसानों को किसी भी तरह की दिक्कत हो तो सीधा उपायुक्त कार्यालय या सहकारिता विभाग के साथ-साथ विभागीय पदाधिकारियों समेत खुद उनसे सम्पर्क कर सकते हैं। तत्काल उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों की धान अधिप्राप्ति में किसी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिले अंतर्गत सभी धान क्रय केंद्रों पर धान अधिप्राप्ति को ले क्रय केंद्र का शुभारंभ किया गया तथा किसानों से ग्रेड ए किस्म की धान 2060 तथा सामान्य ग्रेड की धान 2040 की दर से खरीद की जा रही है। वहीं मननचोटाग लैंमपस में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्षा पूनम देवी एवं सांसद प्रतिनिधि विवेक चंद्रवंशी के द्वारा किया गया। जिसमें पूर्व जिला परिषद सह समाजसेवी राम देव सिंह, सरताज आलम सहकारिता पदाधिकारी एलेग्जेडर केरकेट्टा जनसेवक अवंतिका लैंपस के अध्यक्ष श्याम लाल उरांव, सचिव पवन कुमार एवं जनप्रतिनिधियों, ग्रामीण उपस्थित रहे।



शुभारंभ करते डीसी।

## चंदवा वन विभाग की टीम ने अवैध कोयला लदे ट्रैक्टर को पकड़ा, 90 हजार रिश्वत लेकर छोड़ा

वन विभाग के अधिकारी व कर्मी दे रहे हैं गोल मटोल जवाब, वरीय अधिकारी को इसकी भनक तक नहीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार जिला अंतर्गत चंदवा वन विभाग की टीम पर 90 हजार रुपये का रिश्वत लेकर पकड़े गए अवैध कोयला लदे ट्रैक्टर को छोड़े जाने का मामला सामने आ रहा है। पूरा मामला चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकनी और हुचलु के बीच की बतायी जा रही है। ग्रामीण सूत्रों ने बताया कि बुधवार की देर रात्रि वन विभाग के कर्मी अनुराग पांडेय व टीम के द्वारा एक कोयला लदा ट्रैक्टर को पकड़ा गया था। पकड़ा गया महिन्द्र शक्तिमान ट्रैक्टर हुचलु ग्राम निवासी कुर्बान मियां पिता सदीक मियां बताया जा रहा है। जिनसे विभाग के कर्मी के द्वारा 90 हजार रुपये लेकर ट्रैक्टर को छोड़ दिया गया। ट्रैक्टर पकड़े जाने के बाद रात्रि में ही जब हिंदी दैनिक खबर मंत्र के पत्रकार के द्वारा चंदवा रेंजर राकेश कुमार व विभाग के कर्मी अनुराग पांडेय से ट्रैक्टर पकड़े जाने के संबंध में पूछा गया, तो उन्होंने ट्रैक्टर पकड़े जाने की बात कबूल की, लेकिन जब गुरुवार की सुबह ट्रैक्टर से संबंधित जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो रेंजर व कर्मी में गोल मटोल जवाब देकर बचने का प्रयास करने लगे। रेंजर का कहना था कि ट्रैक्टर तो पकड़ा गया था, लेकिन दबंगों के द्वारा ट्रैक्टर को जबरन छुड़ाकर ले जाया गया है। क्योंकि वन विभाग के पास कोई हथियार नही रहता है, काफी रात्रि थी इसलिए उनका विरोध नहीं कर पाए।

अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकलने की बता कही। ऐसे में सवाल उठता है कि अगर वन विभाग के अधिकारी अवैध कोयला लोड ट्रैक्टर रात्रि में पकड़े थे तो चंदवा थाना या फिर सिकनी पिकेट को इसकी सूचना क्यों नही दी। खबर लिखे जाने तक वन विभाग के द्वारा न ही मामले में कार्रवाई की गयी थी और न हीं वरीय अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गयी थी। इधर ट्रैक्टर के छोड़े जाने के बाद से हीं बाजार में चचाओं का बाजार गर्म है। ग्रामीण सूत्रों ने बताया कि सिकनी वन क्षेत्र से अवैध रूप से कोयले का उत्खनन कर साईकल व बाइक में लोड कर जंगल में जमा किया जाता है, जमा किये कोयले को ट्रैक्टर में भरकर स्थानीय ईंट भट्ठों में सप्लाई किया जाता है। बीती रात भी उत्खनन कर जमा किये गए उसी कोयले को भट्ठा में भेजा जा रहा था, जिसे विभाग की टीम के द्वारा पकड़ा गया था।

**मामले में क्या कहते हैं डीएफओ :** इस संबंध में पुछे जाने में डीएफओ रौशन कुमार ने बताया कि उन्हे मामले की जानकारी नही है, मामला क्या है इसकी जांच की जायेगी।

## चंदवा व लाधुप लैंपस में धान अधिप्राप्ति केंद्र का हुआ उद्घाटन

2040 रु. न्यूनतम समर्थन मूल्य व 10 रुपये प्रति क्विंटल बोनस की दर पर होगी धान की खरीददारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** गैरेज लेन स्थित चंदवा लैंपस व लाधुप लैम्प्स में गुरुवार को झारखंड सरकार के द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की अधिप्राप्ति को लेकर धान क्रय केंद्र का शुभारंभ किया गया। चंदवा लैंपस में बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ विजय कुमार, प्रखंड उपप्रमुख अश्विनी मिश्रा, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष रामयश पाठक, प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के उपरांत रामपुर गांव के किसान रोशन सिंह ने 30 क्विंटल धान की बिक्री लैंपस में की। लैंपस के अध्यक्ष अध्यक्ष मांडू उरांव व संचालक संतोष सिंह ने बताया कि 2050 रुपए प्रति क्विंटल के दर से धान की खरीदारी करनी है। जिसमे 2040 रुपया न्यूनतम समर्थन मूल्य और 10 प्रति क्विंटल बोनस मिलेगा। बताया कि धान पूर्णतः साफ सुथरा एवं नमी 17 प्रतिशत से कम होना जरूरी है। उन्होंने आगे बताया कि धान अधिप्राप्ति के साथ किसानों का रजिस्ट्रेशन भी किया जा रहा है। जमीन की रसीद, बैंक पासबुक और आधार के साथ किसान निबंधन करा सकते हैं। इधर उद्घाटन के बाद कार्यपालिक दंडाधिकारी व चंदवा में धान क्रय केंद्र प्रभारी प्रीति सिन्हा ने दोनों लैंपसों का निरीक्षण कर धान अधिप्राप्ति की जानकारी भी ली। मौके पर प्रभारी राहुल रंजन व प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामनाथ यादव, लव पासवान, निर्मल भारती, सुधीर प्रसाद समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## बरवाडीह व छिपादोहर में धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ

- बिचौलिये के मकड़जाल से बाहर आकर केंद्र में ही अपने धान की बिक्री करें किसान : नसीम अंसारी
- प्रति पंचायत दो सौ नये किसानों को निबंधन करने का दिया गया लक्ष्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत मुख्यालय में स्थित मंगरा लेम्पस और छिपादोहर लेम्प्स में गुरुवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का उदघाटन जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह, प्रमुख सुशीला देवी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, युवा नेता विजय बहादुर सिंह के साथ-साथ अनुमंडल पदाधिकारी नीत निखिल सुरीन, बीडीओ राकेश सहाय एवं एमओ अनुज कु.शरण सहित कई गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 2040/- रुपये साधारण व ग्रेड ए 2060 रुपये प्रति क्विंटल पर किसानों से धान क्रय करने का काम प्रारंभ किया गया। जहां आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कु.शरण ने बताया कि वर्तमान में मंगरा लेंपस अंतर्गत 443 और छिपादोहर अंतर्गत 205 किसान निबंधित है। बताया कि निर्धारित मूल्य के अलावा राज्य सरकार किसानों को प्रति किंवटल 10 रूपया बोनस के रूप में दे रहीं है। उन्होंने बताया कि जिला उपायुक्त महोदय द्वारा दो हजार और नए किसानों का निबंधन कराने का निर्देश दिया है, ताकि शत प्रतिशत किसानों को सरकार की इस योजना से लाभान्वित किया जा सके। इसके लिए कृषक मित्र, एटीएम, जनसेवक और राजस्व कर्मचारी को निर्देश दिया गया है कि वह ज्यादा से ज्यादा किसानों का निबंधन कराएं। बताया की प्रति पंचायत दो सौ किसानों को निंबंधन करने का लक्ष्य दिया गया है। वहीं मौके पर उपस्थित बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ने कहा कि राज्य की सरकार किसानों के लिए समर्पित सरकार है। किसानों को उनकी फसल का उचित लाभ प्राप्त हो। इस दिशा में राज्य सरकार अनेक सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने प्रखंड के किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे बिचौलिया और दलालों के मकड़जाल से बाहर आकर धान अधिप्राप्ति केंद्र में ही अपने धान की बिक्री करें तथा ससमय भुगतान भी पाएं। वहीं उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों से कहा कि किसान को भुगतान करने में देरी नहीं हो इसकी उचित व्यवस्था की जाए जिससे की किसानों को अन्य फसल लगाने में कोई दिक्कत नहीं हो।

मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, वरिष्ट नेता अनिल सिंह, रविंद्र राम, दीपू तिवारी, भाजपा मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद, अवधेश मेहरा, अजीत गुप्ता और सुरेश मिश्रा सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।




धान विक्रय करते किसान।

## एक नजर में

### प्रखंड मुख्यालय के लैंपस भवन स्थित धान अधिप्राप्ति केंद्र में धान क्रय का हुआ शुभारंभ

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित लैंप्स भवन में धान अधिप्राप्ति केंद्र में धान क्रय का शुभारंभ बीडीओ दीपाली भगत, जनसेवक सह एमओ चंदन कुमार,जीप सदस्य रमेश राम, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी,पंसस जया देवी, पूर्व प्रमुख महावीर उरांव ने सयुंक्त रूप से फीता काटकर गुरुवार को किया। धान अधिप्राप्ति केंद्र में धान क्रय शुभारंभ के पश्चात बीडीओ दीपाली ने किसानों से अपील किया है कि आप सभी धान अधिप्राप्ति केंद्र में ही धान की बिक्री करें। प्रभारी एमओ चंदन कुमार ने बताया कि राज्य सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य बीस रुपये चालीस पैसे प्रति किलो व दस पैसे प्रति किलो बोनस के साथ धान क्रय किया जा रहा है। धान बिक्री के लिए जो किसान अभी तक निबंधन नही करा सके है वे अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में आधार कार्ड, पहचान पत्र,बैंक खाता व जमीन की रशीद सहित ऑनलाइन कराये। राजस्व उप निरीक्षक द्वारा सत्यापित होते ही आपके मोबाइल नम्बर पर मैसेज जाएगा आप धान बिक्री कर सकते है। एक किसान अधिकतम दो सौ क्विंटल धान बिक्री कर सकते है। धान सूखा रहना चाहिए।केंद्र में धान नमी मापक यंत्र है जिसमे आपके धान की नमी 17 अंक से कम होनी चाहिए तभी आपकी धान खरीदी जाएगी। समाचार लिखे जाने तक टोंटी हेसला निवासी सहदेव साव चालीस किवंटल धान बिक्री कर चुके थे। मौके पर जनसेवक अरविंद पांडेय, लैंप्स ऑपरेटर कृष्ण कुमार रजक, लैंप्स अध्यक्ष अनिल उरांव, सचिव राकेश रोशन, किसान बलदेव प्रसाद, रामा गंझू, नंदू उरांव, सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

### लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष ने धान अधिप्राप्ति केंद्र का किया उद्घाटन

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बालू ग्राम में गुरुवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी, अपर समाहर्ता लातेहार आलोक शिकारी कश्यप, बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर बोलते हुए लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी ने कहा कि बालूमाथ के सुदूरवर्ती गांव बालू में धान अधिप्राप्ति केंद्र खुल जाने से किसानों को धान की बिक्री करने में आसानी होगी। पहले बालूमाथ लैम्प्स में जाकर किसानों को धान पहुंचाना पड़ता था। जिस कारण लोग औने-पौने दाम में किसान धान बेच देते थे। वहीं अपर समाहर्त्ता आलोक शिकारी कश्यप ने कहा कि सरकार का पंचायत स्तर पर धान अधिप्राप्ति केंद्र खोलने का मकसद किसानों को बिचौलियों से मुक्ति दिलाना है। किसान अपने धान सरकार की ओर से निर्धारित समर्थन मूल्य 20.50 रुपए प्रति किलो के दर से बेच सकते हैं। इससे जहां किसानों को फायदा होगा। वहीं बिचौलियों से किसान को मुक्ति मिलेगी।मौके पर बालू पंचायत मुखिया संध्या देवी,बीपीओ आलोक कुमार,बीईओ मनीष पांडे,प्रखंड नाजिर सुमित सिन्हा, लैम्प्स अध्यक्ष दिनेश भगत, सचिव पनित उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मगध कोलियरी के आरा ग्राम में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता करेंगे ग्रामीणों के साथ बैठक

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी के आरा ग्राम में शुक्रवार यानी आज भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ग्रामीणों के साथ बैठक करेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा ने बतलाया कि प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव आरा ग्राम के ग्रामीण, भु-रैयत के साथ बैठक करेंगे ।बैठक में नौकरी,पुनर्वास,विस्थापन सहित कई मुद्दों पर चर्चा होगी। बैठक आरा स्थित मध्य विद्यालय परिसर में रखी गई है। बैठक में गणेशपुर, आरा, चमातू, हहुरवा, ओजा तिलैयाटांड सहित आसपास के ग्रामीण भाग लेंगे। मौके पर किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, रवि प्रकाश, दिलीप कुमार साहू, समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो छात्रा समेत तीन घायल

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अलग अलग स्थानों पर हुए दो सड़क दुर्घटनाओं में 2 छात्रा समेत 3 लोग घायल हो गए। पहली घटना एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग अंतर्गत हिसरी के पास हुई, जहां अज्ञात बस के चपेट में आने से 2 छात्राएं बबिता कुमारी पिता बीरबल लोहरा व पायल कुमारी पिता कंचन लोहरा (दोनो भुषाढ़ चंदवा) घायल हो गयी। दोनो छात्राएं कामता मवि की छात्राएं हैं, दोनो छात्राएं स्कूल से छुट्टी होने के बाद साइकल पर सवार होकर अपने घर जा रही थी, इसी क्रम में अज्ञात बस चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगो के सहयोग से दोनो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनो को छुट्टी दे दी गयी। वहीं दूसरी घटना एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा के देवनद के समीप हुई जहां एक तेज रफ्तार बाइक अनुज उरांव पिता जयमंगल उरांव को चपेट में लेते हुए अनियंत्रित होकर देवनद किनारे झड़ी में चला गया। घटना के बाद बाइक सवार तीनो युवक बाइक को छोड़कर भाग निकले वहीं बाइक के चपेट में आने से घायल हुए युवक को अचेतावस्था में सीएचसी लाया गया जहां उसका उपचार चल रहा था।

## दुर्घटना में 12 घायल, चार रिम्स रेफर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ में रांची-चतरा एनएच 22 मुख्य पथ पर गुरुवार सुबह हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में 12 मजदूर घायल हो गए। पहली घटना बालूमाथ मिशन के पास घटी। जहां सिंहवाहनी नामक यात्री बस में मजदूरों से भरी सवारी गाड़ी ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे सवारी गाड़ी में सवार दस महिलाएं घायल हो गयी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार यात्री बस ओभरब्रिज के पास गाड़ी खडा कर सवारी उतार रहा था। वहीं सवारी गाड़ी जेएच 01 डी 7817 बालूमाथ के चितरपुर ग्राम से मजदूर लेकर बालूमाथ की ओर आ रहा था। इसी दौरान अनियंत्रित सवारी गाड़ी ने पीछे से बस में टक्कर मार दिया। घायलों में सिमा कुमारी 19वर्ष पिता देवनाथ गंझु,मालो कुमारी 20वर्ष पिता मनीनाथ गंझु,मुनिका कुमारी 18वर्ष पिता बिरजू गंझु,बालकी कुमारी 18वर्ष पिता शामलाल गंझु,किरण कुमारी 18वर्ष पिता लल्लू गंझू,सुकरी देवी 35वर्ष पति सीताराम गंझु,गुड़िया देवी 20वर्ष पिता हरिनाथ गंझु,सुमन कुमारी,18वर्ष पिता बालकिशुन गंझु,सुशीला कुमारी 18वर्ष पिता नगीना गंझु सभी मुरगाँव थाना बालूमाथ निवासी और सुकरमनी देवी 34वर्ष पति शिवलाल उराँव चितरपुर थाना बालूमाथ निवासी शामिल है। घटना के बाद सभी घायलों को स्थानीय लोगों के सहयोग से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेश राम की देखरेख में सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं दुर्घटना में सुकरमनी देवी का जीभ कट जाने और सुकरी देवी के सीने में गम्भीर चोट की वजह से रांची रिम्स रेफर किया गया। वहीं दूसरी घटना बालूमाथ रेलवे ओभरब्रिज के पास घटी। जहां एक हाइवा ने बैक करने के क्रम में बाईक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाइक में सवार दो मजदूर घायल हो गए। घायलों में जाकिर हुसैन 50 वर्ष पिता कासिम मियां और प्रदीप साह 50 वर्ष पिता लगनु साव दोनो ग्राम जीपुआ थाना बालूमाथ निवासी शामिल है। दोनों मजदूर अपने घर से मजदूरी का काम करने चकला थाना चंदवा स्तिथ रेलवे कंट्रक्शन साइट जा रहे थे। इसी दौरान यह दुर्घटना हुई। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेश राम के द्वारा दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं बेहतर ईलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।



## खरवार भोगता समाज विकास संघ ने मनायी रामदेव गंझू की 8 वीं पुण्यतिथि

**चंदवा।** खरवार भोगता समाज विकास संघ के द्वारा गुरुवार को प्रखंड के चतरो गांव में समाज के अगुआ रहे रामदेव गंझू का 8 वां पुण्यतिथि मनाया गया। सर्वप्रथम उनके चित्र के समक्ष माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया, तत्पश्चात 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया। बतौर मुख्य वक्ता संघ के प्रखंड अध्यक्ष रामबचन देव गंझू व छोटू सिंह भोगता (सिमरिया) समेत अन्य वक्ताओं के द्वारा रामदेव गंझू के जीवनी पर प्रकाश डाला व समाज के कल्याण को लेकर उनके बताए पद चिन्हों पर चलने की बात कही। वक्ताओं ने कहा कि रामदेव गंझू ने अपना पूरा जीवन समाज के कल्याण के लिए लगा दिया था व समाज को हक अधिकार मिले इसको लेकर लंबी लड़ाई लड़ी थी। अलग झारखंड राज्य आंदोलन में भी उनका अहम योगदान रहा था। समाज को उनके पद चिन्हों पर चलने की जरूरत है। मौके पर उर्मिला देवी, दीपू भोगता, अमित गंझू, जागेश्वर गंझू, प्रकाश गंझू, रामधन गंझू, सतनारायण गंझू, महेश गंझू, बसंत गंझू, सुरेश गंझू, फूलचंद गंझू, बलेश्वर गंझू, प्रेम गंझू, उमेश गंझू समेत सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

## मनिका प्रखंड के परहिया टोला में आदिम जनजातियों को नहीं मिला प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का लाभ

# मामला लॉकडाउन के समय से आज तक का है, जांच कर कार्रवाई की जायेगी : डीडीसी

- डाकिया योजना के तहत घर-घर पहुंचानी थी राशन,राशन के लिए लोग आते हैं प्रखंड मुख्यालय
- 2 वर्षों से खराब पड़ा है चापाकल व जलमीनार, 2 किलोमीटर दूर जाकर लोग लाते हैं नदी से पीने के लिए पानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड के कोपे पंचायत अंतर्गत स्थित सेमरी गांव के परहिया टोला में आदिम जनजाति के लोगों को लॉकडाउन के समय से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मिलने वाली राशन नहीं दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामला कोपे पंचायत के परहिया टोला गांव का है जहां पर दर्जनों आदिम जनजाति के लोग निवास करते हैं। जहां पर आदिम जनजाति के लोगों को डाकिया योजना (पीटीजी) के तहत घर-घर राशन उपलब्ध कराना है। लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नहीं किया जा रहा है। गरीबों के साथ खिलवाड़ करते हुए कुछ अधिकारी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मिलने वाले फ्री राशन भी गबन कर जा रहे हैं। इस गांव में सभी आदिम जनजाति के लोगों का पीला राशन कार्ड है और इन्हें कार्ड के अनुसार 35 किलो राशन दी जाती है जबकि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लॉकडाउन के समय से मिलने वाली 35 किलो फ्री राशन कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से गबन कर लिया गया है। सबसे अहम खबर यह है कि डाकिया योजना (पीटीजी) के तहत सभी आदम जनजाति के लोगों को घर-घर राशन पहुंचाना है फिर भी इन्हें 15 किलोमीटर दूर प्रखंड मुख्यालय बुलाकर राशन दी जाती है। उसमें से भी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की राशन की कटौती कर इन्हें राशन दी जा रही है। वहीं दूसरी ओर 2 वर्षों पूर्व से लगा चापाकल व जल मीनार खराब पड़ा है जिस वजह से यहां रहने वाले आदिम जनजाति के लोग 2 किलोमीटर दूर जाकर नदी से पानी लेकर आते हैं जो कि इनके लिए बहुत ही बड़ी समस्या है। वहीं दूसरी ओर परहिया टोला गांव में जाने के लिए सड़क की भी सुविधा नहीं है जिससे लोगों को आवागमन के लिए काफी परेशानी होती है। मौके पर आदिम जनजाति के लोगों ने जिला प्रशासन व झारखंड सरकार से पूरे मामले की जांच पड़ताल कर मामले से संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग किया है। और सही से राशन का वितरण एवं पानी की सुविधा गांव में उपलब्ध करवाने की गुहार लगाई है।



जानकारी देते आदिम जनजाति के लोग

### क्या कहते हैं आदिम जनजाति के लोग

मामले से संबंधित जानकारी देते हुए सविता परही,कठोती परही,चमन परहिया,सुरेंद्र परहिया,लालधारी परहिया,रामलाल परहिया,जगरनाथ परहिया, जगरनाथ परहिया, फुलमतिया परही, सुगनी परही, रंजू परही, खुशबू परही, भवनाथ परहिया,पंकज परहिया ने बताया कि हम लोगों को लॉकडाउन के समय से ही प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत कार्ड के अलावा मिलने वाली फ्री राशन नहीं दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में हम लोगों ने गांव के मुखिया जनप्रतिनिधियों को जानकारी दी है पर आज तक किसी ने इस पर कोई पहल नहीं किया गया है।

### क्या कहते हैं लातेहार डीडीसी

इस विषय में जब लातेहार डीडीसी सुरेंद्र कुमार वर्मा से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि आदिम जनजाति के लोगों को डाकिया योजना के तहत घर-घर राशन पहुंचाना है और उनके राशन में कोई कटौती नहीं करना है। अगर उन्हें लॉकडाउन के समय मिलने वाली फ्री राशन नहीं दी गई है तो इसकी जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जाएगी।

### क्या कहते हैं प्रखंड प्रमुख

इस संबंध में जब प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि आदिम जनजाति के लोगों के साथ अगर इस तरह काम किया गया है तो यह बिल्कुल गलत है। सरकार इनके मदद के लिए तरह-तरह की योजनाओं को धरातल पर ला रही है फिर भी कुछ लोग इन्हें दिए जाने वाले राशन भी गबन कर रहे हैं। इसकी जांच पड़ताल कर उच्च अधिकारियों से कार्रवाई करने की मांग की जाएगी।

### क्या कहते हैं वर्तमान एमओ

इस संबंध में जब वर्तमान सीओ सह एमओ अजय कश्यप से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि अगर आदिम जनजाति के लोगों के साथ इस तरह का कार्य किया गया है तो बिल्कुल गलत है। इसकी जांच की जाएगी और इन्हें हर तरह से सुविधा उपलब्ध करवाने का कार्य किया जाएगा।

स्पीड न्यूज

## धान अधिप्राप्ति के लिए 19 केन्द्र स्थापित

**बोकारो।** सरकार के सचिवए खाद्यए सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखण्डए सरकार द्वारा निर्गत निदेशों के आलोक में खरीफ विपणन मौसम वर्ष 2022.23 अंतर्गत धान अधिप्राप्ति कार्य का शुभारम्भ सांसद ६ माननीय स्थानीय विधायक या उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति में कराये जाने की जानकारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी गीतांजली कुमारी ने दिया। उन्होंने बताया कि खरीफ विपणन धान अधिप्राप्ति के जिले में . मायापुर पैक्स पेटरवारए गोमिया व्यापार मंडल गोमियाए वारीडारी पैक्स लि० गोमियाए कुंदा पैक्स गोमियाए राधानगर पैक्स चासए सतनपुर पैक्स चासए घटियाली पव पैक्स चासए गायछन्दा पैक्स जरीडीहए अराजू पैक्स जरीडीहए तारानारी पैक्स चन्द्रपुराए पोटसो पैक्स लि० नावाडीहए पैक पैक्स लिमिटेड नावाडीहए चंद्र पैक्स चंदनकियारीए सबड़ा पैक्सए चंदनकियारीए झालबरदा पैक्स चन्दनकियारीए गरी पैक्स कसमारए कसमार पैक्स कसमारए बगदा पैक्सए कसमारए मुरहुलसुदी पैक्सए कसमार केंद्र हैं और साधारण किस्म धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2050६. प्रति क्विंटल व ग्रेड ए धान किस्म का 2070६. प्रति क्विंटल है।

## महिलाओं के बीच सिलाई मशीन का वितरण

**बेरमो।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने बेरमो विधानसभा के ढोरी बस्ती के सीताबर्डी सहित विभिन्न जगहो मे सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच कंबल और सौतारडीह के अनिता देवी के सिलाई केंद्र मे सिलाई मशीन का वितरण किया। राजेश सिंह ने कहा कि बढते ठंड को देखते हुए असहाय और जरुरतमंदो के बीच कंबल का वितरण कर रहा हूँ। जब से ठंडी बढी है तब से अभी तक 3000 लोगो के बीच कंबल का वितरण किया। राजेश सिंह ने कहां की 5000 कंबल वितरण करना है। हेमंत सरकार पर जमकर बरसे कहा कि किसानों को उचित मूल्य धान भी नहीं मिल पा रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे जिसे हम सभी पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। कहा कि महिलाओं का आत्मनिर्भर बनने के लिए जगह.जगह सिलाई मशीन का वितरण कर रहा हूं। मौके पर पूर्व वार्ड पार्षद बिलासी देवी एसरजू सावए अशोक कुमारए रानी देवीए सुनीता देवी उपस्थित थे।

## अम्बे आउटसोर्सिंग कंपनी में अपराधियों का तांडव

**धनबाद।** धनबाद में अपराधियों का मनोबल कम होने का नाम नही ले रहा है। बाघमारा थाना क्षेत्र के बीसीसीएल ब्लॉक दो अंतर्गत बेनीडीह में संचालीत अम्बे आउटसोर्सिंग कम्पनी उत्खनन स्थल में चार से पांच अपराधियों ने बुधवार देर रात तांडव मचाया। उत्खनन स्थल में खड़ी पानी के टैंकर में अपराधियो आग दी।अपराधियों ने फायरिंग की कर दहशत फैलाया। कर्मी इधर उधर जान बचाने के लिये भागने लगे गए। घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी भाग निकला। टैंकर में लगी आग पर कर्मियों ने तत्काल काबू पा लिया। सूचना पाकर बाघमारा पुलिस मौके पर पहुच मामले की जांच की।कर्मियों से पूछताछ कर पुलिस थाने लौट गई।

## किसान सीधे पैक्स में बेचें धानः बबिता कुमारी

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड अंतर्गत अधिप्राप्ति क्रय केंद्र में धान खरीददारी का उद्घाटन मुरहुलसुदी पैक्स में जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी एकसमार पैक्स में कसमार प्रमुख नियोति कुमारी ए गर्री पैक्स में कसमार प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेंब्रमए बगदा पेक्स में विधायक प्रतिनिधि कौशल्या देवी ने फीता काटकर किया। मौके पर जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी ने किसानों से धान अधिप्राप्ति केंद्र का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने ने कहा कि किसान बिचौलियों के चंगुल में न फंसे ताकि उन्हे उनकी फसल की वाजिब सरकारी कीमत मिल सके।

# टासरा प्रोजेक्ट में अवैध कोयला लदे दो हाइवा धराये, पांच पर केस दर्ज, तीन को भेजा जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी।** गौशाला ओपी क्षेत्र के सेल टासरा प्रोजेक्ट में अवैध कोयला खनन व परिवहन रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है। इसी क्रम में बुधवार की देर शाम लगभग साढ़े आठ बजे सेल टासरा प्रोजेक्ट स्थित चेकनाका के पास अवैध कोयला लदे दो हाइवा पकड़ा गया। इसको पुलिस के हवाले करने को लेकर ग्रामीणों व चेकनाका कर्मियों के बीच जमकर हाथापाई और पथराव किया गया। गौशाला ओपी पुलिस दोनों हाइवा में लदे लगभग 37 टन अवैध कोयला सहित दोनों हाइवा को जप्त कर गुरुवार को केस दर्ज किया है। इसमें गिरफ्तार किए गए दो चालकों सहित एक सहचालक व वाहन मालिकों पर केस दर्ज कर तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। सेल टासरा प्रोजेक्ट में अवैध कोयला लदे दो हाइवा वाहन संख्या जे एच 10 ए के 8747 व जे एच 10 ए एच 4994 को चेकनाका कर्मियों ने पकड़ा। सिक्योरिटी गार्ड ने बताया कि कोयला लोड कर निकल रहे दोनों हाइवा चालकों से चालान माँगने पर दोनों चालक चालान नहीं दिखा पाए।



### धनबाद डीएमओ ने किया प्रोजेक्ट का निरीक्षण

धनबाद जिला खनन पदाधिकारी (डीएमओ) मिहिर सलकर ने सेल टासरा प्रोजेक्ट का गुरुवार को सेल प्रबंधक उपेंद्र कुमार के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने सेल प्रबंधन को प्रोजेक्ट में चल रहे खनन प्रक्रिया पर दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खनन प्रोजेक्ट के निरीक्षण के लिए दौरा किया जा रहा है।

### चालक और खलासी को भेजा जेल

गौशाला ओपी प्रभारी ने बताया कि कोयला लदे दो हाइवा संख्या जे एच 10 ए के 8747 व जे एच 10 ए एच 4994 को जप्त किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों हाइवा के चालकों गोविंदपुर थाना क्षेत्र के रातरो गाँव निवासी हरिपद कुंभकार के पुत्र बबलू कुंभकार व बरियो गाँव निवासी मो जमरुद्दीन अंसारी के 40 वर्षीय पुत्र जसीर अंसारी सहित एक सहचालक गोविंदपुर थाना क्षेत्र के रातरो गाँव निवासी भुखल कुंभकार के पुत्र कपूर कुंभकार को गिरफ्तार कर वाहन मालिकों सहित केस संख्या 135/22 दर्ज किया गया है। यह केस गौशाला ओपी पुलिस के सअनि कुनाल बेसरा के लिखित शिकायत पर गुरुवार को धारा 379, 414, 34 भादवि एवं 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम 1957, 9/13 झारखंड खनिज के अवैध खनन एवं भंडारण पर रोक नियम 2017 पर दर्ज कर तीनों गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

## वेदांता इलेक्ट्रो स्टील में हादसे में चार मजदूर झुलसे, एक गंभीर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** जिले के चन्दकियारी प्रखण्ड के सियालजोरी स्थित वेदांता ग्रुप के इलेक्ट्रो स्टील प्लांट के एमआरएसएस के सब स्टेशन में सुबह एक बड़े हादसे में चार मजदूर 26 वर्षीय प्रीतम मांझीए 23 वर्षीय साहिब भुंइयाए 20 वर्षीय पलाश पाल एवं 19 वर्षीय अनिर्बान मैत्री बुरी तरह से झुलस गए। हादसे के बाद अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया तथा सभी घायलों को निकाला। सभी घायलों को बीजीएच में भर्ती कराया गया है जहाँ एक मजदूर की हालत गम्भीर बनी हुई है। एल बी इंजीनियरिंग नामक कम्पनी के मजदूर मेंटेनेंस का काम कर रहे थे जहाँ जोरदार फ़्लैश के साथ धमाका हुआ और तेजी से आग फैल गई। इस घटना पर स्टील प्रबन्धन अभी मौन साधे हुए है। घटना के बाद जिला प्रशासन ने त्वरित कर्यवाई करते हुए घटना की जांच वास्ते जाँच टीम का गठन कर दिया है। चंदनकियारी के पूर्व विधायक उमाकांत रजक ने इस हादसे के लिए स्टील प्लांट की खराब सुरक्षा व्यवस्था के प्रति क्षोभ प्रकट करते हुए प्लांट प्रबंधन के प्रति नाराजगी प्रकट की है।

## कसमारः किशोरी स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** सहयोगिनी संस्था द्वारा कसमार प्रखंड स्थित प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल में किशोरी स्वास्थ पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान चिकित्सा पदाधिकारी डॉ तनवीर फातिमा ने बताया कि किशोरियों में एनीमिया की सबसे ज्यादा शिकायत हैए जिसकी कारण इनका शरीर कमजोर हो जाता है ए तथा शरीर का विकास अवरुद्ध हो जाता है। इससे निजात पाने के लिए आयरन की गोली तथा पौष्टिक आहार का प्रतिदिन सेवन करना चाहिए। कार्यक्रम समन्वयक कुमारी किरण ने बताया कि संस्था द्वारा कसमार प्रखंड के 11 गांवों में विगत 4 वर्षों से बाल विवाह तथा किशोरी नेतृत्व विकास को लेकर सघन रूप से कार्य किया जा रहा है।स्कूल के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र कुमार ने कहा कि इस जागरूकता कार्यक्रम से इनकी समस्याओं का समाधान होगा। सहयोगिनी की सूर्यमुनी देवी ने कहा कि लड़कियो के नेतृत्व विकास कर ही बाल विवाह जैसे कुरीतियों के खिलाफ लड़ा जा सकता है। इस दौरान स्कूल के शिक्षक लक्ष्मन कुमारए वीरेंद्र चौधरीए रीता कुमारीए डॉ विजय कुमार शर्मा ए देवासिष मुखर्जी आदि उपस्थित थे।




## राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग लेने भुवनेश्वर जाएंगे धनबाद के तीन खिलाड़ी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिला बैडमिंटन एसोसिएशन से निबंधित बैडमिंटन अकादमी के 3 खिलाड़ी सुजल रक्षित, वैभविमान, एवं पिहू सिंह ऑल इंडिया सब-जूनियर अंडर-15 ,17 एवं जूनियर 19 के राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग लेंगे । ऑल इंडिया जूनियर अंडर-19 बैडमिंटन चैंपियनशिप 19 से 24 दिसंबर भुवनेश्वर ओड़िशा में होगा तथा ऑल इंडिया सब जूनियर (अंडर- 15 ,17) बैडमिंटन चैंपियनशिप 26 से 30 दिसंबर भुवनेस्वर में होगा। कोच संदीप दे ने बताया कि ये तीनों खिलाड़ियों का चयन झारखंड बैडमिंटन चैंपियनशिप एवं सेलेक्शन ट्रायल में अपने - अपने वर्ग में विजेता तथा उपविजेता के आधार पर किया गया । 11 से 13 नवंबर धनबाद में सुजल रक्षित अंडर 15 बॉयज सिंगल में विजेता , गर्ल्स सिंगल में पिहू सिंह उपविजेता रही तथा 9 से 11 दिसंबर दुमका में होने वाली अंडर 19 गर्ल्स सिंगल में वैभविमान उपविजेता हुई । जिसमे तीनों अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए इसी महीने में होने वाली राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप उड़ीसा में भाग लेंगे । तीनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के लिए धनबाद जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के पेट्रोन इन चीफ बी.एस. पी राय ,सचिव सम्राट चौधरी , दीपक सिंह ,राकेश तिवारी, शांतनु चौधरी, सतीश कुमार, एन .के. सिंह ,राजेश झा,दीपांकर बनर्जी, रियाज खान ,दिनेश मंडल ,परिमल सिंह आदि ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किये।



## कार्यकर्ता सम्मेलन में दर्जनों युवकों ने मासस का दामन थामा

खबर मन्त्र संवाददाता

**केंदुआ।** छाता टॉड अंचल कमिटी के द्वारा गोधर लहरा मंदिर के पास मार्क्सवादी समन्वय समिति के बैनर तले एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन विजय कुमार पासवान के नेतृत्व के किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष नरेस पासवान एवं मंच संचालन दिलीप महतो कर रहे। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि निरसा के पूर्व विधायक सह मासस के कार्यकरणी अध्यक्ष अरूप चटर्जी सम्मेलन में उपस्थित थे। वही सम्मेलन में आये वक्ताओं ने धनबाद जिले के समस्याओं को उठाया कहा कि धनबाद में बिजली प्रदूषण बेरोजगारी की घोर समस्या से लोग त्राहीमाम है मगर इसको देखने वाला कोई नही है। वहीं पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि कोयलांचल में पानी बिजली बेरोजगारी प्रदूषण चरम सीमा पर है इसको लेकर नगर पालिका से लेकर उच्च अधिकारियों से बात करेंगे अगर जरूरत पड़ी तो आंदोलन भी करेंगे वही धनबाद के बिगड़ती विधि व्यवस्था पर चिंता जाहिर किया और कहा कि कोयले की लूट धनबाद जिले में चरम सीमा पर है इस पर जिला प्रशासन रोक लगाएं।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर देवाशीष पासवान, रुस्तम अंसारी, बिंदा पासवान,बंटी अंसारी,सुभाष चटर्जी,सुभाष सिंह,भोला चौहान,अरविंद तिवारी,विश्वजित राम,बुटन सिंह,प्रदीप गुप्ता,भूपेंद्र पासवान,संजय चौबे इत्यादि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जोगता नागरिक समिति ने जरूरतमंदों के बीच बाटा कंबल

**कतरास।** ठंड में जरूरतमंदो के बीच नि स्वार्थ भाव से बाटे कंबल वितरण समारोह को संबोधित करते हुए बियाडा के पूर्व अध्यक्ष सह समाजसेवी विजय कुमार झा ने टाटा सिजुआ 1 नंबर फायर एरिया में जोगता नागरिक समिति द्वारा जरूरतमंद महिलाओं पुरुषो को ठंड से राहत दिलाने के लिए 50 कंबल वितरण समारोह में कहा। श्री झा ने कहा की आज वार्ड 6/7 के 50 जरूरतमंदो को कंबल वितरण किया। प्रत्येक वर्ष की भाती इस वर्ष की तरह इस वर्ष में भी कंबल वितरण हुआ। उन्होंने कहा की मानवता सभी धर्मो से श्रेष्ठ होता है,राजनीति से परे होना चाहिए,इंसानियत को अपने आप में जिंदा रखना है,साथ ही कहा की नगर निगम चुनाव में अच्छे ईमानदार व अपराध अपराधियों से संबंध रखने वालो से दूर रहें। मौके पर विजय कुमार झा,के बी सहाय, जोगता नागरिक समिति के अध्यश्य अनुज सिन्हा उर्फ पलटू, सांसद प्रतिनिधि शंकर चौहान, श्रीधर पांडेय, कुसुम देवी, बेबी देवी, नीलम देवी, राजेंद्र वर्मा मौजूद थे।



## फिट रहने के लिए खेल जरूरीः जीएम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के बोकारो एवं करगली क्षेत्र के करगली आफिसर्स क्लब मे गुरुवार को तीन दिवसीय सीसीएल अंतर क्षेत्रीय शतरंज और कैरम प्रतियोगिता का संपन्न हो गया। अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।जिसमे 10 क्षेत्र के अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रतियोगिता हिस्सा लिया। सीसीएल के बीएंडके जीएम एम के राव ने कहा कि फिट रहने के लिए खेलों से जुड़ कर रहना बहुत जरूरी है। आयोजन में आये सीसीएल कर्मियों का हौसला बढ़ाया तथा फिट रह कर स्वास्थ्य लाभ लेने के साथ सीसीएल के लिए बेहतर करने का संकल्प दिलाया। सीसीएल स्पोर्ट्स मैनेजर आदिल हुसैन ने कहा कि सीसीएल स्तर के प्रतियोगिता के विजेता को कोल इंडिया की शतरंज और कैरम प्रतियोगिता मे अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कहा कि खिलाड़ियों को जो असुविधा हुई है इसके लिए मुझे खेद है। प्रतियोगिता में 71 खिलाड़ियों ने भाग लिया। संचालन प्रेक्षा मिश्रा ने किया। मौके पर सीसीएल वेलफेयर एचओडी रेखा पांडेयए सहित बीएंडके एएफएम जी चौबेए एसओपी राजीव कुमारएनिखिल अखौरीए विश्वास वत्सए यूनियन प्रतिनिधि गजेंद्र प्रसाद सिंहए विजय कुमार सिंहए सुशील सिंह एसंतोष सिन्हाए विनय पाठकए आभास चंद्र गांगुलीए विजय भोई आदि मौजूद थे।



# टीबी मरीजों को मिला पोषण सहायता किट

### टाटा स्टील फाउंडेशन ने प्रदान किया किट

खबर मन्त्र संवाददाता

**बाघमारा।** बाघमारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाघमारा में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टाटा स्टील फाउंडेशन के सौजन्य से बाघमारा प्रखंड में टीबी रोग से ग्रस्त मरीजों के बीच पोषण सहायता कीट वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सावित्री देवी और विशिष्ट अतिथि के रूप में धनबाद जिप चेयरमैन प्रतिनिधि शेखर सिंह शामिल हुए। जहां सीएचसी बाघमारा प्रभारी डॉ. मनीष कुमार ने स्वागत किया इस पोषण सहायता कीट वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सावित्री देवी ने कहा कि पहले टीबी रोग को बहुत गंभीर बीमारी के रूप में जाना जाता था लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पूरे देश में टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरूआत कर इस रोग से देश को मुक्त करने में सफलता भी हासिल किया है। मैं टाटा स्टील फाउंडेशन का आभार व्यक्त करती हूं जो आपने हमारे क्षेत्र बाघमारा के टीबी ग्रस्त मरीजों के पोषण के बारे में सोचा और पोषण सहायता कीट का वितरण करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस पोषण कीट को हाई प्रोटीन और रिच आयरन को ध्यान में रखकर तैयार किया गया जिससे मरीजों को बेहतर पोषण मिल सके और रोग से लड़ने की शक्ति ने वृद्धि हो उपस्थित मरीजों से अपील करते हुए कहा कि आप लोग नियमित दवा ले नियमित पोषक आहार लें और बिमारी से घबराएं नहीं अगर किसी को भी किसी प्रकार की दिक्कत हो हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से मिले आपकी समस्या का अविलंब समाधान किया जाएगा।



### मौके पर थे मौजूद

मौके पर जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि शेखर सिंह, बाघमारा प्रखंड प्रमुख गीता देवी, टाटा स्टील फाउंडेशन के पदाधिकारीगण,जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ सुरेन्द्र कुमार,सीएचसी बाघमारा प्रभारी डॉ मनीष कुमार सहित क्षेत्र के यक्ष्मा रोगी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### बरमसिया में आउटसोर्सिंग का ग्रामीणो ने किया विरोध, पुलिस पहुंची

बाघमारा। गुरुवार को बाघमारा के बरमसिया गांव के ग्रामीण नये खुल रहे संजय उद्योग आउट सोर्सिंग का विरोध कर किया है। कंपनी जेसीबी मशीन से काम चल रहा था। तब लोगो ने विरोध शुरू कर दिया। मामले को लेकर स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी के द्वारा काम तो शुरू कर दिया गया है ना ही रैयतों को मुआवजा मिला है और ना ही नियोजन दिया जा रहा है इसलिए जब तक नियोजन और मुआवजा की बात नहीं होगी तब तक यह काम करने नहीं दिया जाएगा । महिला द्वारा जेसीबी मशीन पर चढ़ कर विरोध किया गया। ग्रामीण जमीन का उचित मुआवजा व नियोजन की मांग कर रहे है।सूचना मिलने पर बरोरा, मधुबन,सोनारडीह, स्थानीय सीआईएसएफ के साथ बरोरा क्षेत्र के जीएम पहुचें ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े हुए है।

### डिनोबिली स्कूल के 9 शाखाओं का होगा वैडिंग वैल कल

**धनबाद।** दिनांक 17.12.22 को डिनोबिली स्कूल की नौ शाखाओं की श्वैडिंग वैलश् धनबाद में आल नोबिलियन एलुमनी एसोसिएशन द ग्लोबल (एएनएए-टीजी) की द्वितीय रीयूनियन होने जा रही है। यूं तो धनबाद व देश-विदेश के अन्य स्थानों पर पूर्ववर्ती छात्रों का मिलन समारोह सामान्य स्तर पर होता रहता है। इस बार मूल नगर धनबाद में इस विशाल समारोह का मुख्य उद्देश्य यत्र तत्र स्थित छात्रों को परिचित कराना है ताकि वे विद्यालय द्वारा प्रदत्त नैतिक सामाजिक मूल्यों का अनुसरण करते हुए पारस्परिक सहयोग से विद्यलयों की मूलभूत आवश्यकताओं, नौकरी या व्यवसाय संबंधी सूचनाओं का आदान-प्रदान, विवाह संबंधी सूचना, स्वास्थ्य संबंधी सहायता, जरूरतमंद छात्रों के लिए वित्तीय सहायता के लिए प्रेरित करना और प्रोत्साहित करना है। इसका जीता जागता उदाहरण हैं- अनुराग दीक्षित जिसने साढे तीन करोड़ रुपयों की भूमि दे कर डिनोबिली स्कूल भूली की स्थापना में सहायता की है।

## पेज एक का शेष

### पूर्ववर्ती सरकार ने...

इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, आलमगीर आलम, विधायक प्रदीप यादव एवं दीपिका पांडे सिंह ने भी स्थानीय लोगों को संबोधित किया। इसके पहले सीएम ने गोड्डा के हरियाली स्थित सिद्धो-कान्हो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके अलावा पोडैयाहाट में बन रहे इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया। वहीं, सीएम ने गोड्डा जिला स्कूल आदिवासी छात्रावास एवं मॉडल स्कूल के पुनर्निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान आला अधिकारी भी साथ थे।

### तीन महीना के ...

इस केस में सोनी कुमारी की ओर से पक्ष रख रहे अधिवक्ता ललित कुमार सिंह कहते हैं कि 2 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को अब तक नियुक्त हुए अभ्यर्थियों के अंतिम कट ऑफ को आधार मानकर इस केस के सभी पेटिशनर की मेधा सूची तैयार कर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा कि इस मामले में शेष बचे पदों पर नियुक्ति कैसे होगी उसपर सुप्रीम कोर्ट ने ऑर्डर देकर सारी बाधा दूर कर दी है।

गौरतलब है कि 2016 की नियोजन नीति के तहत झारखंड के 13 अनुसूचित जिलों के सभी तृतीय व चतुर्थ वर्गीय पदों को उसी जिले के लिए स्थानीय निवासियों के लिए आरक्षित किया गया था। वहीं गैर अनुसूचित जिले में बाहरी अभ्यर्थियों को भी आवेदन करने की छूट दी गई थी। इसी नीति के तहत वर्ष 2016 में अनुसूचित जिलों में 8,423 और गैर अनुसूचित जिलों में 9,149 पदों पर हाई स्कूल शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की गई थी। 13 अनुसूचित जिले के सभी तृतीय और चतुर्थ वर्गीय पदों को उसी जिले के लिए स्थानीय निवासियों के लिए आरक्षित किए जाने के विरोध में झारखंड हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी।

हाई कोर्ट की लार्जर बेंच ने 21 सितंबर 2020 को राज्य सरकार की नियोजन नीति और हाई स्कूल शिक्षक नियुक्ति विज्ञापन को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुनाते हुए नियोजन नीति को असंवैधानिक बताते हुए उसे निरस्त कर दिया था। हाई कोर्ट ने 13 जिलों में नियुक्त शिक्षकों की नियुक्ति को रद्द करते हुए गैर अनुसूचित जिलों की नियुक्ति को बरकरार रखा था। हाई कोर्ट के लार्जर बेंच के फैसले के बाद सुप्रीम कोर्ट में प्रार्थी सत्यजीत कुमार एवं अन्य की ओर से एसएलपी दायर की गई जिसपर सुप्रीम कोर्ट ने 2 अगस्त को इस मामले में फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार और जेएसएससी को प्रकाशित अंतिम मेधा सूची को आधार मानकर राज्यस्तरीय मेरिट लिस्ट जारी कर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने को कहा था।

### हाइकोर्ट ने नक्शा ...

**मामले की अगली सुनवाई 22 दिसंबर को तय की गई है। :** उल्लेखनीय है कि पिछले सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से बताया गया था कि नक्शा स्वीकृति में पैसों के खेल की जांच को लेकर 3 सदस्य वाली कमेटी बनाई गई है। यह 3 सदस्यीय कमेटी एडीशनल सेक्रेटरी अर्बन डेवलपमेंट एंड हाउसिंग डिपार्टमेंट कांत किशोर मिश्रा की अध्यक्षता में बनाई गई है। यह कमेटी जल्द ही विभाग को अपनी रिपोर्ट सौंप देगी। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा था कि क्यों नहीं आरआरडीए और रांची नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच किसी स्वतंत्र जांच एजेंसी जैसे सीबीआई से कराई जाये। अदालत ने राज्य सरकार से एक जनवरी 2022 से लेकर 30 नवंबर 2022 तक नये बिल्डिंग से संबंधित वैसे नक्शा आवेदनों के बारे में जानकारी मांगी थी। जिसे किसी आपत्ति के आधार पर आरआरडीए या नगर निगम ने वापस कर दिया गया है। लंबित स्वीकृत पद पर नियुक्ति के लिए एक स्वतंत्र इकाई बनाने का भी कोर्ट ने सुझाव देते हुए पूछा था कि इसमें क्या किया जा सकता है। साथ ही नक्शा से सबंधित किसी भी प्रकार के शिकायतों की सुनवाई के लिए भी एक समिति बनाने की बात कही थी। कोर्ट ने रांची नगर निगम से नक्शा स्वीकृति पर अगले आदेश तक के लिए रोक लगा दी थी।

मालूम हो कि इससे संबंधित खबर रांची के स्थानीय समाचार पत्र में छपी थी, जिसपर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। कोर्ट ने इस मामले को एलपीए 132-2012 के साथ टैग करने का निर्देश दिया था।

### शिक्षा मंत्री को...


**क्या है धमकी भरे पत्र में :** मंत्री के रांची स्थित आवास पर पत्र भेजने वाले व्यक्ति ने जगरनाथ महतो को इंटर और डिग्री कॉलेजों के फारवर्ड शिक्षकों के मानदेय बढ़ाने को कहा गया है। साथ ही इंटर और डिग्री कॉलेजों का अनुदान बढ़ाने एवं 1932 के खतियान संबंधी बात नहीं करने की धमकी दी है। पत्र में कहा गया है कि यूपी, बिहार, एमपी के लोग कॉलेजों में काम करते हैं। हम सभी शिक्षक हैं, जो फारवर्ड जाति से आते हैं। पत्र में राज्य के विभिन्न कालेजों के नाम दिये गये हैं, जिनमें इस ग्रुप के शिक्षक हैं। इनमें सीएनए कॉलेज रामगढ़, आरवीएस कॉलेज चास, बोकारो महिला कॉलेज सहित अन्य नाम शामिल हैं। पत्र में लिखा है- राजपूत, ब्राशण, भूमिहार और कायस्थ जाति को बढ़ावा दो। जगरनाथ महतो को जान से मारो। हस्तलिखित पत्र में प्रेषक की जगह शिक्षक फारवर्ड ग्रुप एसोसिएशन लिखा है।

### नीतीश बोले-जो...

वहीं केंद्रीय मंत्री गिरीराज सिंह ने कहा है कि ये बिहार का दुर्भाग्य है। बिहार में जब से शराब नीति चली है तब से कई हजार लोग मर गये। मगर मुख्यमंत्री की संवेदना नहीं जगती। सुशील मोदी ने कहा है कि शराबबंदी लागू होने के बाद 6 साल में 1000 से ज्यादा लोगों की जहरीली शराब से मौत हुई है। वहीं उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि जहरीली शराब से बिहार से ज्यादा गुजरात में मौतें हुई हैं। गलत करोगे तो गलत होगा।

स्पीड न्यूज

## नीरव मोदी की याचिका खारिज, भारत लाने का रास्ता साफ



**लंदन।** भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को भारत प्रत्यर्पित किए जाने के फैसले खिलाफ ब्रिटेन के सर्वोच्च न्यायालय से करारा झटका लगा है। नीरव मोदी ब्रिटेन की हाई कोर्ट ने उसकी अपील खारिज कर दी है। भगोड़े कारोबारी की याचिका खारिज करते हुए लंदन में हाई कोर्ट ने नीरव मोदी को ब्रिटेन की सुप्रीम कोर्ट में अपने प्रत्यर्पण के आदेश के खिलाफ अपील दायर करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। लंदन में रॉयल कोर्ट ऑफ जस्टिस में गुरुवार को लॉर्ड जस्टिस जेरेमी स्टुअर्ट-स्मिथ और जस्टिस रॉबर्ट जे ने फैसला सुनाया कि 'अपीलकर्ता (नीरव मोदी) के सुप्रीम कोर्ट में अपील करने की अनुमति के आवेदन को अस्वीकार कर दिया गया है'। बीते माह नौ नवंबर को लंदन में हाईकोर्ट ने नीरव मोदी को भारत को प्रत्यर्पित करने का फैसला सुनाया था।

## पठान फिल्म लगे तो थिएटर फूंक दो : महंत राजू

**अयोध्या।** शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण स्टारर मूवी पठान का अयोध्या का संत समाज भी विरोध कर रहा है। हनुमानगढ़ी के महंत राजूदास ने कहा कि जिस थिएटर में यह फिल्म लगे उसे फूंक दो। दुष्टों के साथ दुष्टता का आचरण ही करना चाहिए। दरअसल, इस फिल्म के गाने 'बेशरम रंग...' में दीपिका भगवा रंग की बिकिनी पहने हुए हैं। इसमें शाहरुख और दीपिका ने बोल्ड सीन दिए हैं। दीपिका के भगवा रंग की बोल्ड ड्रेस पहनने पर ही विवाद हो रहा है।

## सेंसेक्स 878 अंक टूटा निफ्टी 18500 के नीचे

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में जारी तेजी पर गुरुवार को ब्रेक लग गया। गुरुवार को सेंसेक्स 878 अंक फिसल कर 61799 पर और निफ्टी 245 अंक टूटकर 18414 पर बंद हुआ।

## विजय दिवस समारोह में शामिल हुए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान पर 1971 की लड़ाई में जीत के उपलक्ष्य में सेना ने गुरुवार को विजय दिवस मनाया जिसमें तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया।

### तवांग विवाद के बीच वायु सेना का दो दिवसीय अभ्यास शुरू

# एलएसी पर गरजे राफेल-सुखोई

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग में पिछले सप्ताह के सैन्य गतिरोध के बाद भारत-चीन सीमा पर भारतीय वायु सेना ने गुरुवार को दो दिवसीय अभ्यास की शुरूआत की।

इस दौरान राफेल लड़ाकू जेट ने अपनी पूरी क्षमता के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र को कवर करते हुए एक बड़ा अभ्यास किया। इस मामले पर जानकारी रखने वाले विशेषज्ञों ने कहा कि भारतीय वायु सेना द्वारा किए जा रहे इस दो दिवसीय अभ्यास के दौरान इस क्षेत्र में तैनात अग्रिम पंक्ति के करीब सभी लड़ाकू विमानों को शामिल किया गया है।

**कई विमानों ने लिया हिस्सा**

भारतीय सेना के इस मेगा अभ्यास में राफेल जेट के दूसरे स्क्वाड्रन और सुखोई-30 सहित अन्य विमानों ने हिस्सा लिया।

**अभ्यास का तवांग घटनाक्रम से कुछ लेना देना नहीं: वायु सेना**

वायु सेना के प्रवक्ता विंग कमांडर आशीष मोघे ने गुरूवार को कहा कि वायु सेना की पूर्वी कमान गुरुवार और शुक्रवार को अपने क्षेत्र में एक पूर्व नियोजित नियमित अभ्यास करेगी। यह अभ्यास तवांग में हाल के घटनाक्रमों से काफी पहले से निर्धारित है और यह तवांग की घटनाओं से जुड़ा नहीं है। उन्होंने कहा कि यह अभ्यास वायुसेना के पायलटों प्रशिक्षण के लिए आयोजित किया जा रहा है। मालूम हो कि हाल ही में तवांग सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारतीय सेना और चीनी सैनिकों के बीच आपस में झड़प हो गई, जिसमें दोनों पक्षों के सैनिकों को मामूली चोटें आईं।

## फ्रांस से अंतिम राफेल पहुंचा भारत



भारतीय वायु सेना ने अपने एक ट्वीट में कहा कि 36 राफेल जेट विमानों में से अंतिम विमान को वायु सेना में शामिल कर लिया गया है। आइएएफ ने पिछले साल जुलाई में हासीमारा में पूर्वी वायु कमान के अपने 101 स्क्वाड्रन में राफेल विमान को शामिल किया था। मालूम हो कि करीब 18 जेट्स वाला पहला राफेल स्क्वाड्रन अंबाला एयरबेस पर तैनात है। आइएएफ ने एक ट्वीट में कहा कि 36 राफेल विमानों में से अंतिम राफेल भारत पहुंचने के लिए फ्रांस से उड़ान भरने के बाद यूएइ वायु सेना के टैंकर विमान से ईंधन भरने के बाद भारत में उतर गया है। सूत्रों ने बताया कि फ्रांसीसी निर्मित जेट दूसरे राफेल स्क्वाड्रन में शामिल हो गया, जिसने इसकी ताकत को 18 विमानों तक बढ़ा दिया।

**सीमा पर जवानों की संख्या में बढ़ोतरी, ड्रैगन पर करीब से नजर**

भारत और चीन के बीच 9 दिसंबर को तवांग में हुई हिंसक झड़प के बाद भारतीय सेना पूरी तरह से अलर्ट है। चीन बॉर्डर पर किसी भी तरह की हिमाकत नहीं कर सके, इसके लिए कदम उठाये जा रहे हैं। इस बीच, एलएसी पर बुमला पास पर अतिरिक्त भारतीय जवानों की तैनाती की गई है। तवांग में जिस जगह भारत और चीन की सेनाओं के बीच टकराव हुआ था, वहां से बुमला की दूरी तकरीबन 35 किलोमीटर है। रिपोर्ट के अनुसार, सेना के बड़ी संख्या में जवानों की तैनाती कर दी गई है। उनके पास निगरानी उपकरण और कई तरह के रडार भी उपलब्ध हैं, जिसकी मदद से वे बॉर्डर के दूसरी ओर होने वाली हर गतिविधियों से अवगत रह रहे हैं।

**तवांग में सामान छोड़कर भागे थे चीनी सैनिक**

अरुणाचल के तवांग में झड़प के बाद चीनी सैनिकों भागे तो वे अपना कई सामान छोड़ गए। भारतीय सैनिकों ने झड़प वाली जगह से स्लीपिंग बैग और अन्य उपकरण बरामद किए। इसकी फोटो भी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जो स्लीपिंग बैग मिले हैं, वे ठंडे तापमान में खुले इलाकों में रहने में मदद करते हैं। तवांग के यांग्त्से में 9 दिसंबर को 600 चीनी सैनिकों ने जैसे ही टेम्परेरी वॉल पर लगी तारबंदी को तोड़कर भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश की, मुस्तैद भारतीय सैनिकों ने मुंहतोड़ जवाब दिया और उन्हें खदेड़ दिया था।

**तवांग के करीब चीन ने तैनात किये फाइटर जेट्स**

अरुणाचल के तवांग में 9 दिसंबर को भारत-चीन सैनिकों की झड़प हुई थी। इसके बाद चीन ने तवांग से 155 किमी दूर शिगात्से पीस एयरपोर्ट पर 10 एयरक्राफ्ट तैनात किए हैं। एलएसी के करीब मौजूद इस सिविलियन एयरपोर्ट पर चीनी मिलिट्री एक्टिविटीज देखी गईं। इससे जुड़े सैटेलाइट इमेज भी सामने आए हैं।

## परमाणु क्षमता से लैस अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण




अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई झड़प के बाद बढ़े तनाव के बीच भारत ने गुरुवार को जमीन से जमीन पर मार करने की क्षमता वाली परमाणु संपन्न बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का रात्रि परीक्षण सफलतापूर्वक किया। रक्षा सूत्रों ने इस परीक्षण के बारे में जानकारी दी। इस मिसाइल में तीन स्टेज में संचालित होने वाला सॉलिड फ्यूल इंजन लगाया गया है। अग्नि-5 पांच हजार किलोमीटर तक सटीक मार करने की क्षमता रखती है। ओडिशा के बालासोर तट स्थित अब्दुल कलाम परीक्षण केंद्र पर यह परीक्षण किया गया। **नये उपकरणों और तकनीक से है लैस :** रक्षा सूत्रों ने यह भी बताया कि मिसाइल पर लगाई गई नई तकनीकों और उपकरणों के परीक्षण के लिए इसकी टेस्टिंग की गई थी। यह मिसाइल अब पहले से हल्की हो गई है। इतना ही नहीं, जरूरत पड़ने पर अग्नि-5 मिसाइल की रेंज बढ़ाने की क्षमता भी विकसित की गई है।

## मुख्तार अंसारी को दस साल की सजा

**गाजीपुर।** बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी और उसके सहयोगी भीम सिंह गैंगस्टर मामले में दोषी पाए गए। एमपी-एमएलए कोर्ट (गाजीपुर) ने दोनों को 10-10 साल की सजा और पांच-पांच लाख रुपए जुमार्ना लगाया है। 1996 में दर्ज गैंगस्टर मामले में 26 साल बाद कोर्ट ने गुरुवार को आरोपियों को दोषी करार दिया। इसके बाद सजा की घोषणा हुई। इस मामले में एमपी-एमएलए एडीजे कोर्ट चतुर्थ में 12 दिसंबर को गवाही पूरी हुई थी। जिरह और बहस पूरी होने के बाद फैसले के लिए गुरुवार की तिथि तय थी। फैसले को लेकर कोर्ट परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## लोकसेवकों को भ्रष्टाचार का दोषी ठहराने के लिए प्रत्यक्ष साक्ष्य अनिवार्य नहीं

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि रिश्वत मांगे जाने का सीधा सबूत न होने या शिकायतकर्ता की मृत्यु हो जाने के बावजूद भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत दोष साबित हो सकता है। 5 जजों की संविधान पीठ ने माना है कि जांच एजेंसी की तरफ से जुटाए गए दूसरे सबूत भी मुकदमे को साबित कर सकते हैं।

**अभियोजन पक्ष को भी ईमानदार प्रयास करना चाहिए**

न्यायमूर्ति एस ए नजीर की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि शिकायतकताओं के साथ-साथ अभियोजन पक्ष को भी ईमानदार प्रयास करना चाहिए ताकि भ्रष्ट लोक सेवकों को सजा दी जा सके और उन्हें दोषी ठहराया जा



सके ताकि प्रशासन और शासन भ्रष्टाचार से मुक्त हो सके। पीठ में जस्टिस बी आर गवई, ए एस बोपन्ना, वी रामासुब्रमण्यन और बी वी नागरथना भी शामिल थे। कोर्ट ने कहा कि भले ही मृत्यु या अन्य कारणों से शिकायतकर्ता का प्रत्यक्ष साक्ष्य उपलब्ध न हो, संबंधित प्रावधानों के तहत लोक सेवक को दोषी ठहराया जा सकता है।

## खुलासा : श्रद्धा की ही थीं जंगल से मिलीं हड्डियां

**नयी दिल्ली।** श्रद्धा वालकर हत्याकांड में अब तक का सबसे बड़ा खुलासा हुआ है। श्रद्धा के पिता के डीएनए सैंपल का बरामद हड्डियों से मिलान हो गया है। सीएफएसएल रिपोर्ट से इसका खुलासा हुआ है। महरौली और गुरुग्राम के जंगल से मिलीं हड्डियां श्रद्धा की ही थी। आरोपी आफताब की निशानदेही पर महरौली और गुरुग्राम के जंगलों से दिल्ली पुलिस ने यह हड्डियां बरामद की थीं। इसके बाद सैंपलों को सीएफएसएल लैब भेजा गया था। हालांकि पुलिस ने 26 नवंबर को ही खुलासा हुआ था कि जंगल में मिली हड्डियां श्रद्धा की ही हैं। श्रद्धा के पिता के ब्लड सैंपल के डीएनए से टाइल्स पर मिले खून और हड्डियों के नमूने का मिलान हो गया था।

## लादेन की खातिरदारी करने वाले उपदेश न दें : जयशंकर

### पाकिस्तान ने यूएन में उठाया कश्मीर मसला

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** यूनाइटेड नेशंस में पाकिस्तान की कश्मीर पर टिप्पणी के बाद भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उसी मंच पर जवाब दिया है। जयशंकर ने कहा कि जो देश ओसामा बिन लादेन की मेहमाननवाजी कर रहा था, जिसने अपने पड़ोसी की संसद पर हमला किया...वो वठ जैसे शक्तिशाली मंच पर उपदेश देने के काबिल नहीं है। जयशंकर यूएन पहुंचे, जहां सिक्योरिटी काउंसिल में भारत की अध्यक्षता में काउंटर टेररिज्म और रिफॉर्म्ड मल्टीलेटरिज्म पर दो अहम इवेंट हो रहे हैं। मल्टीलेटरिज्म पर चर्चा की अध्यक्षता यूएन में भारत की स्थायी सदस्य रुचिरा कंबोज



कर रही थीं। इसी दौरान पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने कश्मीर मुद्दा उठाया था। जयशंकर ने चीन और पाकिस्तान, दोनों पर निशाना साधा। उन्होने कहा, 'स्वाभाविक तौर पर हम आज मल्टीलेटरलिज्म में सुधारों पर फोकस कर रहे हैं। हमारा अपना-अपना नजरिया हो सकता है, लेकिन एक आम राय बन रही है, कम से कम इसमें हमें ज्यादा देर नहीं करनी चाहिए। दुनिया टेररिज्म के खिलाफ संघर्ष कर रही है और ऐसे दौर में कुछ लोग आतंकी हमलों को अंजाम देनेवालों, साजिश रचने वालों को सही ठहरा रहे हैं। उन्हें बचाने के लिए अंतरराष्ट्रीय मंचों का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं।'

# संसद में उठा बिहार जहरीली शराब का मुद्दा

### भाजपा सांसदों ने की केंद्र से बिहार सरकार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बिहार में जहरीली शराब से हुई मौतों का मुद्दा संसद में भी उठा। इस दौरान भाजपा के लोकसभा सदस्यों ने गुरुवार को राज्य में जहरीली शराब से हुई मौतों को 'सामूहिक हत्या' करा दिया। इस मामले में सदस्यों ने केंद्र से इस घटना के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का भी आग्रह किया।

**संजय जयसवाल ने उठाया मुद्दा**

भाजपा के पश्चिम चंपारण से सांसद संजय जयसवाल ने बिहार में जहरीली शराब से हुई मौतों का मामला लोकसभा में शून्यकाल के



दौरान उठाया। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि बिहार में शराबबंदी होने के बावजूद भी पुलिस अधिकारियों के संरक्षण में नकली शराब का कारोबार तेजी से फल-फूल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएम ने इस मामले में किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। सांसद ने कहा कि मैं केंद्र सरकार से आग्रह करता हूं कि बिहार में मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति का संज्ञान ले और जहरीली शराब से राज्य में 37 लोगों की हत्या के लिए जिम्मेदार बिहार की महागठबंधन के खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई करें। उन्होंने आरोप लगया कि बिहार में शराब से 37 लोगों की मौत हुई है। यह बिहार सरकार द्वारा 37 लोगों की हत्या का प्रायोजित कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि राज्य में शराबबंदी के बावजूद भी पुलिस की मदद और सुरक्षा से हर घर में नकली शराब की आपूर्ति की जा रही है।

**औरंगाबाद सांसद ने बिहार सरकार को ठहराया जिम्मेदार**

भाजपा के औरंगाबाद से सांसद सुशील कुमार सिंह ने जहरीली शराब से हुई मौतों को सामूहिक हत्या करार देते हुए इसके लिए बिहार सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि सरकार से अब कोई उम्मीद नहीं है।

## मोहाली से आइएसआइ का एजेंट गिरफ्तार

**मोहाली।** पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए भारत में जासूसी करने के आरोप में स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल ने एक जासूस तपिंदर सिंह को गिरफ्तार किया। एआईजी ने बताया कि सूचना के आधार पर बुधवार रात टीम ने उसे फेज-1 से गिरफ्तार करके गुरुवार को अदालत में पेश किया। जहां से उसे चार दिन के रिमांड पर भेज दिया गया। वह चंडीगढ़ के सेक्टर-40डी का रहने वाला है। कोर्ट में सुनवाई के दौरान एसएसओसी ने कहा कि इसके तार पाक से संचालित कई आतंकी संगठनों से जुड़े हैं। वह भारत और पंजाब के प्रमुख प्रतिष्ठानों, ठिकानों, संवेदनशील सरकारी इमारतों के नक्शे और तस्वीरें आईएसआई को भेजा करता था।

## लंब में कियारा आडवाणी के साथ काम करेंगे मोहित रैना

टीवी के जानेमाने अभिनेता मोहित रैना फिल्म लंब में अभिनेत्री कियारा आडवाणी के साथ काम करते नजर आयेंगे। कियारा जल्द ही निर्देशक विजय लालवानी की फिल्म में नजर आएंगी। यह एक थ्रिलर फिल्म है, जिसका टाइटल लंब है। इस फिल्म में कियारा के अपोजिट टीवी सीरियल 'देवों के देव महादेव' फेम मोहित रैना को कास्ट किया गया है। इस थ्रिलर ड्रामा में की कहानी कियारा के कैरेक्टर के इर्द-गिर्द होगी, लेकिन मोहित भी फिल्म में स्ट्रांग कैरेक्टर निभाते नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग अगले साल अप्रैल से शुरू होगी।






# क्या फ्रांस को हराकर विश्व कप जीतेंगे मेसी !

**दोहा।** कतर में फुटबॉल विश्व कप अपने आखिरी चरण में पहुंच गया है। गत चैंपियन फ्रांस और दो बार की विजेता अर्जेंटीना की टीम फाइनल में पहुंच गई है। दोनों के बीच खिताबी मुकाबला रविवार (18 दिसंबर) को लुसैल स्टेडियम में खेला जाएगा। अर्जेंटीना ने पहले सेमीफाइनल में क्रोएशिया को 3-0 और फ्रांस ने दूसरे सेमीफाइनल में मोरक्को को 2-0 से हराया। अब दोनों टीमें पहली बार फाइनल में आमने-सामने होंगी। अर्जेंटीना की टीम जब रविवार को खिताबी मुकाबले में उतरेगी तो उसकी नजर फ्रांस से हिसाब चुकता करने पर भी होगी। पिछले विश्व कप (2018) में फ्रांस ने प्री-क्वार्टर फाइनल में लियोनल मेसी की टीम 4-3 हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था। अर्जेंटीना की नजर तीसरी बार चैंपियन बनने पर है। उसने 1978 और में खिताब अपने नाम किया था। वहीं, फ्रांस 1998 और 2018 में चैंपियन बना था।

**स्पेन की तरह कमाल कर सकता है अर्जेंटीना**

लियोनल मेसी की अर्जेंटीना इस विश्व कप में सऊदी अरब के खिलाफ पहला मैच हार गई थी। फिर उसने वापसी की और फाइनल में जगह बनाई। 2010 में स्पेन के साथ भी ऐसा हुआ था। उसे अपने पहले मुकाबले में स्विट्जरलैंड के खिलाफ 0-1 से हार मिली थी। फिर स्पेन ने वापसी की और खिताब पर कब्जा कर लिया। पहला पहला मैच हारने के बाद चैंपियन बनने वाली पहली टीम बनी थी। अब अर्जेंटीना के पास स्पेन जैसी उपलब्धि हासिल करने का मौका है।

**मोरक्को, कनाडा और बेल्जियम का संयोग:** इस बार मोरक्को की टीम अपने ग्रुप-एफ में पहले, बेल्जियम तीसरे और कनाडा चौथे स्थान पर रही। ऐसा 1986 में भी हुआ था। तब मोरक्को ग्रुप-एफ में पहले, बेल्जियम ग्रुप-बी में तीसरे और कनाडा ग्रुप-सी में चौथे स्थान पर रही थी। 1986 में अर्जेंटीना चैंपियन बनी थी। अब देखना है कि इस बार अर्जेंटीना को इस संयोग का लाभ मिलता है या नहीं।

**पेनल्टी से जुड़ा यह अहम संयोग**

अर्जेंटीना के कप्तान मेसी ग्रुप दौर के तीसरे मैच में पोलैंड के खिलाफ पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए थे। इससे पहले 1978 और 1986 में जब अर्जेंटीना की टीम चैंपियन बनी थी तो तीसरे मैच में ही उसके खिलाड़ी पेनल्टी पर गोल नहीं कर पाए थे। 1978 में हंगरी के खिलाफ तीसरे मैच में अर्जेंटीना के मारियो केम्पेस पेनल्टी पर गोल नहीं कर पाए थे। फिर 1986 में डिएगो माराडोना ग्रुप दौर के तीसरे मैच में बुल्गारिया के खिलाफ पेनल्टी चूक गए थे। अब देखना है कि इस बार अर्जेंटीना की टीम तीसरे मैच में पेनल्टी चूकने के बाद चैंपियन बनती है या नहीं।



**पेरिस सेंट जर्मेन से जुड़ा यह खास कनेक्शन**

मेसी अभी क्लब स्तर पर फ्रांस के पेरिस सेंट जर्मेन की टीम के सदस्य है। वह 2021 में टीम के साथ जुड़े थे। 2002 में चैंपियन बनने वाली ब्राजील के स्टार खिलाड़ी रोनाल्डिन्हो भी पेरिस सेंट जर्मेन और 2018 में खिताब जीतने वाली फ्रांस के स्टार फुटबॉलर किलियन एम्बाप्पे भी पेरिस सेंट जर्मेन के खिलाड़ी थे। दोनों के साथ एक खास बात यह थी कि क्लब के साथ करार करने के अगले सीजन में ही वह विश्व चैंपियन बन गए।

## चटगांव टेस्ट दूसरा दिन : विशाल बढ़त बनाने के करीब भारत, बांग्लादेश के 8 विकेट गिरे



**चटगांव।** निचले क्रम के बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज ने मिलकर सात विकेट चटकाए जिससे भारत ने गुरुवार को पहले टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में बांग्लादेश का स्कोर आठ विकेट पर 133 रन करके अपना पलड़ा भारी रखा। कुलदीप यादव (33 रन पर चार विकेट) और सिराज (14 रन पर तीन विकेट) ने बांग्लादेश का स्कोर आठ विकेट पर 102 रन कर दिया था जिसके बाद मेहदी हसन मिराज (नाबाद 16) और इबादत हुसैन (नाबाद 13) ने दूसरे ही दिन बांग्लादेश की पारी को सिमटने से बचाया। बांग्लादेश की टीम अब भी भारत के पहली पारी के 404 रन के स्कोर से 271 रन पीछे है और उसे फॉलोऑन टालने के लिए 72 रन की और दरकार है। इससे पहले रविचंद्रन अश्विन (58) और कुलदीप (40) के बीच आठवें विकेट की 87 रन की साझेदारी से भारत 400 रन से ऊपर का स्कोर खड़ा करने में सफल रहा। कुलदीप ने टेस्ट करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। चेतेश्वर पुजारा (90) भारत की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे जबकि श्रेयस अय्यर ने भी 86 रन की पारी खेली।

**V.P.M. GYAN NIKETAN SCHOOL**
Sr. Secondary (10+2) Affiliated to C.B.S.E. Delhi, Affiliation No. 3430175
BAIRIA, DALTONGANJ, PALAMU, JHARKHAND - 822102

**REQUIRED PRINCIPAL**

Post Graduation with M.Ed./B.Ed. having excellent communication skills in English & minimum 10 years teaching experience out of which minimum 5 years as Principal position in Senior Secondary CBSE School with clear vision and strategies to develop and maintain high curriculum standards preferred.
Salary will be negotiable.

Interested Candidates should mail their resume with an application within 10 days at :
vpmgns66373@gmail.com
Contact - 6205574800

VERMA PRESS
**वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची**

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 80 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 |
| English Grammar- II | ₹ 100 | English Grammar- II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 60 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !